RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 110
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 23 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



भारत जटिल मुद्दों पर रुख अपनाने से पीछे नहीं हटता

राष्ट्रीय-11

# आप की शैली बनीं दिल्ली की महापौर

## ● चौथे प्रयास में संपन्न हुई निगम की बैठक, ओबेरॉय ने रेखा गुप्ता को 34 मतों से हराया

**संजय राय।** नई दिल्ली

**आम आदमी पार्टी** की शैली ओबेरॉय दिल्ली महापौर बन गई हैं। उपमहापौर की दौड़ में भी सत्ताधारी के आले इकबाल मोहम्मद ने बाजी मारी है। हालांकि स्थायी समिति के सदस्यों के लिए होने वाले मतदान को लेकर देर रात तक हंगामा चला। दिल्ली नगर निगम चुनाव का परिणाम आने के करीब दो महीने बाद चौथे प्रयास में निगम सदन की बैठक और चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई। इससे पहले की तीन कोशिशें भाजपा और आम आदमी पार्टी के पार्षदों के हंगामे की भेंट गई थीं। ऐसे में बुधवार को हुए मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव में मिली जीत से गदगद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ओबेरॉय और आले इकबाल को दिल्ली वालों की तरफ से बधाई दी। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता जीत गई और गुंडे हार गए। शैली का कार्यकाल 38 दिन का होगा।

दिल्ली का महापौर चुनने के तीन असफल प्रयासों के बाद बुधवार को हुई नगर निगम सदन की चौथी बैठक शैली ओबेरॉय ने भाजपा की रेखा गुप्ता को 34 मतों के अंतर से हरा दिया। इस चुनाव में कुल 266 सदस्यों ने मतदान किया। इसमें आप उम्मीदवार शैली के पक्ष में कुल 150 मत पड़े। वहीं भाजपा उम्मीदवार रेखा गुप्ता को 116 वोट मिले। हालांकि यहां गौर करने वाली बात यह है कि दिल्ली की सत्ताधारी पार्टी के 134 पार्षदों ने जीत दर्ज की थी, जबकि एक निर्दलीय पार्षद का भी उसे समर्थन हासिल था। इसके अलावा उसके पास 3 राज्यसभा सांसद और 13 मनोमित विधायकों का भी वोट हासिल था। इस तरह आप के पास कुल 151 वोट थे, लेकिन उसे कुल 150 वोट ही मिले।

वहीं इस मेयर चुनाव में भाजपा को तीन वोट ज्यादा मिले हैं। दरअसल भाजपा के पास 104 पार्षद, 7 लोकसभा सांसदों और एक मनोनीत विधायक और एक निर्दलीय पार्षद के समर्थन को मिलाकर कुल संख्या 113 थी, जबकि पार्टी की मेयर उम्मीदवार रेखा गुप्ता को 116 वोट मिले हैं।

दूसरी तरफ कांग्रेस ने इस चुनाव में मेयर चुनाव का बहिष्कार किया था, लेकिन पार्टी के 9 निर्वाचित पार्षदों में से एक शीतल चौधरी ने वोटिंग में हिस्सा लिया। ऐसे में माना जा रहा है कि उनका वोट भाजपा के ही खाते में गया होगा। हालांकि इस क्रॉस वोटिंस से आप उम्मीदवार शैली ओबेरॉय को ज्यादा फर्क नहीं पड़ा और उन्होंने आसानी से मेयर का पद अपने नाम कर लिया। मेयर चुनी जाने के बाद शैली ओबरॉय ने मीडिया से बातचीत में सीएम अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के साथ ही सभी पार्षदों का भी शुक्रिया अदा किया। इसके साथ उन्होंने कहा बृहस्पतिवार से ही काम शुरू कर देंगी। सबसे पहले कूड़े पहाड़ को खत्म करने पर काम शुरू करेंगे।

इससे पहले निगम सदन की बैठक निर्धारित समय से आधे घंटे की देरी से पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे शुरू हुई। अस्थाई पीठासीन अधिकारी सत्या शर्मा ने कहा, वह सभी से सदन में व्यवस्था बनाए रखने की अपील करती है। इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि मतदान क्षेत्र में कलम और मोबाइल फोन प्रतिबंधित हैं। भाजपा सांसद मीनाक्षी लेखी और हंस राज हंस सबसे पहले मतदान करने वालों में शामिल रहे। इनके अलावा भाजपा सांसदों प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, हर्षवर्धन, गौतम गंभीर, रमेश बिधूड़ी और मनोज तिवारी ने मतदान किया। वहीं आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्या संजय सिंह, एनडी गुप्ता और सुशील कुमार गुप्ता ने भी मतदान किया। आप विधायकों दुर्गेश पाठक एवं आतिशी ने भी अपना वोट डाला। भाजपा पार्षद और पार्टी की महापौर पद की उम्मीदवार रेखा गुप्ता, आप की उम्मीदवार शैली ओबेरॉय एवं उप महापौर पद के उम्मीदवार आले मोहम्मद इकबाल, उत्तरी दिल्ली के पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह, सदन में आप के नेता मुकेश गोयल और कई अन्य पार्षदों ने भी वोट डाला है।



जीत के बाद विजयी मुद्रा में आम आदमी पार्टी की नव निर्वाचित मेयर शैली ओबेरॉय

# उद्धव ठाकरे गुट को झटका

## ● शिवसेना चुनाव चिन्ह मामले में निर्वाचन आयोग के फैसले पर रोक से किया इनकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने एकनाथ शिंदे नीत गुट को वास्तविक शिवसेना मानने वाले निर्वाचन आयोग के आदेश पर रोक लगाने से बुधवार को इनकार कर दिया और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले समूह को नोटिस जारी किया। उद्धव ठाकरे खेमे ने निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने ठाकरे की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलीलों पर गौर किया और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे के नेतृत्व वाले धड़े से जवाब मांगा। शिंदे खेमे के वकील ने पीठ से कहा कि वह इस बीच ठाकरे गुट के विधायकों को अयोग्य घोषित करने के लिए कोई व्हिप जारी नहीं करेगा या प्रक्रिया शुरू नहीं करेगा। पीठ ने कहा, ठीक है, नोटिस जारी किया जाता है। जवाबी हलफनामा दो सप्ताह के भीतर दाखिल करें। पीठ ने नोटिस जारी किया लेकिन शिंदे खेमे को असली शिवसेना मानने वाले निर्वाचन आयोग के फैसले पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि यह दूसरे पक्ष को सुने बिना नहीं किया जा सकता है। शीर्ष अदालत मंगलवार को निर्वाचन आयोग के फैसले के खिलाफ ठाकरे खेमे की याचिका पर सुनवाई के ( शेष पेज 8 )



## ठाकरे धड़े के सुझाव को खारिज किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके खेमे के विधायकों के खिलाफ लंबित अयोग्यता की कार्यवाही तय करने के शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट के सुझाव को बुधवार को खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह विधानसभा अध्यक्ष की भूमिका नहीं निभा सकती क्योंकि ऐसा करने के गंभीर परिणाम होंगे। ठाकरे खेमा ने मंगलवार को जोर दिया था कि अदालत अयोग्यता की कार्यवाही का फैसला करे क्योंकि संविधान की लोकतांत्रिक भावना को बनाए रखने का यही एकमात्र तरीका है। शीर्ष अदालत ने बुधवार को कहा, सही या गलत, यह वह प्रणाली है जिसे अपनाया गया। क्या कोई अदालत इस प्रणाली को भंग करने की कोशिश कर सकती है? क्या अदालत को उस क्षेत्र में प्रवेश करना चाहिए? यह एक ऐसा क्षेत्र है जो हमें चिंतित कर रहा है। जून 2022 के महाराष्ट्र राजनीतिक संकट से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने उद्धव ठाकरे नीत गुट की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से कहा कि यह विधानसभा अध्यक्ष को ही तय करना है कि शिंदे खेमे की बगावत से अयोग्यता कानून के प्रावधान लागू होते हैं या नहीं। पीठ ने कहा, आप कह रहे हैं कि जो कुछ भी करना है वह पार्टी के इशारे पर किया जाता है। आपकी दलील है कि उन्होंने (महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे खेमे) ने पार्टी के हित के विपरीत काम किया। पीठ ने कहा, उन्होंने अपना व्हिप और पार्टी का नेता नियुक्त किया तथा उनके व्यवहार और आचरण से अयोग्यता का मामला बना, लेकिन यह सब हमें ऐसे क्षेत्र में ले जाता है कि यह सदन के अध्यक्ष को तय करना है कि कोई अयोग्यता का मामला है या नहीं। यह वह क्षेत्र है ( शेष पेज 8 )

# मनीष सिसोदिया पर जासूसी मामले में चलेगा मुकदमा

## ● केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीबीआइ जांच को दी मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट** के फैसले के बाद एमसीडी की सत्ता का रास्ता साफ होने एवं मेयर चुनाव में जीत की खुशी से पहले आम आदमी पार्टी को नया गम मिल गया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ जासूसी केस में सीबीआई जांच को मंजूरी दे दी है। अब सिसोदिया के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम 1988 की धारा 17 के तहत मुकदमा चलेगा। कथित शराब घोटाले में सीबीआई जांच और गिरफ्तारी की आशंका के बीच इस नए केस से न केवल सिसोदिया बल्कि पार्टी और सरकार की मुश्किलें बढ़ना तय है।

इस महीने की शुरुआत में सीबीआई ने दिल्ली सरकार की फीडबैक यूनिट के तहत राजनीतिक जासूसी करने की रिपोर्ट देकर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित एफबीयू के छह अन्य लोगों के खिलाफ केस चलाने के लिए मंजूरी मांगी थी। इस पर उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री के एंटी करप्शन सलाहकार गोपाल मोहन के खिलाफ केस चलाने की अनुमति दे दी और फाइल पर कठोर टिप्पणी कर सिसोदिया सहित अन्य पांच लोगों के खिलाफ केस चलाने के लिए की मंजूरी दे फाइल राष्ट्रपति को भेज दी थी।

सीबीआई ने एलजी को भेजी अपनी रिपोर्ट में कहा था, शुरुआती जांच में पाया गया है कि भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा एफबीयू ने कथित तौर पर राजनीतिक खुफिया जानकारी एकत्र की थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि आप सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के अधिकार क्षेत्र में आने वाले विभिन्न विभागों और स्वायत्त निकायों, संस्थानों और संस्थाओं के कामकाज के बारे में प्रासंगिक ( शेष पेज 8 )

# योगी सरकार ने पेश किया 6.90 लाख करोड़ रुपए का सबसे बड़ा बजट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी विधान सभा** में बुधवार को योगी सरकार ने 6 लाख 90 हजार 242 करोड़ 43 लाख रुपए का बजट प्रस्तुत किया। प्रदेश के इतिहास के इस सबसे बड़े बजट में मूलभूत अवसंरचना विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए धनराशि प्रस्तावित की गई है। सरकार ने तीन मंडलों में नए विवि खोलने की घोषणा की है और एक्सप्रेस वे के किनारे औद्योगिक गलियारों के विकास के लिए भी धन की व्यवस्था की है। बजट में सरकार ने एमएसएमई सेक्टर में काम करने वालों के लिए 5 लाख का बीमा कवर की व्यवस्था की है तो वहीं ओडीओपी को बढ़ावा देने के लिए यूनिटी मॉल खोले जाने के लिए 200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। सरकार ने स्पष्ट किया है ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आए निवेश प्रस्ताव को जमीन पर उतारने के लिए आवश्यक है कि प्रदेश के इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर को गति दी जाए।



लखनऊ में विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बजट प्रस्तुत करने जाते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना

विधान सभा में बुधवार को 11 बजे वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट प्रस्तुत किया। बजट की शुरुआत उन्होंने अपने पुराने शेरो शायरी से भरे अंदाज में की और लखनऊ में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट तथा जी 20 की बैठकों से यूपी की अर्थ व्यवस्था में होने वाले और सुधारों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में लगभग 33.50 लाख करोड़ रुपये के 19000 से अधिक समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गये। अधिकांश समझौता ज्ञापन नवीकरणीय ऊर्जा सेक्टर में 16 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स 12 प्रतिशत, औद्योगिक पार्क 11 प्रतिशत, शिक्षा 9 प्रतिशत तथा लॉजिस्टिक्स 9 प्रतिशत सेक्टर्स में किये गये हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर यातायात संचालित है। एक्सप्रेस-वे के आसपास औद्योगिक क्लस्टर्स स्थापित करने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका हैं। एक्सप्रेस वे के आसपास औद्योगिक क्लस्टर्स स्थापित करने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। गोरखपुर पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस वे परियोजना का निर्माण प्रगति पर है तथा दिसम्बर 2022 तक 56 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। मेरठ से प्रयागराज तक लगभग 594 ( शेष पेज 8 )

# कांग्रेस तय नहीं कर पा रही 2024 का रास्ता

## ● एक तरफ पार्टी अध्यक्ष खड़गे सहयोगी पार्टियों के साथ मिलकर केंद्र में सरकार बनाने का भर रहे दम, दूसरी ओर राहुल साध रहे निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लोकसभा चुनाव** में एक साल का समय शेष है, देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस 2024 में भाजपा को केंद्र की सत्ता से हटाने के लिए क्या रणनीति अपनानी है, अभी तय नहीं कर पा रही है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एक तरफ सहयोगी दलों के साथ मिलकर अगले साल केंद्र में सरकार बनाने का दम भर रहे हैं, दूसरी ओर, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी विपक्ष के महत्वपूर्ण घटक दल तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी पर सीधा हमला बोल रहे हैं। शीर्ष नेतृत्व के बयानों से पार्टी में असमंजस की स्थिति स्पष्ट दिख रही है। नई दिल्ली में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के अधिवेशन को ( शेष पेज 8 )

## गठबंधन मामले में कांग्रेस की बेवफाई से सब वाकिफः नकवी

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने बुधवार को दावा किया कि गठबंधन के मामले में कांग्रेस के बेवफाई वाले किरदार के बारे में पूरा देश जानता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि कांग्रेस की जमीन भले ही बंजर है, लेकिन उसके हाथ में बेवफाई का खंजर है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नकवी ने यह टिप्पणी की ऐसे समय की है जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि 2024 में केंद्र में उनकी पार्टी के नेतृत्व में गठबंधन सरकार बनेगी। उन्होंने आरोप ( शेष पेज 8 )

## भारत, चीन ने टकराव वाले स्थानों से सैनिकों के पीछे हटने के प्रस्तावों पर चर्चा की

**भाषा।** बीजिंग, नई दिल्ली

**भारत और चीन** ने बुधवार को बीजिंग में कूटनीतिक वार्ता की और पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर टकराव वाले शेष स्थानों से सैनिकों को पीछे हटाने के प्रस्तावों पर खुले एवं रचनात्मक तरीके से चर्चा की, लेकिन इसमें कोई समाधान निकलने का संकेत नहीं है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों पक्षों ने बीजिंग में भारत-चीन सीमा विषय पर विचार विमर्श एवं समन्वय के कार्यकारी तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की बैठक में इन प्रस्तावों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों पक्षों ने वर्तमान समझौते और प्रोटोकॉल के तहत इस उद्देश्य को हासिल करने के लिए जल्द ही किसी तिथि पर 18वें चरण की वरिष्ठ सैन्य कमांडर स्तर की वार्ता आयोजित करने पर सहमति व्यक्त की। बीजिंग में, चीनी विदेश मंत्रालय ने भी अपनी ओर से एक बयान जारी कर कहा कि दोनों पक्षों ने चीन-भारत सीमा मुद्दे पर शुरूआती चरण में हुई सकारात्मक प्रगति की समीक्षा की ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,745 | ↓ | 928 | |
| निफ्टी | 17,554 | ↓ | 272 | |
| सोना | 56,350 | ↑ | 90 | /10g |
| चांदी | 66,083 | ↑ | 113 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पूर्व न्यायाधीश के खिलाफ सीबीआई ने मामला दर्ज किया

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने आय से अधिक संपति मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एसएन शुक्ला के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। दिसंबर 2019 में उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के तत्कालीन न्यायाधीश शुक्ला और अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120 बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज करने के बाद सीबीआई ने तलाशी ली थी। इस दौरान सीबीआई ने आय से अधिक संपत्ति के दस्तावेज और अन्य संपत्तियां मिलने का दावा किया। सीबीआई के मुताबिक, शुक्ला ने कथित तौर पर 2014 से 2019 के दौरान परिवार के सदस्यों के नाम पर 2.54 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति अर्जित की और आय के स्रोत पर संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे सके।

# जातिगत भेदभाव प्रतिबंधित करने वाला अमेरिका का पहला शहर बना सिएटल

**भाषा।** वाशिंगटन

**सिएटल जाति** आधारित भेदभाव को प्रतिबंधित करने वाला अमेरिका का पहला शहर बन गया है। भारतीय अमेरिकी नेता एवं अर्थशास्त्री ने सिएटल सिटी काउंसिल में भेदभाव न करने की नीति में जाति को शामिल करने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया था, जिसे पारित कर दिया गया है। उच्च जाति की हिंदू नेता क्षमा सावंत के प्रस्ताव को सिएटल के सदन यानी सिटी काउंसिल में एक के मुकाबले छह मतों से पारित किया गया। अमेरिका में जाति आधारित भेदभाव के मामले पर इस मत परिणाम के दूरगामी प्रभाव पड़ सकते हैं। सावंत ने प्रस्ताव पारित होने के बाद कहा, यह आधिकारिक हो गया है। हमारे आंदोलन के कारण सिएटल में जातिगत भेदभाव पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, जो देश में पहली बार हुआ है। इस जीत को देशभर में फैलाने के लिए हमें इस आंदोलन को आगे बढ़ाना होगा। इस प्रस्ताव से पहले भारतीय अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल ने भी इसे अपना समर्थन दिया था। उन्होंने कहा, अमेरिका समेत दुनिया में कहीं भी जाति आधारित भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं है और इसी लिए कुछ महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों ने परिसरों में इस पर प्रतिबंध लगा दिया है और श्रमिक जातिगत भेदभाव संबंधी मामलों में अपने अधिकारों एवं अपनी गरिमा के लिए लड़ रहे हैं। सिएटल में जातिगत भेदभाव को प्रतिबंधित करने वाले प्रस्ताव में अहम भूमिका निभाने वाले इक्वैलिटी लैब्स ने कहा, सिएटल जाति आधारित भेदभाव को प्रतिबंधित करने वाला देश का पहला शहर बन गया है और इसी के साथ प्रेम की घृणा पर जीत हो गई। हमने बलात्कार की धमकियों, जान से मार देने की धमकियों, दुष्प्रचार एवं कट्टरता से पार पाते हुए यह काम किया। इस प्रस्ताव के खिलाफ अभियान चलाने वाले हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने कहा कि दक्षिण एशियाई लोगों को अलग करना और गैर-भेदभाव नीति में जाति को जोड़ना उसी नीति का उल्लंघन है, जिसमें अब संशोधन किया गया है। आंबेडकर फुले नेटवर्क ऑफ अमेरिकन दलित्स एंड बहुजन्स की मधु टी ने कहा कि एक विवादास्पद परिषद सदस्य द्वारा दुर्भावनापूर्ण तरीके से और जल्दबाजी में लाया गया अध्यादेश केवल दक्षिण एशियाई लोगों को, विशेष रूप से दलित एवं बहुजन को नुकसान पहुंचाएगा। कई भारतीय-अमेरिकियों को डर है कि सरकारी नीति में जाति को संहिताबद्ध करने से अमेरिका में हिंदूफोबिया (हिंदुओं के खिलाफ घृणा एवं डर की भावना) के मामले और बढ़ेंगे। अमेरिका में पिछले तीन साल में महात्मा गांधी एवं मराठा सम्राट शिवाजी की प्रतिमा सहित पांच प्रतिमाओं और 10 हिंदू मंदिरों में तोड़-फोड़ की गई है।

## एक माह में पुलिस थानों, जांच एजेंसियों के कार्यालयों में सीसीटीवी लगाएं : न्यायालय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


**उच्चतम न्यायालय** ने केंद्र और राज्य सरकारों को पुलिस थानों और जांच एजेंसियों के कार्यालयों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाने के उसके निर्देशों का एक महीने के भीतर पालन करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र एवं राज्यों की सरकारों को 29 मार्च तक अपने आदेश पर अमल संबंधी हलफनामा दायर करने को कहा। साथ ही यह भी आगाह किया कि आदेश का पालन न करने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ आवश्यक कार्वाई करने के लिए मजबूतर होना होगा। खंडपीठ ने 21 फरवरी को कहा, यदि निर्देशों का पालन नहीं किया जाता है, तो हम केंद्रीय गृह सचिव और संबंधित राज्यों के मुख्य सचिवों और गृह सचिवों के खिलाफ आवश्यक कदम उठाने के लिए मजबूर होंगे। शीर्ष अदालत ने 2020 में केंद्रीय ( शेष पेज 8 )

# पहली कक्षा में 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चे का प्रवेश नहीं

## ● शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को जारी किए दिशा-निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नौनिहालों** पर शैक्षिक प्रतिस्पर्धा का अनावश्यक बोझ न पड़े, इसके लिए केंद्र सरकार ने ताजा दिशा-निर्देश जारी किए हैं। शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी स्कूल पहली कक्षा में छह वर्ष से कम उम्र के बच्चे को दाखिला न दे। शिक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी) में मूलभूत चरण में 3 से 8 वर्ष के बीच सभी बच्चों के लिए 5 वर्ष का सीखने का अवसर शामिल किया गया है। इसमें 3 साल की स्कूल पूर्व शिक्षा और 2 साल की प्रारंभिक प्राथमिक कक्षा-1 और कक्षा-2 शामिल हैं। इस व्यवस्था का उद्देश्य देश के लिए राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में मूलभूत चरण में बच्चों के शैक्षिक स्तर को मजबूत बनाना है। मंत्रालय का कहना है कि यह केवल आंगनवाड़ियों या सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त, निजी और गैर-सरकारी संगठन द्वारा संचालित स्कूल पूर्व (प्री-स्कूल) केंद्रों में पढ़ने वाले सभी बच्चों के लिए तीन वर्ष की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करके ही किया जा सकता है। बयान के अनुसार, शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ( शेष पेज 8 )



## शिक्षा मंत्रालय ने राज्यों को पीएम की पुस्तक सभी स्कूल में उपलब्ध कराने को कहा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि परीक्षा के तनाव के खिलाफ मुहिम को संस्थागत रूप देने और इसे जन आंदोलन बनाने के लिए नेशनल बुक ट्रस्ट (एनबीटी) द्वारा प्रकाशित पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स सभी स्कूलों के पुस्तकालयों में उपलब्ध कराई जाए। शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम (पीपीसी 2023) का छठा संस्करण 27 जनवरी 2023 को आयोजित किया गया ( शेष पेज 8 )

# नोएडा पुलिस ने जब्त किया सवा करोड़ का गांजा

## उड़ीसा के रास्ते दिल्ली-एनसीआर में लाई जा रही थी 536 किलो की खेप, दो तस्कर गिरफ्तार

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में एक गाड़ी से 536 किलो का अवैध गांजा पुलिस ने बरामद किया है। इस गांजे की कीमत 1 करोड़ 20 लाख रुपये बताई जा रही है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

दरसअल स्वाट टीम और नॉलेज पार्क पुलिस को सूचना मिली कि उड़ीसा से गांजे की खेप दिल्ली-एनसीआर में आने वाली है। गांजे की सप्लाई करने वाले गैंग का मास्टरमाइंड रतनलाल इस गांजे को सप्लाई करने वाला है।

इसी को लेकर सेक्टर-150 के पास इन लोगों के द्वारा चेकिंग की गई। तभी एक कन्टेनर इनको आती हुई दिखाई दी। जब गाड़ी को चेकिंग के लिए रोका गया तो पुलिस ने पाया कि वो खाली है लेकिन जब उसकी सही तरीके से तलाशी ली गई तो उसमें भारी मात्रा में बोरों में गांजा भरा हुआ था। इस दौरान पुलिस ने दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया।


आरोपियों के बारे में जानकारी दते पुलिस अधिकारी व अन्य।

पुलिस ने लंबे समय से वांछित चल रहे इनामी तस्कर रतनलाल जोकि हापुड़ का रहने वाला है और उड़ीसा से माल को सप्लाई करने वाले सदाशिव मिश्रा जोकि उड़ीसा के रहने वाला है। दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने इन लोगों के कब्जे से 539 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद किया। इस गांजे की कीमत 1 करोड़ 20 लाख रुपये बताई जा रही है। यह गांजा छोटे छोटे पैकेट में बेचा जाना था। दिल्ली-एनसीआर के अलावा लुधियाना और महाराष्ट्र में भी इस गांजे की सप्लाई की जाती थी।

डीसीपी साद मियां खान ने बताया कि अभी कुछ दिन पहले ही बीटा 2 पुलिस ने 500 किलो गांजा बरामद किया था। उस दौरान इस गैंग के मास्टरमाइंड रतन लाल का नाम सामने आया था। तभी से पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी।

मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि रतनलाल उड़ीसा से गांजा लेकर दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई करने वाला है। उसी दौरान पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

डीसीपी ग्रेटर नोएडा ने बताया कि रतनलाल इस पूरे गैंग का मास्टरमाइंड है। जबकि उसके साथ पकड़ा गया आरोपी इस गांजे को लेकर उड़ीसा से आया था।

यह लोग उड़ीसा से गांजे को लेकर दिल्ली-एनसीआर, लुधियाना और महाराष्ट्र में सप्लाई किया करते थे। लेकिन गौतमबुद्ध नगर पुलिस के द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। उसी कड़ी में इन लोगों को पकड़ लिया गया।

## टेम्पो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**नोएडा।** सेक्टर-127 में छोटा हाथी टेंपो की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। मूल रूप से फर्रुखाबाद जिले के रोशनाबाद गांव निवासी 24 वर्षीय कर्ण पुत्र प्रमोद कुमार अपनी बाइक से जा रहा था।

सेक्टर-127 में तेज गति में आ रहे छोटे हाथी ने उसके बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कर्ण गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कर्ण को उपचार के लिए जेपी अस्पताल में भर्ती कराया।

उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस संबंध में मृतक के पिता प्रमोद कुमार ने चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## संक्षिप्त समाचार


नोएडा में चल रहे सरस मेले में खरीदारी करती महिलाएं।

### मेले में हैंडीक्राफ्ट के उत्पाद बने लोगों की पसंद

**नोएडा।** सेक्टर-33ए स्थित नोएडा हाट में ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान द्वारा आयोजित सरस आजीविका सरस मेले में छठे दिन लोगों, विशेषकर महिलाओं तथा युवतियों ने जमकर खरीददारी की। बुधवार को मेले में छठे दिन जम्मू-कश्मीर के कलाकारों ने मंच पर सुप्रसिद्ध रॉक डांस की प्रस्तुति दी। असम की प्रतिभा डेका के भाग्य ज्योति समूह के हैंडीक्राफ्ट उत्पादों की खासी धूम रही।

### महर्षि यूनिवर्सिटी में 25 को रामायण कॉन्क्लेव

**नोएडा।** नोएडा मीडिया क्लब गंगा शॉपिंग कंपलेक्स सेक्टर 29 में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को करते हुए महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इंफार्मेशन टेक्नालोजी द्वारा जानकारी दी गई कि सेक्टर 110ए नोएडा स्थित महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इंफार्मेशन टेक्नालोजी की पवित्र और पावन धरा पर आगामी 25 फरवरी को जन-जन के रामायण कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। संत और धर्मगुरु के साथ विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे।

### मां के प्रेमी ने नाबालिग बेटी के साथ की अश्लील हरकत

**गाजियाबाद।** क्रासिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र अंतर्गत बहरामपुर में एक युवक के साथ रिलेशनशिप में रह रही बिहार निवासी महिला के प्रेमी ने उसकी 11 वर्षीय पुत्री के साथ हैवानियत करने का प्रयास किया। उक्त वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस ने नामजद अभियुक्त दीपक निवासी बिहार हाल बहरामपुर को गिरफ्तार कर लिया।

### बुजुर्गों से लूटपाट करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना फेस-1 नोएडा पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में बुजुर्गों से लूट व चोरी की घटना करने वाले दो अन्तर्राज्यी शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों के पास से लूटे गए चार मोबाइल फोन और दो तमंचा और दो जिंदा कारतूस मिले है। इनकी पहचान राजा और रितिक हुई है। इन दोनों को हुंडई शो रूम के पास से पकड़ा है। घटना करने के बाद 15 दिन में बाइक को सस्ते दाम पर बेच देते थे।

### कुछ ही समय में बरामद हुआ लापता बच्चा

**गाजियाबाद।** मुरादनगर थाने के एसओ सतीश कुमार की टीम ने अथक प्रयास करके राधेश्याम कॉलोनी फेज.2 निवासी अमित चौधरी के नौ वर्षीय लापता पुत्र सक्षम को कुछ ही समय में बरामद कर उसके परिजनों के चेहरों पर मुस्कान ला दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक लापता बच्चा साहिबाबाद थाना क्षेत्र के सीमा चौकी इलाके में मिला। इस संदर्भ में एसीपी ने बताया कि बच्चे की बरामदगी के लिये कई टीम बनाई गई थीं।

### एनईए के चुनाव जल्द कराने की मांग

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण की नोएडा एम्प्लॉयज एसोसिएशन चुनाव का मुद्दा गर्माता जा रहा है। चुनाव की मांग को लेकर प्राधिकरण के लगभग तीन चौथाई कर्मचारियों ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा को पत्र लिखते हुए नोएडा एम्प्लॉयज एसोसिएशन के चुनाव जल्द कराने की मांग की है। पूर्व अध्यक्ष चौ राजकुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान में नोएडा एम्प्लॉयज एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महासचिव पद रिक्त चल रहे हैं।

# एयरपोर्ट पर नौकरी और लोन दिलाने के नाम पर ठगी, दो धरे



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**● कॉल सेंटर के जरिये चला रहे थे धंधा**

देश के विभिन्न एयरपोर्ट पर नौकरी लगवाने और लोन दिलवाने के नाम पर सैकड़ों लोगों से लाखों रुपए की ठगी करने वाले गैंग के दो बदमाशों को थाना सेक्टर-63 पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

ये लोग नोएडा के सेक्टर-63 में एक अवैध कॉल सेंटर चला रहे थे, जिसके माध्यम से लोगों को अपने जाल में फंसाते थे।

अपर पुलिस उपायुक्त जोन द्वितीय विशाल पांडे ने बताया कि थाना सेक्टर-63 पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर.63 में एक अवैध कॉल सेंटर चल रहा है, जिसके माध्यम से लोगों को देश के विभिन्न एयरपोर्ट पर नौकरी लगवाने और लोन करवाने के नाम पर ठगी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने वहां पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कॉल सेंटर के संचालक योगेश तथा चंदन को गिरफ्तार किया।

वहां पर कुछ युवतिया भी काम कर रही थी, लेकिन पुलिस ने पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि ये लोग देश के विभिन्न एयरपोर्ट पर नौकरी लगवाने तथा लोन दिलवाने के नाम पर लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं, तथा उनसे मोटी रकम ठग लेते हैं।

# अंग्रेजों की कब्र तोड़ने के मामले में भाजपा विधायक समेत पांच बरी

**● गाजियाबाद कोर्ट में सरकारी गवाह भी आरोपियों को पहचानने से मुकरे**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में करीब 15 साल पहले ब्रिटिश नागरिकों की कब्र तोड़ने के मामले में कोर्ट ने विधायक नंदकिशोर गुर्जर सहित पांचों आरोपियों को बरी कर दिया है। पांचों गवाह पुलिसकर्मी कोर्ट में आरोपियों की पहचान साबित नहीं कर पाए। मुकदमा दर्ज कराने वाले सब इंस्पेक्टर ने भी आरोपियों को पहचानने से इनकार कर दिया। आखिरकार संदेह का लाभ देते हुए कोर्ट ने पांचों को दोषमुक्त कर दिया है। साथ ही कोर्ट ने सब इंस्पेक्टर जितेंद्र कालरा पर-344 के तहत वाद दर्ज करने करने और नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। सब इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह ने 21 सितंबर 2007 को थाना नंदग्राम पर पांच युवकों यतेंद्र नागर, मुकेश, प्रदीप कुमार, प्रवीन कुमार और नंदकिशोर गुर्जर के खिलाफ केस दर्ज करया था। नंदकिशोर गुर्जर वर्तमान में लोनी क्षेत्र से विधायक हैं और यतेंद्र नागर बीजेपी के नेता हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में दो लोगों की मौत

**नोएडा।** अलग-अलग स्थानों पर दो लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत के कारणों का पता जानने के लिए पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना बिसरख प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया कि विपिन पुत्र नरेश प्रताप सिंह रोजा जलालपुर गांव में रह रहा था। मंगलवार को उसे गंभीर स्थिति में फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

वहीं थाना सेक्टर.24 क्षेत्र के सेक्टर 34 स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराए गए मनीष वर्मा की मौत हो गई। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है।

# एयरपोर्ट के प्रभावित ग्रमींणों से मिले मंडलायुक्त

**● जेवर के किसानों से कहा- आपकी वजह से हो रहा मुख्यमंत्री योगी का सपना पूरा**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा


सेल्वा कुमारी

बुधवार को मेरठ मंडल की आयुक्त सेल्वा कुमारी जे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से प्रभावित गांव में पहुंची हैं। इस दौरान सेल्वा कुमारी ने ग्रामीणों से सीधी बातचीत करके उनकी समस्याओं को जाना।

सेल्वा कुमारी जे ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि अगर कोई समस्या आती है तो उसका जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसानों की हर समस्याओं का समाधान करवाएंगे।

इस दौरान सेल्वा कुमारी जे ने गांव वालों से कहा कि आपकी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सपना पूरा हो रहा है। आपने अपनी जमीन देकर एक ऐतिहासिक काम किया है, जिसको देश का भविष्य हमेशा याद रखेगा। सेल्वा कुमारी जे ने आगे कहा, योगी आदित्यनाथ ने भी आपकी सभी बातों को माना है। जेवर के किसानों के लिए मुआवजे की राशि बढ़ा दी गई है। इसके अलावा किसानों की हर छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान करवाया जा रहा है। जहां पर किसानों के लिए टाउनशिप तैयार की जा रही है, वहां पर हाईटेक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। किसानों के बच्चों को पढ़ाई के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। घर से कुछ दूरी पर कॉलेज और थोड़ा सा आगे चलकर काम करने के लिए नौकरियां भी मिलेंगी।

सेल्वा कुमारी के साथ यमुना विकास प्राधिकरण के अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने जमीन अधिग्रहण बदले में दिए जाने वाले मुआवजे और विस्थापन आदि की संबंधित समस्याओं को लेकर ग्रामीणों से बातचीत की है।

Piramal Capital & Housing Finance

पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई – 400 070
सीआईएन : एल65910एमएच1984पीएलसी032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com
शाखा पता : धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)–400 602

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) [पूर्वतः दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के नाम से ज्ञात] का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, पीसीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां पीसीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | संपत्ति का पता |
|---|---|---|
| (एलसी नंबर : 11900001532 नोएडा शाखा) शिव चरण (कर्जदार) सरोज देवी (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 3,84,636/– (रूपए तीन लाख चौरासी हजार छह सौ छत्तीस मात्र) एनपीए (08–11–2022) | यूनिट नंबर 607, छठा तल, टावर ए 7, टाइप बी, एसआरएस पाम होम्स, सेक्टर–7, पलवल, फरीदाबाद, हरियाणा–121102 |
| (एलसी नंबर : 01400004147 नई दिल्ली शाखा) जतिन रल्ली (कर्जदार) कुलदीप रल्ली (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 10,57,084/– (रूपए दस लाख सत्तावन हजार चौरासी मात्र) एनपीए (09–10–2022) | डीडीए जनता फ्लैट्स, वीपी–260 ए, भू तल, निकट डीडीए मार्किट, पीतमपुरा, नई दिल्ली–110034 |
| (एलसी नंबर : 19600042589 दिल्ली–सफदरजंग शाखा) मोहम्मद फिरदोश (कर्जदार) चांदनी परवीन (सह–कर्जदार 1) मनोज भट्ट (सह–कर्जदार 2) | 30–01–2023/रू. 11,84,625/– (रूपए ग्यारह लाख चौरासी हजार छह सौ पच्चीस मात्र) एनपीए (08–11–2022) | फ्लैट नंबर 742, भू तल, डीडीए एलआईजी फ्लैट, ब्लॉक सी–1, सिरासपुर, नई दिल्ली–110040 |
| (एलसी नंबर : 19600042871 दिल्ली–सफदरजंग शाखा) किरन पाल (कर्जदार) अनीता देवी (सह–कर्जदार 1) बिशन सिंह (सह–कर्जदार 2) | 30–01–2023/रू. 6,14,234/– (रूपए छह लाख चौदह हजार दो सौ चौंतीस मात्र) एनपीए (24–11–2022) | फ्लैट नंबर 409, चतुर्थ तल, टावर ए 2, स्टेटस रेजीडेंसी, अलवर बाईपास रोड, भिवाडी, अलवर, राजस्थान–301019 |
| (एलसी नंबर : 27400000272 भिवाडी शाखा) रतन कुमार (कर्जदार) उषा (सह–कर्जदार 1) शिव कुमार (सह–कर्जदार 2) | 30–01–2023/रू. 8,93,386/– (रूपए आठ लाख तिरानवे हजार तीन सौ छियासी मात्र) एनपीए (30–10–2022) | प्लॉट नंबर 07 आर एल एफ सिटी ग्राम सालारपुर, निकट कजारिया टाइल्स, तिजारा, राजस्थान, अलवर, राजस्थान–301019 |
| (एलसी नंबर : 11900002592 नोएडा शाखा) कृष्ण कुमार लाल (कर्जदार) दीक्षा बर्नवाल (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 10,10,270/– (रूपए दस लाख दस हजार दो सौ सत्तर मात्र) एनपीए (29–09–2022) | सम्पत्ति सं. बी–81, ब्लॉक–बी, खसरा नंबर 17/81 का भाग, मटियाला एक्सटेंशन, उत्तम नगर, नई दिल्ली–110059 |
| (एलसी नंबर : 27900001888 ग्रेटर नोएडा शाखा) लवलीन खुराना (कर्जदार) कोमल शर्मा (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 10,78,832/– (रूपए दस लाख अठहत्तर हजार आठ सौ बत्तीस मात्र) एनपीए (30–10–2022) | फ्लैट नंबर एफएफ–4, प्रथम तल, रियर आरएचएस, प्लॉट नंबर 19, ब्लॉक एफ, एसएलएफ वेद विहार, ग्राम सादुल्लाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201102 |
| (एलसी नंबर : 26600001592 दिल्ली राजौरी गार्डन शाखा) मनोज कुमार मिश्रा (कर्जदार) सीमू (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 9,80,616/– (रूपए नौ लाख अस्सी हजार छह सौ सोलह मात्र) एनपीए (09–10–2022) | फ्लैट नंबर एसएफ–3, द्वितीय तल, फ्रंट एलएचएस, प्लॉट नंबर जे–30, ब्लॉक जे, केएच नंबर 1462, बालाजी एन्क्लेव, रईसपुर, डासना, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201007 |
| (एलसी नंबर : 11900003051 नोएडा शाखा) विनोद प्रकाश (कर्जदार) सुनीता (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 5,02,141/– (रूपए पांच लाख दो हजार एक सौ इकतालीस मात्र) एनपीए (08–10–2022) | प्लॉट नंबर 127, भू तल, फ्रंट साइड आरएचएस विक्रम एन्क्लेव, निकट दिल्ली कॉन्वेंट स्कूल, ग्राम पसोंडा, परगना लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201102 |
| (एलसी नंबर : 200एनओडी36910 नोएडा सेक्टर–2 शाखा) प्रीति रमनानी (कर्जदार) हरि पी रमनानी (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 8,05,604/– (रूपए आठ लाख पांच हजार छह सौ चार मात्र) एनपीए (09–11–2022) | एच/फ्लैट नंबर सेम–15/07, प्रथम तल, विंडसर शिप्रा सन सिटी, ग्राम गाजियाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201014 |
| (एलसी नंबर : 130000001423 गुरूग्राम शाखा) एड सर्विसेज (कर्जदार) विशाल गुप्ता (सह–कर्जदार 1) विनीता गुप्ता (सह–कर्जदार 2) जगमोहन गुप्ता (गारंटर 1) रीक्रिएशन प्रिंटिंग टेक्नोलॉजीज प्रा. लि. (गारंटर 2) | 30–01–2023/रू. 2,46,036/– (रूपए दो लाख छियालीस हजार छत्तीस मात्र) एनपीए (30–09–2021) | एम–मशीन–नाम :– एक सुपर वैरियंट ऑफसेट प्रिंटिंग मशीन एपी–माडल–नंबर :– 1986 एपी–इन्वॉइस–नंबर :– 29 |
| (एलसी नंबर : 130000001421 गुरूग्राम शाखा) चैतन्य डायग्नोस्टिक्स प्रा. लि. (कर्जदार) राहुल सनान (सह–कर्जदार 1) धरम पाल सनान (सह–कर्जदार 2) | 30–01–2023/रू. 2,69,961/– (रूपए दो लाख उनहत्तर हजार नौ सौ इकसठ मात्र) एनपीए (09–10–2022) | एम–मशीन–नाम :– ट्रेसिस जीए–68 सिंथेसाइजर एपी–माडल–नंबर :– जीए–68 एपी–इन्वॉइस–नंबर :– पीआई/जेडीआई/27916 |
| (एलसी नंबर : 130000002056 गुरूग्राम शाखा) मार्स पेट बॉटल्स प्रा. लि. (कर्जदार) विनय कुमार गोयल (सह–कर्जदार 1) स्मिता गोयल (सह–कर्जदार 2) | 30–01–2023/रू. 4,87,368/– (रूपए चार लाख सतासी हजार तीन सौ अडसठ मात्र) एनपीए (30–06–2021) | एम–मशीन–नाम :– इंजक्शन मोल्डिंग मशीन एपी–माडल–नंबर :– 150 टी एपी–इन्वॉइस–नंबर :– एमआईपीएल/वीटी/एएस/235/2017 |
| (एलसी नंबर : 130000001506 गुरूग्राम शाखा) एन डी इंडस्ट्रीज (कर्जदार) दया सिंह हंसपाल (सह–कर्जदार 1) सवनीत कौर (सह–कर्जदार 2) | 30–01–2023/रू. 1,82,082/– (रूपए एक लाख बयासी हजार बयासी मात्र) एनपीए (28–02–2021) | एम–मशीन–नाम :– कॉसमोस सीएनटी वर्टीकल मशीनिंग सेंटर एपी–माडल–नंबर :– सीवीएम–640 एपी–इन्वॉइस–नंबर :– 205–आरईवी–2 |
| (एलसी नंबर : 130000001695 गुरूग्राम शाखा) पोमी प्लास्टिक वर्क्स (कर्जदार) योगेश कुमार नय्यर (सह–कर्जदार 1) समिता नय्यर (सह–कर्जदार 2) | 30–01–2023/रू. 1,77,621/– (रूपए एक लाख सतहत्तर हजार छह सौ इक्कीस मात्र) एनपीए (30–09–2021) | एम–मशीन–नाम :– 5 स्टार सिंगल स्टेशन ऑटोमैटिक ब्लो एपी–माडल–नंबर :– डबल हेड एपी–इन्वॉइस–नंबर :– 27740266000 |
| (एलसी नंबर : 130000002241 गुरूग्राम शाखा) विनायक टेक्नोप्लास्ट (कर्जदार) संदीप अग्रवाल (सह–कर्जदार 1) संतोष अग्रवाल (सह–कर्जदार 2) अर्जुन कुमार अग्रवाल (गारंटर 1) दीप्ति अग्रवाल (गारंटर 2) | 30–01–2023/रू. 13,58,219/– (रूपए तेरह लाख अठ्ठावन हजार दो सौ उन्नीस मात्र) एनपीए (30–10–2022) | एम–मशीन–नाम :– इंजक्शन मोल्डिंग मशीन एपी–माडल–नंबर :– 350 टी एपी–इन्वॉइस–नंबर :– एमआईपीएल/वीटी/एएस/460ए/2017 |
| (एलसी नंबर : 130000002751 गुरूग्राम शाखा) विनायक टेक्नोप्लास्ट (कर्जदार) संदीप अग्रवाल (सह–कर्जदार 1) संतोष अग्रवाल (सह–कर्जदार 2) अर्जुन कुमार अग्रवाल (गारंटर 1) दीप्ति अग्रवाल (गारंटर 2) | 30–01–2023/रू. 9,04,105/– (रूपए नौ लाख चार हजार एक सौ पांच मात्र) एनपीए (30–10–2022) | एम–मशीन–नाम :– तोशीबा इंजक्शन मोल्डिंग मशीन एपी–माडल–नंबर :– 150–5–10–900 एपी–इन्वॉइस–नंबर :– 1800000018103037 |
| (एलसी नंबर : 26600000597 दिल्ली राजौरी गार्डन शाखा) अखिलेश अग्रवाल (कर्जदार) कमला (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 27,76,654/– (रूपए सत्ताईस लाख छहत्तर हजार छह सौ चौवन मात्र) एनपीए (09–12–2022) | प्लॉट नंबर आरजेड–71, प्रथम तल, बैक साइड (एलएचएस) (दक्षिणी एवं पूर्वी), केएच नंबर 66 गली नंबर 7, ग्राम बिंदापुर, उत्तम नगर, नई दिल्ली–110059 |
| (एलसी नंबर : 09600001548 नई दिल्ली पश्चिम शाखा) रूपम कालरा (कर्जदार) अंजू कालरा (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 37,38,421/– (रूपए सैंतीस लाख अड़तीस हजार चार सौ इक्कीस मात्र) एनपीए (09–12–2022) | डब्ल्यूजेड–42, तृतीय तल, छत के अधिकार के साथ, केएच नंबर 23, ग्राम नांगली जालिब कृष्णा पार्क, नई दिल्ली–110018 |
| (एलसी नंबर : 19000001995 राजनगर शाखा) देवेन्द्र कुमार (कर्जदार) बीरेन्द्र कुमार (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 11,82,594/– (रूपए ग्यारह लाख बयासी हजार पांच सौ चौरानवे मात्र) एनपीए (12–05–2021) | फ्लैट नंबर एफ–2, प्लॉट नंबर 36, प्रथम तल, आरएचएस, खसरा नंबर 736, ग्राम ब्रह्मपुर भोपुरा, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201001 |
| (एलसी नंबर : 24900001883 दिल्ली जनकपुरी शाखा) रामनिवास शर्मा (कर्जदार) हीराकली शर्मा (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 33,31,558/– (रूपए तैंतीस लाख इकतीस हजार पांच सौ अठ्ठावन मात्र) एनपीए (12–05–2021) | सम्पत्ति सं. 141 ए, राइट साइड तृतीय तल, खसरा नंबर 147 मिन, गली नंबर 15, अमृतपुरी–बी, ईस्ट कैलाश, नई दिल्ली–110065 |
| (एलसी नंबर : एम0030068 नई दिल्ली शाखा) दिव्य ज्योति लस्कर (कर्जदार) जॉयश्री ककाती (सह–कर्जदार 1) | 10–01–2023/रू. 39,17,083/– (रूपए उन्तालीस लाख सत्रह हजार तिरासी मात्र) एनपीए (31–05–2022) | फ्लैट नंबर/प्लॉट नंबर : फ्लैट नंबर 407, चतुर्थ तल, एरिया 850.0 वर्ग फीट/मीटर कार्पेट बिल्डिंग का नाम : प्लॉट नंबर सीपी 2, म्युनिसिपल नंबर/सर्वे नंबर , स्थित : सेक्टर–9, वसुंधरा पिनकोड : 201012, लैंडमार्क : निकट जैन मंदिर |
| (एलसी नंबर : एम0036694 नई दिल्ली शाखा) आशुतोष शेखर (कर्जदार) रामजी प्रसाद (सह–कर्जदार 1) | 10–01–2023/रू. 19,50,485/– (रूपए उन्नीस लाख पचास हजार चार सौ पिचासी मात्र) एनपीए (06–04–2022) | मकान नंबर : एसके–1/298 भू तल, इंदिरापुरम शक्ति खंड–1, गाजियाबाद, लैंडमार्क, गजराज स्वीट्स, सिटी : गाजियाबाद पिन :201014, राज्य : उत्तर प्रदेश, देश : भारत |
| (एलसी नंबर : एम0037907 गुरूग्राम शाखा) सलीम सलीम (कर्जदार) आशमा आशमा (सह–कर्जदार 1) | 10–01–2023/रू. 13,90,040/– (रूपए तेरह लाख नब्बे हजार चालीस मात्र) एनपीए (04–10–2022) | सम्पत्ति सं. 52 बी, निर्मित तृतीय तल (दायीं तरफ का सामने का हिस्सा) छत/टेरेस के अधिकार सहित, उत्तम नगर, ग्राम मटियाला सेवक पार्क, ब्लॉक डी, वेस्ट दिल्ली, लैंडमार्क : निकट दुर्गा मंदिर, सिटी : वेस्ट दिल्ली पिन : 110059, राज्य : डीएल, देश : भारत |
| (एलसी नंबर : एम0037996 नई दिल्ली शाखा) दीपक कुमार (कर्जदार) रेणु आर (सह–कर्जदार 1) | 10–01–2023/रू. 17,93,349/– (रूपए सत्रह लाख तिरानवे हजार तीन सौ उन्चास मात्र) एनपीए (31–05–2022) | प्लॉट नंबर 121, केएच नंबर 401, ओम साई एन्क्लेव, ग्राम चिपियाना, तहसील दादरी, गाजियाबाद, लैंडमार्क : साई गार्डन सिटी : गाजियाबाद पिन–201009, राज्य : उत्तर प्रदेश, देश : भारत |
| (एलसी नंबर : एम0083795 दिल्ली–पीतमपुरा शाखा) देवेन्द्र विक्रम सिंह (कर्जदार) अंजलि सिंह (सह–कर्जदार 1) | 10–01–2023/रू. 26,73,598/– (रूपए छब्बीस लाख तिहत्तर हजार पांच सौ अठ्ठानवे मात्र) एनपीए (09–08–2022) | फ्लैट नंबर/प्लॉट नंबर 33, द्वितीय तल, क्षेत्रफल परिमाप 465 वर्ग फीट, कार्पेट/बिल्टअप, बिल्डिंग नाम पीकेटी सेक्टर–20, उत्तर पश्चिम दिल्ली, लैंडमार्क : निकट एनडीपीएल पिन–110086, राज्य : दिल्ली, देश : भारत |
| (एलसी नंबर : पी0007611 गुरूग्राम शाखा) गुरूदेव सिंह (कर्जदार) सुमन पंघाल (सह–कर्जदार 1) | 10–01–2023/रू. 35,51,938/– (रूपए पैंतीस लाख इक्यावन हजार नौ सौ अड़तीस मात्र) एनपीए (30–04–2022) | फ्लैट नंबर/प्लॉट नंबर सम्पत्ति सं. आरजैडएच– 770, म्युनिसिपल नंबर/सर्वे नंबर : खसरा नंबर 56/15, क्षेत्रफल परिमाप 623.0 वर्ग फीट/मीटर, कार्पेट बिल्डिंग नाम : प्लॉट नंबर 82, राज नगर पार्ट–।।, पालम कालोनी, पिनकोड–110045, लैंडमार्क : केन्नाली पब्लिक स्कूल |
| (एलसी नंबर : एम0024564 नोएडा शाखा) रॉकी (कर्जदार) सुमन (सह–कर्जदार 1) | 10–01–2023/रू. 27,55,540/– (रूपए सत्ताईस लाख पचपन हजार पांच सौ चालीस मात्र) एनपीए (06–09–2022) | एच नंबर 747, भू तल, ब्लॉक बी, सेक्टर–1, अवंतिका, रोहिणी मदर डेरी नॉर्थ दिल्ली–110085, लैंडमार्क : मदर डेरी |
| (एलसी नंबर : एम0073381 गुरूग्राम – एमजी रोड शाखा) बीना (कर्जदार) अमित कुमार (सह–कर्जदार 1) | 10–01–2023/रू. 13,12,288/– (रूपए तेरह लाख बारह हजार दो सौ अठासी मात्र) एनपीए (09–08–2022) | फ्लैट नंबर यूजी–2, अपर ग्राउंड लोर, बिना छत, बिल्डिंग नाम एलआईसी बैंक साइड, प्लॉट नंबर बी–1/82, डी.सी.एफ. दिलशाद एक्सटेंशन–2, ग्राम, ब्रह्मपुर, परगना लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश |
| (एलसी नंबर : एम0113271 नोएडा सेक्टर–2 शाखा) सुनील गिरि (कर्जदार) ग्यासू देवी (सह–कर्जदार 1) | 10–01–2023/रू. 9,74,720/– (रूपए नौ लाख चौहत्तर हजार सात सौ बीस मात्र) एनपीए (03–11–2022) | प्लॉट नंबर 5, खसरा नंबर 627, क्षेत्रफल 337.00 वर्ग फीट/वर्ग मीटर, कार्पेट/बिल्टअप, बिल्डिंग नाम प्लॉट नंबर 5, स्थित ग्राम रोजा जलालपुर, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–203207, लैंडमार्क एनपीएस इंटरनैशनल स्कूल |
| (एलसी नंबर : एम0036749टीयू दिल्ली शाखा) फाजिल खान (कर्जदार) फरीना खान (सह–कर्जदार 1) | 23–01–2023/रू. 5,90,680/– (रूपए पांच लाख नब्बे हजार छह सौ अस्सी मात्र) एनपीए (01–07–2022) | प्रथम तल का हिस्सा, पार्ट दरियागंज, सम्पत्ति 3497 कूचा लाल साउथ वेस्ट दिल्ली, लैंडमार्क : मेन दरियागंज दिल्ली सिटी : साउथ वेस्ट दिल्ली, पिन –110022, राज्य : डीएल देश : भारत |
| (एलसी नंबर : 13500005049 चंडीगढ़ मेट्रो शाखा) मलकीत चंद (कर्जदार) राकेश कुमार (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 4,01,712/– (रूपए चार लाख एक हजार सात सौ बारह मात्र) एनपीए (08–11–2022) | यूआईडी नंबर बी002/09477 मेहक नगर, निकट गुरूद्वारा, खराड़, रूपनगर, पंजाब–140301 |

यदि उक्त कर्जदार पीसीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

तिथि : 23–02–2023
स्थान : दिल्ली

हस्ता./–
(प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

PUBLIC NOTICE

Be it known to all that My Client Ashok Kumar S/o Bachan Lal R/o H.No. 127-A, Gali No. 4, Friends Enclave, Sultanpuri, Delhi-110086. has disowned their brother Anil Kumar & his wife Anju from all their movable/ immovable properties and severed all their relations both legal & social with them due to disrespectful behavior. Any person dealing with Anil Kumar & his wife Anju shall be doing so at his/her own risk, and my clients shall not be responsible for the same.

SANJEEV DWIVEDI (ADVOCATE)

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client i.e. HDFC Bank Ltd. that Mr. Raj Gupta is owner of Eastern Back Side Portion Ground Floor, without roof rights admeasuring 493.44 sq. yds. "said floor" built-on Property bearing No. 6/3, admeasuring 1136.66 sq. yds., Situated in the Northern City Extension Scheme NO. II, now known as Roop Nagar, Delhi-110007. Hereinafter referred to as the "Said Property" by virtue of Relinquishment Deed dated 21.07.2019, Registration No. 6530, executed by 1. Mr. Love Tayal, 2. Mr. Kush Tayal and 3. Mrs. Payal Aggarwal, after demise of Mr. Satya Prakash Gupta, has lost / misplaced previous copy of Partition Cum Family Settlement Deed dated 24.12.1979, and Original Sale Deed dated 17.12.2004, All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of missing document. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 7 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल निगम डीडीहाट, पिथौरागढ़

पत्रांक : 319/निविदा/49 दिनांक : 21.02.2023

निविदा सूचना संख्याः– 319/निविदा/49 दिनांक : 21.02.2023

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल एवं संसाधन विकास निर्माण निगम, देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा उत्तराखण्ड पेयजल निगम तथा उत्तराखण्ड जल संस्थान में पंजीकृत ठेकेदारों से जल जीवन मिशन (द्वितीय चरण) के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजना के (सिंगल बिड) अन्तर्गत पाईप लाईन, जलाशय एवं तत्सम्बन्धी कार्यों हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम :– 2. गुंजी पे.यो.।
2. ई–निविदा पोर्टल में प्रकाशन की तिथि :– 23.02.2023 अपराह्न 5.00 बजे।
3. निविदा ऑनलाइन करने की अन्तिम तिथि :– 13.03.2023 अपराह्न 5.00 बजे।

*निविदा से सबन्धित अन्य शर्तें www.uktenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती हैं।*

अधिशासी अभियन्ता

SALE NOTICE

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS PUSHPA BASOYA, CS (COMM) No. 2057/21 | Vehicle No.- DL3CCQ4405, Make and Model- HYUNDAI MOTORS INDIA LTD GRAND I10, Manu Year- 2018, |
| ICICI BANK LTD VS NAGENDRA KUMAR, CS (Comm) No. 2091/2022 | Vehicle No.- DL12CR7265, Make and Model- TATA MOTORS LTD NEXON, Manu Year- 2019, |
| ICICI BANK LTD VS SHAGUFTA, CS No. 383/18 | Vehicle No.- DL1CT2392, Make and Model- MAHINDRA & MAHINDRA LTD XYLO, Manu Year- 2013, |
| ICICI BANK LTD VS NKR INFRASTRUCTURE PVT LTD, CS No. 6315/18 | Vehicle No.- HR29AQ3091, Make and Model- HYUNDAI MOTORS LTD CRETA, Manu Year- 2017, |

**Auction Date: March 6, 2023 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Auction Type: Online Auction**
**Auction Portal Name & URL Link:** Car Dekho https://auctions.cardekho.com
**Contact Person- Jitendra Kumar (7304914763)/ Rajeev Ranjan (8584874809)**

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents to participate in the auction. .
Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the remaining sale amount within 5 days, your EMD amount will be forfeited.
The intending bidders may visit at ICICI Bank Ltd, SHAL TOWERS, Plot No 23, New Rohtak Road, Karol Bagh Delhi- 110005 for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 23 फरवरी, 2023



# मेयर, डिप्टी मेयर का चुनाव शांतिपूर्ण, स्थायी समिति के लिए भारी हंगामा

## आप की नवनिर्वाचित मेयर शैली ने लगाया आरोप, सदन में उन पर हमले की कोशिश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम में मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव शांतिपूर्ण रहा। वहीं स्थायी समिति के लिए देर रात तक सदन में भारी हंगामा होता रहा। नवनिर्वाचित महापौर शैली ओबरॉय ने आरोप लगाया कि हंगामे के दौरान भाजपा के सदस्यों ने उन पर हमला करने की कोशिश की।

इससे पहले मेयर चुने जाने के बाद शैली ने कहा कि यह जिम्मेदारी देने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का धन्यवाद करती हैं। मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न होने बाद सदन में स्थाई समिति के चुनाव के लिए फिर से कार्यवाही शुरू हुई। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों ने सदन में जमकर हंगामा किया। कई पार्षद शैली ओबेरॉय के सामने पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। विपक्षी सदस्यों का आरोप है कि आम आदमी पार्टी महापौर का दुरुपयोग कर नियमों का उल्लंघन कर स्थायी समिति सदस्यों के चुनाव में अपने पार्षदों को फोन लेकर भेज रहे हैं। इस दौरान सदन की कार्रवाई करीब एक घंटे तक बाधित रही। देर शाम निगम सदन की कार्रवाई दोबारा शुरू लेकिन देर रात क हंगामा जारी रहा।

उन्होंने कहा कि सीएम ने जो 10 गारंटी दी थी उस पर वह काम करेंगी। साथ ही अगले दो-तीन दिनों में अधिकारियों संग कूड़े के पहाड़ों का दौरा करेंगी। मेयर बनने के बाद शैली ने इसे लोकतंत्र और संविधान की जीत करार दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता जीत गई है। यह आम आदमी पार्टी की नहीं बल्कि लोकतंत्र की जीत है। दिल्ली नगर निगम की कार्रवाई की शुरूआत बृहस्पतिवार से होगी।

आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने शपथ लेने से पहले ही अपने-अपने क्षेत्रों में काम शुरू कर दिया था। उन्होंने सभी को विश्वास दिलाया कि वह सदन को संवैधानिक तरीके से चलाएंगी। सभी पार्षद सदन की गरिमा बनाए रखेंगे और इसके सुचारू संचालन में सहयोग करेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उन्हें पहले दिन से भरोसा था कि आम आदमी पार्टी के सभी पार्षद हमारे साथ हैं, लेकिन भाजपा अपनी हार को स्वीकार नहीं कर पा रही थी।



मेयर का चुनाव जीतने के बाद साथी पार्षदो, विधायकों और सांसदों का अभिवादन स्वीकार करतीं शैली ओबराय। फोटो: रंजन डिमरी

## 80 दिनों की क्षतिपूर्ति 15 दिन में करेंगे : आले मोहम्मद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपमहापौर चुने जाने के बाद आले मोहम्मद इकबाल ने कहा कि चुनाव अस्सी दिन विलंब से हुआ है। इस का खेद है। लेकिन अब इन 80 दिनों की क्षतिपूर्ति 15 दिन के अंदर कब और कैसे करनी है।

इसके लिए रणनीति बनाकर काम करेंगे। वहीं डिप्टी मेयर चुनाव में हुई ॉस वोटिंग के सवाल पर इकबाल ने बताया कि उन्हें इसके बारे में नहीं पता, लेकिन कुछ आजाद और कांग्रेस के उम्मीदवार भी थे। आप के सभी पार्षदों, विधायकों और सांसदों ने वोट किया, जितना हमारे पास है।

उपमहापौर चुने जाने पर आले मोहम्मद इकबाल ने सीएम केजरीवाल और दिल्ली वालों का धन्यवाद जताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने जो ख्वाब देखे थे उनका पूरा करना है। अरविंद केजरीवाल की अगुवाई में आम आदमी पार्टी की सरकार का डंका का जिस तरह देश भर में डंका बज रहा है। ऐसे ही, अब एमसीडी का भी डंका बजेगा।

आले ने कहा कि वह और महापौर सभी पार्षदों के साथ मिलकर पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करेंगे। भाजपा की तानाशाही की वजह से दिल्ली की जनता के 80 दिन बर्बाद हुए हैं। वह आने वाले 15 दिनों में इन 80 दिनों की बर्बादी की भरपाई करने की कोशिश करेंगे। वह चौबीस घंटे दिन-रात मेहनत कर सीएम के नेतृत्व में एमसीडी का एक नया रूप बनाकर दिखाएंगे। आम आदमी पार्टी ने जनता के समक्ष जो 10 गारंटी की हैं, उसे पूरा करेंगे।

### आले मोहम्मद इकबाल का परिचय



आले मोहम्मद इकबाल दिल्ली के वार्ड 76 चांदनी महल से पार्षद चुने गए हैं। वह रिकॉर्ड 17 हजार से अधिक मतों से चुनाव जीते। इससे पहले वर्ष 2012 और वर्ष 2017 में भी पार्षद रहे हैं। वर्ष 2017 में दिल्ली गेट वार्ड और वर्ष 2012 में तुर्कमान गेट से पार्षद बने थे। इस दौरान 2012 में उत्तरी निगम के सिटी जोन के चैयरमेन रह चुके हैं।

### डॉक्टर शैली ओबरॉय का परिचय



*डॉक्टर शैली ओबरॉय का जन्म दिल्ली में ही हुआ है, जो कि निगम चुनावों में वार्ड 86 से पार्षद चुनी गई हैं। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडी से इग्नू से पीएचडी किया है। वह कई यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर रह चुकी हैं। वह वर्ष 2013 में आम आदमी पार्टी से जुड़ी थीं। आम आदमी पार्टी ने महिला विंग की 2 साल पहले दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष रहीं। शैली ने पार्षद का चुनाव पहली बार लड़ा है। पटेल नगर विधानसभा के वार्ड नंबर 86 से भाजपा की दीपाली कपूर को 269 वोटों से हराया था। ओबेरॉय ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (एसओएमएस) से दर्शनशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने भारतीय वाणिज्य संघ (आईसीए) सम्मेलन में स्वर्ण पदक (प्रोफेसर मनुभाई शाह पुरस्कार) हासिल करने के अलावा विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्राप्त किए हैं।*

#### 38 दिन ही मेयर रहेंगी

*शैली ओबेरॉय भले ही बड़ी मशक्कत और उच्चतम न्यायालय के हस्ताक्षेप के बाद मेयर चुन ली गई हैं लेकिन अपने पद पर सिर्फ 38 दिन ही रहेंगी। क्योंकि डीएमसी एक्ट की धारा दो (67) के अनुसार एमसीडी का वर्ष अप्रैल के प्रथम दिन से शुरू होता है। इस तरह अगले साल 31 मार्च को वर्ष समाप्त हो जाता है। इस लिहाज से 22 फरवरी को शैली ओबेरॉय मेयर चुनी गई हैं, जिनका कार्यकाल 31 मार्च को खत्म हो जाएगा। इस तरह से वह सिर्फ 38 दिनों तक ही मेयर पद पर रहकर काम काम कर सकेंगी। इसके बाद दोबारा से एक अप्रैल को मेयर का चुनाव होगा।*

### पिछली तीन बैठकों में आप और भाजपा में हुई थी भिड़ंत

**6 जनवरी:** निगर निगम मुख्यालय में आप और भाजपा के सदस्य आपस में भिड़ गए। हंगामे की वजह से मेयर, डिप्टी मेयर और स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव की प्रक्रिया स्थगित करनी पड़ी।

**24 जनवरी:** हंगामे की वजह से मुख्यालय में पुलिस को तैनात करना पड़ा। हालांकि इसके बाद दोनों पार्टियों के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस वजह से सदन दोबारा स्थगित करना पड़ा।

**6 फरवरी:** मेयर चुनाव तीसरी बार टल गया। 10 नॉमिनेटेड मेंबर्स को वोट की मंजूरी मिलने के बाद भाजपा और आप के लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद नगर निगमके सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा।



### पंजाब के मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र की जीत बताया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर के चुनाव में आम आदमी पार्टी की जीत को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को लोकतंत्र की जीत करार दिया।

मान ने लोगों के अधिकारों के वास्ते लड़ने की भावना के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रशंसा की। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आम आदमी पार्टी की पार्षद शैली ओबेरॉय ने महापौर पद के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की रेखा गुप्ता को हरा दिया। मान ने ट्वीट कर कहा, लोकतंत्र की जीत... दिल्ली की जनता को बधाई...अरविंद केजरीवाल जी के जनता के हक की लड़ाई के जज्बे को सलाम।

## भाजपा का दावा, आप के चार पार्षदों ने की क्रास वोटिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने दावा किया कि आम आदमी पार्टी महापौर एवं उप महापौर का चुनाव जीत कर भी हार गई क्योंकि आम आदमी पार्टी के 3 पार्षदों ने महापौर चुनाव में तो 4 पार्षदों ने उप महापौर चुनाव मे भाजपा के पक्ष में मतदान किया और दो ने खाली पर्ची डाली जो घोषित परिणाम से साफ दिखाई रहा है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की अपने पार्षदों की क्रास वोटिंग से त्रस्त आम आदमी पार्टी अपनी महापौर का दुरुपयोग कर नियमों का उल्लंघन कर स्थायी समिति सदस्यों के चुनाव में अपने पार्षदों को फोन लेकर भेज रहे हैं। महामंत्री हर्ष मलहोत्रा जो पार्टी की ओर से निगम चुनाव कार्य देख रहे है ने बताया है की भाजपा के तीनों स्थायी समिति प्रत्याशियों ने महापौर कार्यालय में चुनाव में फोन के उपयोग पर आपत्ति की लिखित शिकायत की है।

### भाजपा के पूर्वी दिल्ली के सांसद गौतम गंभीर नहीं डाल पाये वोट



**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली से भाजपा सांसद गौतम गंभीर दिल्ली नगर निगम सदन में उप महापौर के चुनाव में मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए समय पर नहीं पहुंचे। क्रिकेटर से सांसद बने गंभीर के एक सहयोगी ने बताया कि महापौर के चुनाव में वोट डालने के बाद बाद वह अपने एक संबंधी को देखने अस्पताल चले गए। गंभीर के सहयोगी ने कहा, उन्होंने नव निर्वाचित महापौर को अपनी स्थिति के बारे में बताया था और उप महापौर के चुनाव में वोटिंग में शामिल होने के लिए शाम साढ़े चार बजे तक का समय मांगा था। लेकिन जब वह अपने संबंधी से अस्पताल में मिल कर वापस लौटे तब तक वोटिंग का समय समाप्त हो चुका था।

## पुलिस की कड़ी सुरक्षा में संपन्न हुआ मेयर चुनाव

**नई दिल्ली।** महापौर पद के चुनाव के दौरान नगर निगम सदन के भीतर और सिविक सेंटर परिसर में सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए थे। सदन के चैम्बर में महिलाओं समेत कई असैन्य सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं।

सिविक सेंटर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का मुख्यालय है। सिविक सेंटर के परिसर में बड़ी संख्या में अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। सदन की बैठक को ठीक तरह से चलाने के लिए और हंगामा करने वाले पार्षदों को पीठासीन अधिकारी के आसन तक नहीं आने देने के लिए बड़ी संख्या में मार्शल नियुक्त किए गए थे।

पिछली बैठक में हंगामा करने वाले सदस्य न केवल पीठासीन अधिकारी के करीब पहुंच गए थे बल्कि वहां पर रखे हुए दस्तावेज को फाड़ दिया था और माइक टेबल और कुर्सी भी तोड़ दिया था। इसके मद्दे नजर परिसर में दिल्ली पुलिस के साथ अर्द्धसैनिक बल को तैनात किया गया था।


बीमार होने के बाद भी भाजपा के विधायक अनिल वाजपेई ने अपने मत का प्रयोग किया। फोटो: रंजन डिमरी

## मेयर बनने के बाद विकास के लिए बहाना न बनाएं केजरीवाल : कांग्रेस

- भारद्वाज ने केजरीवाल और भाजपा को बताया एक ही सिक्के के दो पहलू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा और आप के बीच तनातनी के चलते तीन बार मेयर चुनाव विफल होने के बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद दिल्ली नगर निगम का मेयर चुनाव हुआ, जो भविष्य में लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है।

यह चिंता जताते हुए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज ने कहा कि अब दिल्ली को नया मेयर मिल गया है मुख्यमंत्री केजरीवाल अब विकास के लिए कोई बहाना न बनाएं।

ज्ञात रहे कि कांग्रेस पार्टी अपने फैसले के अनुसार मेयर चुनाव में शामिल नही हुई। अनिल भारद्वाज ने कहा कि आम आदमी पार्टी के निगम चुनाव के नारे केजरीवाल की सरकार और केजरीवाल के पार्षद पर जनता ने अपनी मोहर लगाकर बहुमत दिया और अब जब आम आदमी पार्टी की पार्षद मेयर का चुनाव भी जीत गई हैं तो जनता से गिए वायदों को पूरा करने में काई बहाना न हो। उन्होंने केजरीवाल को जनता से किए 10 गारंटी का वादा याद दिलाया।

वहीं अनिल भारद्वाज ने कहा कि फीडबैक यूनिट मामले में गृह मंत्रालय द्वारा सीबीआई को उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर कार्यवाही करने की इजाजत देने के बाद यह सुनिश्चित हो गया है कि जल्द मनीष सिसोदिया भी सत्येन्द्र जैन के साथ जेल में होंगे।

## दिल्ली पुलिस को मिले लॉ, एमबीए, एमटेक, एमसीए डिग्री वाले सिपाही




- पासिंग आउट परेड के बाद बल में 4870 जवान हुए शामिल
- पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा ने ली परेड की सलामी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस बल में बुधवार को 4,870 नए कांस्टेबल शामिल हो गए। इस नई भर्ती में कई जवान एमबीए, एम-टेक, एमसीए समेत कई तकनीकी शैक्षिक डिग्रियों वाले भी हैं। झड़ौदाकलां अकादमी में पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया।

जिसमें दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा ने परेड की सलामी ली। इस अवसर पर डायरेक्टर विजय सिंह ने सभी नए भर्ती कांस्टेबलों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस के कई स्पेशल पुलिस कमिश्नर, ज्वाइंट कमिश्नर कई जिला के डीसीपी भी शामिल हुए थे। भर्ती हुए कांस्टेबलों के हजारों परिवार वाले भी परेड देखने पहुंचे थे।

भर्ती हुए 4,870 नए कांस्टेबलों में कुछ खास है। इनमें 9 -एमबीए, 3 एम-टेक, 3 एमसीए, 75 एमएससी, 57 एमकॉम, 202 एमए, 06 एलएलबी, 01 बी. आर्किटेक्ट, 01 बीबीएस, 03 बीफॉर्मा, 25 बीसीए, 12 बीबीए, 158 बीटेक, 07 बीई, 01 बीडीएस, 870 बीएससी इसके अलावा कामर्स और आर्ट्स में स्नातक भी शामिल हैं। इसमें पोस्ट ग्रेजुएट किए 334 और ग्रेजुएट डिग्री धारी 2,687 कांस्टेबल हैं। कुल 4,866 में से 3,076 पुरुष और 1790 महिला कांस्टेबल हैं।

इनमें सबसे ज्यादा हरियाणा के 1469, राजस्थान के 1371 और उत्तर प्रदेश के 1135 निवासी हैं। दिल्ली के 420, मध्यप्रदेश के 208, बिहार के 145, उत्तराखंड के 34, झारखंड के 20, महाराष्ट्र के 18, हिमाचल प्रदेश के 15, पंजाब के 12, छतीसगढ़ के 6 के अलावा पश्चिम बंगाल, ओडिशा, जम्मू कश्मीर, आंध्र प्रदेश, केरल आदि राज्यों के भी रहने वाले दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल बने हैं।

### एनडीएमसी ने नागरिक कर्मचारी केंद्रित प्रस्तावों को दी मंजूरी

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने बुधवार को आयोजित बैठक में विभिन्न नागरिक और कर्मचारी केंद्रित प्रस्तावों पर विचार किया और उन्हें मंजूरी भी दी। यह जानकारी सतीश उपाध्याय, उपाध्यक्ष पालिका परिषद ने दी ।एनडीएमसी की बैठक में सभी परिषद् सदस्यों ने 4500 आरएमआर कर्मचारियों के नियमितीकरण की स्वीकृति और उसका राजपत्र घोषित किए जाने पर विशेष धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। इस नियमितीकरण के कार्य के लिये प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का धन्यवाद भी दिया। इस विशेष धन्यवाद प्रस्ताव को सतीश उपाध्याय ने रखा और परिषद के अन्य सभी सदस्यों ने इसका समर्थन किया।

### नांगलोई में नाबालिग का क्षत-विक्षत शव बरामद

**नई दिल्ली।** नांगलोई इलाके से एक लड़की (11) का क्षत-विक्षत शव बरामद होने के बाद पुलिस ने अपहरण और हत्या के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधिकारी के अनुसार मां के मुताबिक, उसकी बेटी नौ फरवरी को स्कूल गई थी और उसके बाद वापस नहीं लौटी। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) हरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जांच के दौरान पंजाब और मध्य प्रदेश में छापेमारी की गई और पश्चिम विहार के डेयरीवाला बाग निवासी आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने खुलासा किया कि वह नौ फरवरी को लड़की से मिला था। उसने उससे दोस्ती की और बाद में घेवरा इलाके में एक सुनसान जगह पर ले जाकर उसकी हत्या कर दी।

## निक्की हत्याकांड : साहिल को 12 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

- पुलिस ने प्राथमिकी में गहलोत समेत अन्य के खिलाफ नए आरोपों को शामिल किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मेट्रोपोलिटन अदालत ने अपनी प्रेमिका निक्की यादव की हत्या करने और उसके शव को एक फ्रिज में रखने के आरोपी साहिल गहलोत को बुधवार को 12 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में गहलोत एवं अन्य के विरूद्ध कई नए आरोपों को प्राथमिकी में शामिल किया है।

मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अर्चना बेनीवाल ने गहलोत को जेल भेजने का आदेश जारी किया। गहलोत को पांच अन्य आरोपियों के साथ अब छह मार्च को अदालत में पेश किया जाएगा। गहलोत के पिता, दो चचेरे भाइयों और दो दोस्तों को इस मामले में गिरफ्तार किया गया था। गहलोत के वकील डीएस कुमार ने कहा कि पहले भारतीय दंड संहिता की धाराओं 302 (हत्या) और 201 (अपराध का सबूत मिटाना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी लेकिन पुलिस ने उसमें धाराएं 120 बी, 34, 202 और 212 भी प्राथमिकी में जोड़ी है। सोमवार को दिल्ली की एक अदालत ने गहलोत की पुलिस हिरासत की अवधि दो दिन के लिए बढ़ा दी थी और पांच अन्य सह-आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

## डीयू में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी : कुलपति

- अव्यवस्था पैदा करने के लिए विश्वविद्यालय परिसर में दिखाया गया विवादास्पद वृत्तचित्र



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कुलपति योगेश सिंह ने कहा है कि परिसर में अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ छात्र संगठनों द्वारा ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) के विवादास्पद वृत्तचित्र को दिखाने का मकसद विश्वविद्यालय परिसर में अव्यवस्था पैदा करना था।

सिंह ने एक साक्षात्कार में कहा कि डीयू के बुनियादी ढांचे का कायाकल्प शीर्ष प्राथमिकता में है और नए पाठ्यक्रम पेश करने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डीयू विदेशी संस्थानों के साथ सहयोग के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि बीबीसी के विवादास्पद वृत्तचित्र को दिखाने का मकसद विश्वविद्यालय परिसर में अव्यवस्था पैदा करना था। और वे लोग ऐसा करने में कामयाब भी रहे। उन्होंने कहा, लेकिन मैं परिसर में इस तरह का व्यवहार नहीं होने दूंगा, इसलिए मामले की जांच के लिए सात सदस्ईय कमेटी गठित की गई। नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया और भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन ने पिछले महीने कहा था कि वे 2002 के गुजरात दंगों पर विवादित वृत्तचित्र इंडिया: द मोदी क्वेश्चन का डीयू के उत्तरी परिसर में अलग-अलग समय पर प्रदर्शन करेंगे। गौरतलब है कि 27 जनवरी को स्क्रीनिंग के दिन पुलिस और विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों को आगे बढ़ने से रोका तो हंगामा हो गया था।

# राजनीति को सिर्फ समाज सेवा का माध्यम बनाएं : नवीन गोयल

## वार्ड-23 में युवा भाजपा नेता गगन गोयल, समाज सेविका आशा गोयल ने किया मेरा वार्ड-मेरा परिवार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के वार्ड-23 में आयोजित कार्यक्रम में नवीन गोयल के साथ क्षेत्र के लोग।

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि राजनीति के क्षेत्र में कदम रखते समय हर किसी के मन में सिर्फ समाज सेवा की भावना होनी चाहिए। यह क्षेत्र आमजन की सेवा करने का ही माध्यम है।

ये बातें उन्होंने वार्ड-23 से भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन गुरुग्राम की जिला महामंत्री आशा गोयल की ओर से आयोजित मेरा वार्ड-मेरा परिवार कार्यक्रम में बोलते हुए कहीं। नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम शहर में रहते हुए हमें अपने इस शहर के सुधार में ना केवल अपने विचार रखने चाहिए, बल्कि उसमें अपनी भागीदारी भी सुनिश्चित करनी चाहिए। समाज हम सबको मिलाकर बनता है। एक सभ्य समाज बनाने के साथ अपने वातावरण, पर्यावरण को भी सुधारने में समाज के हर व्यक्ति की भागीदारी हो, ऐसे प्रयास भी हम सबको करने हैं। उन्होंने समाज सेवा में जुटे गगन एवं आशा गोयल के कार्यों की भी सराहना की। कोविड में भी उन्होंने जन सेवा को जारी रखा।

भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक डा. डीपी गोयल ने कहा कि राजनीति के क्षेत्र में एक सभ्य और मेहनती व्यक्ति का आना ही भविष्य के लिए अच्छा होता है। जिस सोच और जुनून के साथ हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी काम कर रहे हैं, उसी तरह का जुनून जमीन से जुड़े हर व्यक्ति में होना चाहिए। डाउन टू अर्थ रहकर काम करने वाले ही भविष्य में स्थापित हो पाते हैं। इस अवसर पर गगन गोयल ने कहा कि अपने वार्ड-23 का समग्र, सम्पूर्ण विकास करने का उद्देश्य लेकर ही उन्होंने समाज सेवा के लिए कदम बढ़ाया है। उन्हें उम्मीद है कि वार्ड के लोगों का इसी तरह से उन्हें प्यार और समर्थन मिलता रहेगा। इस अवसर पर समाजसेवी एवं उद्योगपति जेएन मंगला, एडवोकेट अभय जैन, नरेश जैन, अशोक महेश्वरी, प्रमोद किट्टी, रामनिवास मंगला के दोनों पुत्र, वाईपी गोयल, दीपचंद आरडब्ल्यूए प्रधान, रोहिल्ला, राजकुमार राव, वीरेंद्र यादव, मुकेश गर्ग, नीरा जैन, लक्ष्मण पाहुजा, धर्मेंद्र बजाज, बाली पंडित, गजेंद्र गुप्ता बॉबी समेत समाज के अनेक अग्रणी व्यक्तियों की उपस्थित रही। सभी ने गगन एवं आशा गोयल के समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रियता की सराहना की।

## सीबीआई ने सब्सिडी की एवज में पांच लाख की रिश्वत लेता बागवानी अफसर पकड़ा

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के बागवानी अधिकारी द्वारा एक व्यक्ति को सब्सिडी देने की एवज में 5 लाख रुपये रिश्वत लेते हुए सीबीआई ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बुधवार को हुई इस गिरफ्तार के बाद अधिकारी के गुरुग्राम व झुंझनू आदि शहरों में ठिकानों पर छापेमारी भी की गई।

इस गिरफ्तारी के बाद से विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार की योजना के तहत बागवानी गतिविधि के लिए राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड द्वारा सब्सिडी दी जाती है। एक व्यक्ति द्वारा यह सब्सिडी लेने के लिए बागवानी के वरिष्ठ अधिकारी से संपर्क किया गया। अधिकारी की ओर से सब्सिडी देने के लिए व्यक्ति से मोटी रिश्वत की मांग की गई। उनसे 5 लाख रुपये की राशि मांगी गई। पीड़ित व्यक्ति ने इसकी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद इस केस में सीबीआई आगे आगे आई। सीबीआई की ओर से रिश्वत मांगने वाले अधिकारी को रंगे हाथों पकड़ने की योजना तैयार की।

# एक दिन में 10000 बार हनुमान चालीसा का पाठ कर युवा पीढ़ी को दी प्रेरणा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।


गुरुग्राम में हनुमान चालीसा का पाठ करते साधक।

**चिन्तक,** विश्लेषक, समाजसेवी, उद्योगपति एवं न्यू कालोनी श्रीश्यामजी मंदिर के प्रधान बोधराज सीकरी ने एक दिन में 10000 बार हनुमान चालीसा का पाठ कराकर युवा पीढ़ी को प्रेरणा देने का काम किया है। उनका कहना है कि युवा पीढ़ी संस्कारवान बने और हमारी पुरातन सनातन वैदिक परम्पराओं को भी सदा स्मरण रखे।

पूनम माता द्वारा संचालित गढ़ी-हरसरू स्थित श्री माता वैष्णो देवी दरबार एवं फ्लायर पार्क सुशांत लोक सी-ब्लाक ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। श्री श्याम जी मंदिर न्यू कॉलोनी में करीब साढ़े 450 लोग इस महान यज्ञ में आहुति देने के लिए उपस्थित हुए। लगभग 200 ब्राह्मण भी इस आध्यात्मिक कार्य में शामिल हुए। जीएन गोसाईं ने व्यास गद्दी से लय और ताल के मिश्रण के साथ श्री हनुमान चालीसा के पठन का शुभारम्भ किया। समापन पर बोधराज सीकरी ने हनुमान चालीसा के अन्दर छुपे गूढ़ रहस्यों की जानकारी दी।

करीब 100 ब्राह्मणों और साधकों की श्याम मंदिर में उपस्थिति रही। वैष्णो देवी दरबार गढ़ी-हरसरू में 90 साधक हनुमान चालीसा का पठन करने के लिए उपस्थित रहे। सुबह 7:30 बजे फ्लायर पार्क में 35 महिला एवं पुरुषों ने सामूहिक रूप में 7-7 बार यानि 251 बार पाठ किया। इस प्रकार 3 स्थानों पर कुल 555 से अधिक साधक एकत्रित हुए। सभी ने मिलकर सामूहिक रूप से 10000 से अधिक बार पाठ पढ़ा। बोध राज सीकरी के कथनानुसार हमें अपनी भारतीय संस्कृति, परम्परा, कर्मकांड एवं उत्सवों को विशालतम और भव्य तरीके से मनाना चाहिए, ताकि हमारी युवा पीढ़ी एक तरफ संस्कारवान बनें, वहीं हमारी पुरातन सनातन वैदिक परम्पराओं को भी सदा स्मरण रखे। इस अवसर पर श्याम मंदिर की ओर से रणधीर टंडन, अश्वनी वर्मा, सुभाष ग्रोवर, मदन सतीजा, वीरेंद्र आहूजा, जगदीश रखेजा, तिलक चानना, छाबड़ा जी, राजेश शर्मा, दारा बुधिराजा, लीलू बुधिराजा, सतपाल नासा, गजेंद्र गोसाई, अशोक सीकरी, सहगल और बबलू आदि उपस्थित रहे। महिला प्रकोष्ठ की ओर से पूजा खेत्रपाल और पुष्पा नासा टीम के साथ उपस्थित रहे।

# गुरुग्राम के अहम मुद्दों पर यशपाल बत्रा ने सीएम को सौंपी पाती

### पुराने रेलवे रोड पर ही है निवर्तमान मेयर मधु आजाद का निजी आवास

संजय मेहरा। गुरुग्राम


पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर यशपाल बत्रा।

**गुरुग्राम** की निवर्तमान मेयर मधु आजाद के जैकबपुरा स्थित निजी आवास के पास से गुजर रहे न्यू रेलवे रोड समेत शहर के कई स्थानों पर समस्याओं के सुधार के लिए गुरुग्राम के पहले सीनियर डिप्टी मेयर एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने आवाज उठाई है। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को पत्र सौंपकर सुधार के सुझाव दिए हैं। मुख्यमंत्री ने जल्द ही समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया है।

भाजपा नेता यशपाल बतरा दो महीने से ज्यादा समय से जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। यशपाल बत्रा ने मुख्यमंत्री को पत्र सौंपकर गुरुग्राम के कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर सुझाव दिए हैं। पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर यशपाल बत्रा ने पत्र में लिखा है कि पुराने गुरुग्राम शहर में पुराना रेलवे रोड पर सिद्धेश्वर चौक से राजीव चौक तक का मार्ग महत्वपूर्ण है। यह ना केवल शहर के प्रमुख सदर बाजार के साथ से गुजरता है, बल्कि पुराने गुरुग्राम की 25 कालोनियों एवं सेक्टर को राष्ट्रीय राजमार्ग तक जोड़ने के लिए मुख्य मार्ग है। कबीर भवन चौक (शिव मूर्ति) से सिद्धेश्वर चौक होते हुए राजीव चौक तक सुबह 8 बजे से इस मार्ग पर जाम लगना शुरू होता है, जो कि देर रात तक बदस्तूर जारी रहता है। मात्र एक मिलोमीटर की दूरी तय करने के लिए यहां करीब आधा घंटा से अधिक का समय लग जाता है। यशपाल बत्रा ने सुझाव दिया है कि इस रोड पर जाम की समस्या के स्थायी निवारण के लिए यहां पर अंडरपास, फ्लाईओवर (तकनीकी रूप से जो भी सही हो) का निर्माण किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### श्याम यादव बने हरियाणा प्रदेश भाजपा के आईटी प्रमुख


श्याम यादव।

**गुरुग्राम।** लंबे समय से खाली पड़े हरियाणा प्रदेश भाजपा आईटी प्रमुख के पद पर गुरुग्राम निवासी श्याम यादव की नियुक्ति कर दी गई है। हरियाणा प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने इस बाबत अधिकारिक चिट्ठी जारी की है। श्याम यादव भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से छात्र जीवन से ही जुड़े रहे हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के श्याम लाल कॉलेज में अध्ययन करते हुए उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपनी राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी। उसके बाद श्याम यादव देश की कई बड़ी आईटी कंपनियों में प्रमुख पदों पर काम कर चुके हैं। साल 2019 से 4 वर्षों तक आईटी विभाग में ही वे सह-प्रमुख रहे। अब उनकी नियुक्ति प्रदेश आईटी प्रमुख के तौर पर की गई है। प्रदेश में आईटी प्रमुख नियुक्त करने पर श्याम यादव ने प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़, मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया है। श्याम यादव ने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है उस पर वे खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

# एडब्लूएस का शोध: एडवांस्ड डिजिटल स्किल वाले कर्मी भारत की वार्षिक जीडीपी में 507.9 बिलियन डॉलर की करते हैं बढ़ोत्तरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**एमेज़ॉन.**कॉम कंपनी, एमेज़ॉन वेब सर्विसेज (एडब्लूएस) ने आज एक नई शोध जारी किया। जिसमें सामने आया कि भारत में जो कर्मचारी एडवांस्ड डिजिटल स्किल्स जैसे क्लाउड आर्किटेक्चर या सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट का उपयोग करते हैं, वो भारत के वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में अनुमानित 507.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर (10.9 ट्रिलियन रु.) का योगदान देते हैं। इसका श्रेय 92 प्रतिशत ज्यादा वेतनों को जाता है, जो ये कर्मचारी समान शिक्षा वाले अन्य कर्मचारियों की तुलना में अर्जित करते हैं, जिनके पास डिजिटल कौशल नहीं है।

एडब्लूएस द्वारा कमीशन किए गए एवं गैलप द्वारा आयोजित किए गए "एशिया पैसिफिक डिजिटल स्किल्स स्टडी: द ईकॉनॉमिक बेनेफिट्स ऑफ ए टेक-सैवी वर्कफोर्स" में इस बात का आकलन किया गया कि एक टेक्नॉलॉजी-इनेबल्ड कार्यबल के निर्माण का कर्मियों, संगठनों एवं अर्थव्यवस्था के लिए कितना बड़ा फायदा है। इस अध्ययन के लिए भारत में विभिन्न सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के संगठनों एवं उद्योगों में काम करने वाले 2000 से ज्यादा व्यस्कों और 769 कर्मचारियों का सर्वेक्षण किया गया। इसमें मूलभूत डिजिटल कौशल और ईमेल, वर्ड प्रोसेसर, एवं अन्य ऑफिस प्रोडक्टिविटी सॉफ्टवेयर और सोशल मीडिया के उपयोग की क्षमता का अध्ययन किया गया। इंटरमीडिएट डिजिटल स्किल्स में ड्रैग-एंड-ड्रॉप वेबसाईट डिजाइन, ट्रबलशूटिंग एप्लीकेशंस, एवं डेटा एनालिसिस शामिल थे। एडवांस्ड डिजिटल स्किल्स में क्लाउड आर्किटेक्चर या मेंटेनेंस, सॉफ्टवेयर या एप्लीकेशन डेवलपमेंट, आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस (एआई), और मशीन लर्निंग शामिल थे।

अमित मेहता, हेड ऑफ ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन, एडब्लूएस इंडिया प्राईवेट लिमिटेड ने कहा, "गैलप के अध्ययन में सामने आया कि भारत में देश में हो रहे डिजिटल परिवर्तन में सहयोग करने के लिए क्लाउड की प्रतिभाओं के एक मजबूत समूह का निर्माण कर अपार आर्थिक फायदे प्राप्त करने का बेहतरीन अवसर है। एडब्लूएस टेक महिंद्रा फाउंडेशन, पर्फियोज, ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) और अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम) जैसे संगठनों के साथ काम कर रहा है, ताकि डिजिटल कौशल के अंतर को दूर करने में मदद की जा सके। एडब्लूएस ने 2017 से भारत में चार मिलियन लोगों को बेसिक, इंटरमीडिएट, और एडवांस्ड क्लाउड कौशल में प्रशिक्षण दिया है, और हमारा काम अभी भी जारी है।'

## अवैध अहाता संचालकों पर डंडा, सात लोग धरे गए

**गुरुग्राम।** पुलिस की अपराध शाखा सेक्टर-17 पालम विहार, फेज-4 व बादशाहपुर की पुलिस टीमों ने अवैध रूप से चलाए जा रहे शराब अहातों पर छापेमारी करके भंडाफोड़ किया। आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्थित 15 शराब के अहातों पर रेड की गई, जिनमें से 7 शराब अहाते अवैध रूप से संचालित पाए गए। सभी 7 अवैध शराब अहातों पर शराब पीने वाले व्यक्तियों को पुलिस टीमों द्वारा शराब पीते हुए रंगे हाथ काबू किया गया। पुलिस टीमों द्वारा शराब अहाता के संचलकों/मालिकों व रेड के दौरान शराब पीते हुए पाए गए व्यक्तियों के खिलाफ सम्बन्धित थानों में केस दर्ज करके आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों व शराब अहातों से शराब की बोतलें, शराब की खाली बोतलें, मेज, कुर्सियां, गिलास इत्यादि समान भी बरामद किया।

# विदेशियों से ठगी करने वाले फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़

### पुलिस ने कॉल सेंटर संचालक समेत चार लोगों को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में अवैध रूप से कॉल सेंटर चलाकर विदेशियों से ठगी के आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

**विदेशी** मूल के लोगों को कस्टमर सपोर्ट सर्विस देने के नाम पर उनके साथ ठगी करने वाले फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ हुआ है। इस मामले में पुलिस ने कॉल सेंटर संचालक सहित कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही इस वारदात को अंजाम देने के लिए प्रयोग की जाने वाली स्क्रिप्ट, चार लैपटॉप व चार मोबाइल फोन भी पुलिस ने कब्जे में लिए हैं।

जानकारी के अनुसार पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सेक्टर-109 स्थित ब्रिस्क सोसायटी के बी-ब्लॉक स्थित फ्लैट नंबर-122 में छापेमारी की थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि वहां से विदेशी लोगों को कस्टमर स्पोर्ट सर्विस देने के नाम पर धोखाधड़ी से ठगी करने के लिए कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा है। साइबर थाना मानेसर के प्रबंधक निरीक्षक नरेश कुमार की अगुवाई में टीम ने वहां पर छापेमारी की। इस दौरान फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा हुआ। पुलिस ने मौके से फर्जी कॉल सेंटर संचालक नवीन कुमार के अलावा मोहम्मद अयूब, हनुमतु राव, कर्णदीप को काबू किया। उनके द्वारा बिना किसी वैध लाइसेंस के अवैध रूप से कॉल सेन्टर चलाया जा रहा था। ऐसे में उनके खिलाफ केस दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया गया।

आरोपियों से पुलिस पूछताछ में पता चला है कि वे पिछले एक वर्ष से अलग-अलग किराये पर फ्लैट लेकर वहां से विदेशी लोगों को पॉपअप मैसेज भेजकर उनके पे-पल खाता से ट्रांसजक्शन होने के नाम पर गुमराह करते थे। उनके कम्प्यूटर सिस्टम का ऐक्सेस लेकर उनसे 200-500 डॉलर की ठगी करते है। पुलिस से बचने के लिए प्रत्येक तीन महीने में अपना ठिकाना बदलकर किसी अन्य सोसायटी में शिफ्ट हो जाते थे। इससे पहले वे दिल्ली में एक कॉल सेन्टर पर काम करते थे। वहां से नौकरी छोड़ने के बाद वे फर्जी कॉल सेंटर चलाकर ठगी करते थे।

# क्लोविया ने हिसार में अपने पहले स्टोर लॉन्च के साथ किया अपने रीटेल फुटप्रिन्ट का विस्तार

पायनियर समाचार सेवा। हिसार




**भारत** के प्रीमियर, स्लीपवियर एवं एक्टिववियर ब्राण्ड क्लोविया ने हाल ही में हरियाणा के हिसार में अपना पहला एक्सक्लुज़िव ब्राण्ड आउटलेट खोला है। 411 वर्गफीट में फेला यह नया स्टोर डीएसएस 59, सीएचई एलआईडीएचएस रोड़ पर स्थित है, जहां क्लोविया के आरामदायक एवं स्टाइलिश इनरवियर, स्लीपवियर एवं एक्टिववियर की सम्पूर्ण रेंज तथा क्लोविया की ओर से पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स की स्किविया रेंज को भी पेश किया गया है।

दूसरे एवं तीसरे स्तर के शहरों में विस्तार की योजनाओं के तहत क्लोविया ने हिसार में प्रवेश किया है, क्योंकि इन क्षेत्रां के ज़्यादातर उपभोक्ता क्लोविया के साथ दोबारा खरीददारी कर रहे हैं।

क्लोविया अपने स्टोर्स में उपभोक्ताओं के लिए नियमित रूप से मीट-अप्स का आयोजन भी करता है। इससे ब्राण्ड को उपभोक्ताओं के साथ जुड़ने, उनकी ज़रूरतों को समझने, उनसे सुझाव लेने और इस्तेमाल किए गए प्रोडक्ट्स पर फीडबैक लेने का मौका मिलता है। क्लोविया के प्रोडक्ट्स अग्रणी मल्टी-ब्राण्ड स्टोर्स (ऑफलाईन एवं ऑनलाईन) तथा इसके अपने एक्सक्लुज़िव स्टोर्स एवं www.clovia.com पर भी उपलब्ध हैं। लॉन्च के अवसर पर श्री पंकज वरमानी, संस्थापक एवं सीईओ, क्लोविया ने कहा, "क्लोविया में हम उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए अपने प्रोडक्ट्स एवं रीटेल स्टोर में निरंतर इनोवेशन करते हैं। हिसार में इस नए एक्सक्लुज़िव ब्राण्ड आउटलेट के साथ हम शहर के ज़्यादा से ज़्यादा उपभोक्ताओं तक पहुंच कर उन्हें खरीददारी का बेजोड़ अनुभव प्रदान करना चाहते हैं। तकनीक, इनोवेशन एवं फैशन का अनूठा संयोजन हमें भारत में सबसे तेज़ी से विकसित होते लॉन्जरी ब्राण्ड के रूप में स्थापित करता है। हमें विश्वास है कि हिसार का यह स्टोर हमारे उपभोक्ताओं को नया अनुभव प्रदान करेगा।'

# जीयू के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने राष्ट्रीय संगोष्ठी का पोस्टर किया लॉन्च


गुरुग्राम विवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी का पोस्टर लांच करते कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व अन्य।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** विश्वविद्यालय का डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक्स आगामी 14 मार्च को आत्मनिर्भर भारत: सतत विकास और समावेशी अर्थव्यवस्था विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन करेगा। इस संगोष्ठी का बुधवार को पोस्टर लांच किया गया।

जीयू के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय परिसर में यह पोस्टर लांच किया। इस मौके पर उनके साथ जीयू के कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह, डॉ. सुभाष कुंडू, प्रो. नीरा वर्मा, डॉ. गायत्री रैना आदि उपस्थित रहे। डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक्स की चेयरपर्सन प्रो. नीरा वर्मा ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण है, जो अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचे, प्रणाली, जनसांख्यिकी और मांग के मामले में भारत को एक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के बारे में है।

आगामी 14 मार्च को राष्ट्रीय संगोष्ठी में तमाम विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। संगोष्ठी में यूएनडीपी के 17 सतत विकास लक्ष्यों के संदर्भ में भारत के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण पांच थीम गरीबी और भुखमरी का पूर्ण निवारण, अच्छा स्वास्थ्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कम असमानता और समावेशी विकास, जलवायु परिवर्तन नीली अर्थव्यवस्था और सतत ऊर्जा, नवाचार, बुनियादी ढांचा और आर्थिक विकास रखी गयी है। संगोष्ठी में देश भर के पेशेवर, शिक्षाविद्, शोधकर्ता, एम.फिल/पीएचडी विद्वान, पीजी के छात्र भाग लेंगे।

# अमेजन द प्लस शॉप के लॉन्च के साथ दे रहा है, सभी को फैशनेबल बनने का मौका

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अमेजन फैशन पर पहली बार 22 से 26 फरवरी के बीच प्लस-साइज इवेंट आयोजित किया जा रहा है। यह प्लस शॉप ग्राहकों को कम से कम 50 फीसदी की छूट के साथ 2**XL** से 8**XL** साइज में सबसे ट्रेंडी परिधान पेश कर रही है।

अमेजन फैशन ने द प्लस शॉप के लॉन्च की घोषणा की है। इस विशेष रूप से तैयार किए गए स्टोर में भारत के टॉप ब्रांडों के प्लस-साइज परिधानों को पेश किया गया है। सभी साइज के लोगों को फैशनेबल परिधान की पेशकश करते हुए, द प्लस शॉप ग्राहकों को बेहद आसानी से अपना मनचाहा लुक पाने में मदद करता है। इससे ग्राहक मोटापे के बावजूद खुद को आत्मविश्वास के साथ पेश कर सकते हैं। यह स्टोर 22 फरवरी 2023 से शुरू हो रहा है। यहां ग्राहकों को 2**XL** से लेकर 8**XL** साइज में दिन से लेकर रात तक, हर जरूरत के लिए ट्रेंडी कपड़े खरीदने का मौका मिलेगा। द प्लस शॉप में 450 ब्रांडों के 6 लाख से अधिक उत्पादों को पेश किया गया है। ये सभी खूबियां इसे भारत में सभी प्लस-साइज ग्राहकों का सबसे पसंदीदा गंतव्य बनाती हैं। नया स्टोर ग्राहकों को सभी साइज के आरामदायक कपड़ों की खरीदारी करने, सबसे लोकप्रिय ट्रेंड पर विशेषज्ञों से राय लेने और उनके सबसे पसंदीदा ब्रांडों पर टॉप डील्स हासिल करने में मदद करता है। इस लॉन्च के साथ, अमेजन फैशन 22 से 26 फरवरी 2023 तक अपना पहला प्लस-साइज़ शॉपिंग इवेंट पेश कर रहा है। यहां बीबा, बिगबनाना, प्लस, एलन सोली, एनवाईकेडी और यूएस पोलो एसोसिएशन सहित 450 ब्रांडों के 6 लाख से अधिक स्टाइल पेश की जाएगी। खास बात यह है कि भारत में प्लस-साइज फैशन का यह सबसे हॉट सेलेक्शन अमेजन फैशन पर 50त्न की छूट के साथ उपलब्ध होगा।

सौरभ श्रीवास्तव, डायरेक्टर एवं हेड, अमेजन फैशन इंडिया ने कहा, भारत में प्लस-साइज सेगमेंट तेजी से विकसित हो रहा है। हम फैशन की दृष्टि से सबसे विस्तृत विकल्प पेश करना चाहते हैं और अपने बड़े कस्टमर बेस की सभी जरूरतों को पूरा करना चाहते हैं। प्लस-साइज परिधान से जुड़ी सभी जरूरतों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में द प्लस शॉप को लॉन्च करने के साथ, हमारा उद्देश्य है कि हम ग्राहकों को शानदार कीमत के साथ खरीदारी का सुविधाजनक अनुभव प्रदान करें।

# रेडक्रॉस सोसायटी में दिव्यांगों को दिए उपकरण, सामाजिक संस्थाओं को सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम रेडक्रॉस सोसायटी में दिव्यांगों को तिपहिया साइकिल वितरित करते अतिथि।

**सामाजिक** न्याय और अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से यहां रेडक्रॉस सोसायटी परिसर में सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में भारत सरकार की एडिप योजना एवं गिसेक एंड डेवरियंट इंडिया प्रालि की सीएसआर योजना के तहत दिव्यांगों को नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरित किए गए। इसमें दिव्यांगों को ट्राई साइकिल, टीबी मरीजों को कंबल, हाईजीन किट, डाइट राशन दिया गया। प्रवासी मजदूरों को भी राशन दिया गया।

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की व्यवस्तता के चलते उनकी पुत्री आरती राव मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची। विशिष्ट अतिथि के रूप में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा के महासचिव डा. मुकेश अग्रवाल पहुंचे। कार्यक्रम में सहायक उपकरण उपलब्ध कराने में क्रियान्वयन संस्था भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) व जिला प्रशासन एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी गुरुग्राम का भी सहयोग रहा। जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव व रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रशिक्षण अधिकारी जतिन शर्मा ने किया।

# प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड ने दिल्ली एनसीआर में जर्मन ब्रांड नोबिलिया के पहले एक्सपीरियंस केंद्र का उद्घाटन किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




**भारत** की प्रमुख बिल्डिंग मटेरियल कंपनियों में से एक, प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड ने यूरोप के सबसे बड़े मॉड्यूलर किचन निर्माता नोबिलिया के साथ रणनीतिक साझेदारी के अंतर्गत इस जर्मन ब्रांड के लिए गुरुग्राम में एक्सपीरियंस केंद्र शुरू किया है। इस एक्सपीरियंस केंद्र का उद्घाटन मि. माइकल बेहर - अंतर्राष्ट्रीय सेल्स मैनेजर, नोबिलिया, जर्मनी ने मि. पंकज शर्मा प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड, प्रेसिडेंट-जॉनसन बाथरूम और नोबिलिया किचंस के साथ किया।

नोबिलिया एक्सपीरियंस केंद्र तिक्रीवाल ट्रेडिंग कंपनी, ए-27/62, डीएलएफ फेस-1, गुरुग्राम, हरियाणा में स्थित है। यह केंद्र नोबिलिया के लेटेस्ट पेशकश को प्रदर्शित करता है, जिसमें एंटी-फिंगरप्रिंट शटर, ओपन पोर विनीयर के नए फिनिश और नवीनतम ग्लास फिनिश भी शामिल हैं। ये नए इनोवेटिव सॉल्यूशंस अद्वितीय हैं और एशिया-पैसिफिक क्षेत्र के क्लाइंट्स की जरूरतों पर आधारित हैं।

पंकज शर्मा, प्रेसिडेंट-जॉनसन बाथरूम और नोबिलिया किचन ने कहा, गुरुग्राम में नोबिलिया एक्सपीरियंस केंद्र नोबिलिया की विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी और जॉनसन की विश्व स्तरीय समाधान प्रदान करने की विरासत का मिलाजुला तालमेल है। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड मॉड्यूलर किचन व्यवसाय पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जो अपने विविध उभरते व्यवसायों के बीच एक अभिन्न विकास का आंग है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 23 फरवरी, 2023



# शहर की पहचान हनुमानजी की मूर्ति हो रही दुर्दशा का शिकार

## मूर्ति का सपना देख रहे पुजारी की हत्या आज भी है रहस्यमय

कविता। फरीदाबाद

गुरुग्राम मार्ग पर स्थित त्रिवेणी हनुमान मंदिर के नाम से मशहूर मंदिर में रामभक्त हनुमानजी की 111 फीट ऊंची विशाल प्रतिमा एशिया की सबसे बड़ी बैठी हुई प्रतिमाओं में शुमार है। जहां दर्शकों का तांता लगा रहता है, लेकिन यह प्रतिमा देखरेख के अभाव में खराब हो रही है। त्रिवेणी हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी स्व. तेजराम के बेटे खेमचंद इसे लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहते हैं।


देखभाल के अभाव में हनुमानजी की मूर्ति से उतरा पेंट।

उनका कहना है कि देश के सबसे ऊंचे तिरंगे के बाद रामभक्त हनुमान की विशालकाय प्रतिमा के लिए भी जिले का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाए, लेकिन मूर्ति का रंग अब प्रदूषण से उतरने लगा है।

**सबसे बड़ी मूर्ति:** खेमचंद ने बताया कि बैठे हुए हनुमानजी की इतनी बड़ी मूर्ति कहीं और नहीं है। प्रतिमा के मुकुट की ऊंचाई करीब 31 फीट, गदा 71 फीट, छाती 41 फीट, दुपट्टा करीब 100 फीट, पूंछ की लंबाई 101 फीट, 31 फीट, कलाई की लंबाई 10 फीट और हाथ में 11 फीट का कड़ा है। इसका डिजाइन राजस्थान के एक इंजीनियर ने तैयार किया था। इसे बनाने का काम बिहार और राजस्थान के 40 कर्मचारियों ने किया था।

**पुजारी की हत्या व लूट की घटना:** गुरूग्राम-फरीदाबाद रोड पर बड़खल गांव निवासी स्व. तेजराम ने सूरजकुंड बडखल मार्ग पर एक भव्य मंदिर बनाने का सपना देखा था।

उन्होंने करीब 44 साल पहले यहां मंदिर की नींव रखी थी। मंदिर में फर्श डलवाने के लिए लोगों की मदद लेकर ढाई लाख रुपये भी जमा किये थे। चार सितम्बर 2005 को मंदिर में फर्श डालने का काम होना था। इसलिए तेजराम तीन सितम्बर 2005 को ढाई लाख रुपये मंदिर में ले आए थे। देर रात अज्ञात लोगों ने कुल्हाड़ी से उनकी हत्या कर दी और रुपये लूट कर फरार हो गए। अध्ययन करने पर पता चलता है कि जो भी हत्यारा है, उसे स्व. तेजरात जरूर पहचानते होंगे, यदि अज्ञात होते तो वह एक 62 साल के वृद्ध व्यक्ति को बंधक बनाकर भी रुपये लूटकर फरार हो सकते थे। हालत देखकर साफ था कि आरोपियों को उनके पास रकम होने की जानकारी भी थी। तेजराम करीब 20 साल तक मंदिर में रहकर पूजा पाठ कर रहे थे। कई बार मंदिर में उनके पास रुपये भी होते थे, लेकिन इससे पहले यहां चोरी या लूट की कोई वारदात नहीं हुई थी। लेकिन आज करीब 18 साल बाद भी इस घटना का खुलासा नहीं हो पाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बुनियाद लेबल दो की परीक्षा हुई सम्पन्न


परीक्षा देते विद्यार्थी।

**फरीदाबाद।** जिले के तीन सेंटरों पर बुनियाद लेबल दो की परीक्षा सम्पन्न हुई। यह परीक्षा जिले के तीन स्कूलों में सम्पन्न हुई। दोपहर एक से तीन बजे तक तिकोना पार्क स्थित जीएसएसएस एनआईटी एक में, फरीदपुर के सरकारी स्कूल में और सेक्टर-तीन के सरकारी स्कूल में परीक्षा हुई। इस विषय में जानकारी देते हुए मुनेश चौधरी ने बताया कि बुनियान परीक्षा सभी सेंटरों पर शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। जिसमें कुल 1011 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें कुल 962 विद्यार्थी की उपस्थित रहे। वहीं परीक्षा के दौरान 49 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। यानि जिले में बुनियाद परीक्षा में कुल 95.15 प्रतिशत की उपस्थिति विद्यार्थियों ने दर्ज करवाई। यह प्रतियोगिता जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में जिला साईंस सुपरस्पेशलिस्ट कृष्ण शर्मा के अंडर में हुई। कृष्ण शर्मा ने बताया कि इस परीक्षा के बाद विद्यार्थी बुनियाद सेंटर में ले सकते है। जिसमें दो पुराने सेंटर सेक्टर-28 और सेक्टर-55 के सरकारी स्कूलों में है और दो नए सेंटर जो इस वर्ष शुरू किए गए है, वह सेक्टर-तीन और एनएच-पांच के सरकारी स्कूल में है।

### सात साल से फरार इनामी बदमाश गिरफ्तार किया

**फरीदाबाद।** थाना सेक्टर आठ प्रभारी नवीन कुमार तथा पुलिस चौकी सेक्टर 11 प्रभारी प्रदीप मोर की टीम ने 7 वर्ष से फरार चल रहे पीओ को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम मुनेश उर्फ मनीष उर्फ मुंडक है। जो फरीदाबाद की डबुआ कॉलोनी का रहने वाला है। फरवरी 2011 में सेक्टर 8 थाने में चोरी के धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था जिसमें आरोपी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। जिसके पश्चात आरोपी जमानत पर बाहर आ गया और अदालत से तारीख पर गैरहाजिर रहने लगा। कई बार अदालत से गैरहाजिर रहने पर वर्ष 2015 में अदालत द्वारा आरोपी को पीओ घोषित किया गया और उसपर 2000 रुपये का इनाम रखा गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी परंतु आरोपी हर बार पुलिस की गिरफ्त से बचता रहा। अंतत: डीसीपी व एसीपी बल्लभगढ़ द्वारा पीओ व बेल जंपर को पकड़ने के लिए चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए जगह बदल बदल कर रहा था और उसने तारीख पर जाना बंद कर दिया था जिसके पश्चात आरोपी को पीओ घोषित किया गया और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में दोबारा पेश करके जेल भेज दिया गया है।


फरार चल रहा आरोपी मुनेश उर्फ मनीष उर्फ मुंडक पुलिस गिरफ्त में

# उभरती प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रोजगार के लिए युवाओं को होना होगा तैयार : राज्यपाल

## राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के 1155 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को डिग्रियां प्रदान की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने युवाओं को नई उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करने का आह्वान किया है। कहा है कि युवाओं को प्रौद्योगिकी, नवाचार तथा अनुसंधान के क्षेत्र में ध्यान देना चाहिए। हरियाणा राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय आज फरीदाबाद के जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के चतुर्थ दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे है। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति के रूप में बंडारू दत्तात्रेय ने कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में विद्यार्थियों को उपाधि, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किये।

इस अवसर पर हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष प्रो. बृज किशोर कुठियाला विशिष्ट अतिथि रहे तथा दीक्षांत अभिभाषण दिया। दीक्षांत समारोह के दौरान वर्ष 2017 से 2020 एवं वर्ष 2022 में डिग्री पूर्ण करने वाले विश्वविद्यालय के 2768 में से 1155 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को कुलाधिपति ने डिग्रियां प्रदान की। इनमें 633 स्नातक और 511 स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं तथा 11 शोधार्थी शामिल रहे। साथ ही, विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डेवलपमेंट के अंतर्गत वर्ष 2021 तथा 2022 में बी.वोक की डिग्री पूरी करने वाले 213 छात्रों को भी राज्यपाल द्वारा डिग्री प्रदान की गई। दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक विजेताओं में छात्राओं का प्रतिनिधित्व उत्साहजनक रहा देखने को मिला। कुल 13 स्वर्ण पदक विजेताओं में से 8 छात्राएं रही। लड़कों की तुलना में लड़कियों के बेहतरीन प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री दत्तात्रेय ने कहा कि यह एक अच्छा संकेत है जो साबित करता है कि लड़कियां हर क्षेत्र में अग्रणी हैं। उन्होंने कहा कि हमें महिलाओं को समाज में आगे बढ़ाना है। महिलाएं आगे बढ़ेंगी तो देश आगे बढ़ेगा।


दीक्षांत समारोह के उपरांत स्वर्ण पदक विजेताओं के साथ राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर तथा अन्य

बेरोजगारी को देश की बड़ी समस्या बताते हुए राज्यपाल ने कहा कि बेरोजगारी का समाधान कौशल है। नौकरी तभी मिलेगी, जब डिग्री लेने वाले युवाओं के पास रोजगार के लिए जरूरी कौशल होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को कौशलवान बनाने की दिशा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एक महत्वपूर्ण कदम है। यह नीति बेरोजगारी और गरीबी दूर करने वाली शिक्षा नीति है। इस नीति में औद्योगिक जरूरतों एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित शिक्षा पर बल दिया गया है। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने अपने स्वागतीय संबोधन में अतिथियों का अभिनंदन किया तथा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कुलपति ने विगत वर्षों की विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय ने विभिन्न गुणवत्ता मानदंडों पर खुद को साबित किया है। इस समय विश्वविद्यालय में लगभग 60 पाठ्यक्रम पढ़ाये जा रहे है। विश्वविद्यालय ने नई शोध सुविधाओं तथा ढांचागत व्यवस्थाओं को विकसित किया है तथा रोजगार एवं प्रशिक्षण गतिविधियों को बढ़ावा दिया है। उन्होंने नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विश्वविद्यालय के नये परिसर को लेकर भी प्रतिबद्धता जताई। समारोह के अंत में कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने धन्यवाद प्रस्तुत किया तथा राष्ट्रगान के साथ दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर वाईएमसीए मॉब एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष सुखदेव सिंह, एमसीएनयूजेसी, भोपाल से प्रो. पी. शशिकला रामचंद्रन, एमडीयू रोहतक से प्रो. (सेवानिवृत्त) एस.एन. मिश्रा, विश्वविद्यालय की विभिन्न निकायों के सदस्य और जिला प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित थे।

# प्रोपर्टी टैक्स न देने पर 29 इकाईयों को निगम ने किया सील

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**निगमायुक्त** जितेंद्र कुमार के निर्देश पर 22 फरवरी को भी नगर निगम फरीदाबाद द्वारा सीलिंग ड्राइव चलाई गई। जिसके तहत 29 इकाईयों को सील किया गया। जिसके अंतर्गत एनआईटी जोन-1 में 13 इकाईयों को सील किया गया। जिन पर करीब 48 लाख रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है, एनआईटी जोन-3 में 10 इकाईयों को सील किया गया। जिन पर करीब 10.41 लाख रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है, बल्लभगढ़ जोन-2 में 06 इकाईयों को सील किया जिन पर करीब 03.27 लाख रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है।

उल्लेखनीय है कि सील की गई इकाईयों की सार्वजनिक नीलामी करने की कारवाई नगर निगम द्वारा तुरन्त ही अमल मे लाई जाने वाली है यदि इन बकायादारो ने समय रहते अपने बकायाजात जमा नहीं कराए। अत: निगमायुक्त ने करदाताओं से अपील की है कि कठोर कारवाई से बचने के लिये सभी अपने-अपने बकायाजात की अदायगी तुरन्त करें। निगमायुक्त ने आगे बताया कि नगर निगम द्वारा इस प्रकार की सीलिंग की कार्यवाही चलती रहेगी। इसके साथ-साथ आयुक्त नगर निगम ने अधिकारियों को भी स्पष्ट किया कि सभी बकायादारो से सम्पति कर 31 मार्च तक वसूल किया जायेगा।


निगम कर्मी सीलिंग करते हुए

### उपायुक्त ने बड़खल झील के जीर्णोद्धार कार्य का किया निरीक्षण

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बुधवार को बड़खल झील पर चल रहे जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित फरीदाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड वरिष्ठ अधिकारियों एवं ठेकेदारों को समय अनुसार कार्य को पूरा करने के सख्त आदेश दिए। उपायुक्त ने बड़खल झील पर बन रहे बांध, पार्किंग, फुटओवर ब्रिज, एस्केलेटर, बाउंड्री वॉल, सीवर लाइन आदि के निर्माण कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने फरीदाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों को आदेश देते हुए कहा कि यदि ठेकेदार निर्माण कार्य में देरी करे या समयानुसार अपना कार्य करने में असमर्थ रहे तो उस ठेकेदार के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाए व उसपर पेनल्टी लगाई जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में इस्तेमाल हो रहे कंस्ट्रक्शन मैटेरियल की जांच की ठीक प्रकार से करवा ली जाए। इस कार्य में कोताही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाएगी।

# जिलाधीश ने दी पांच विदेशियों को भारतीय नागरिकता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिलाधीश** विक्रम सिंह ने बुधवार को 5 विदेशी नागरिकों को भारतीय नागरिकता प्रदान की है।

आपको बता दें पूरे देश में 13 जिलाधीशों को ही भारत सरकार ने यह विदेशी नागरिकों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने की शक्ति प्रदान की है। इनमें फरीदाबाद का जिलाधीश भी शामिल हैं। केंद्र सरकार ने नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 16 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अफगानिस्तान, बांग्लादेश, पाकिस्तान देश के अल्पसंख्यक समुदायों के किसी भी व्यक्ति को भारतीय नागरिकता देने का अधिकार जिलाधीश को भारतीय नागरिकता अधिकार देने का अधिकार प्रदान किया गया है। नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 5 के अधीन भारत के नागरिक के रूप में रजिस्ट्री कृत करने अथवा धारा 6 के अधीन उसे देशीकरण संबंधी प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए उसके द्वारा प्रयोग की जाने वाली शक्तियों के तहत यह नागरिकता जिलाधीश विक्रम सिंह ने प्रदान की है। देश के गुजरात राज्य के मोरबी, राजकोट, पाटन एवं बड़ोदरा और छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग तथा बलोदा बाजार, राजस्थान प्रांत के जालौर, उदयपुर, पाली, बाड़मेर और सिरोही, हरियाणा प्रांत के फरीदाबाद तथा पंजाब प्रांत के जालंधर के जिलाधीश को भारत सरकार ने नागरिकता प्रदान करने का अधिकार दिया है। बुधवार को विदेशी नागरिकों को उपायुक्त विक्रम ने भारतीय नागरिकता की शपथ दिला कर भारतीय नागरिकता प्रदान की।


विदेशी नागरिकों को शपथ दिलाकर नागरिकता प्रदान करते डीसी जितेंद्र यादव।

### छोटी अवधि के रोजगारपरक कोर्स शुरू करेगा विश्वविद्यालय

**फरीदाबाद।** श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय कम पढ़े लिखे प्रतिभाशाली युवाओं के लिए शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू करेगा, ताकि वह है छोटी अवधि के कोर्स करने के बाद रोजगार प्राप्त कर सकें।

श्रीविश्वकर्मा कौशल विवि के कुलपति राज नेहरू ने बताया कि यह कोर्स रोजगारपरक होंगे। कोर्स पूरा करने के बाद विद्यार्थी न केवल खुद अपना काम शुरू कर सकेंगे, बल्कि उनके लिए रोजगार की भी प्रबल संभावनाएं होंगी। उन्होंने बताया कि तीन महीने का फ्लेबॉटोमिस्ट कोर्स शुरू किया जा रहा है।

# बीसीए और बीटेक के विद्यार्थियों को दी ट्रेनिंग

## काले में शुरू हुए नए कोर्स के लेकर उत्साहित दिखे छात्र

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पंडित** एलआर कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी में बुधवार को कंप्यूटर विभाग के बीसीए और बीटेक के छात्रों को डस्टबीन टेकनोलॉजी एनआईटी फरीदाबाद व अन्य विभाग से ट्रेनर ने लाइव प्रोजेक्ट ट्रेनिंग पर छात्रों को नई टेक्नोलॉजी बैव 3.0 और फुल स्टैक डेवलपमेंट पर छात्रों को ट्रेनिंग दी गई।

बीसीए और बीटेक के छात्रों इस नए कोर्स के लेकर बहुत ही उत्साहित थे क्योंकि इस डिजिटल दौर के समय इस ट्रेनिंग से छात्रों को काफी लाभ मिल सकता है। कंपनी से आये टीम लीडर्स सेवा राम एंड बेजुऐंद्र दास ने एडवांस टेक्नोलॉजी के बारे काफी डिटेल में बताया की फुल स्टैक डेवलपर की कंप्यूटर क्षेत्र में काफी डिमांड है। छात्रों को आश्वासन दिया लगातार इस तरह से नई टेक्नोलॉजी के प्रोजेक्ट पर कार्य करके काफी कुछ जानकारी मिल जाती है व प्लेसमेंट के समय में बहुत ऑप्शन मिल जाते है।



इस कार्यशाला में कॉलेज के चैयरमेन एलसी भारद्वाज, वॉयस चेयरमैन गौरव भरद्वाज प्रिंसिपल (प्रोफसेर) आरपी आर्य, डीन अकादमिक डॉ बीआर बुन्देल, प्लेसमेंट ऑफिसर, एचओडी अमित कुमार दुबे व अन्य अध्यापक गण उपस्थित थे। चेयरमैन एलसी भारद्वाज ने बताया कॉलेज में पेर्सनलिटी डेवलपमेंट वर्कशॉप एव परिक्षिषण वर्कशॉप का आयोजन लगातार छात्रों की कम्युनिकेशन स्किल व् आत्मविश्वास स्तर बढ़ाने कॉलेज परिसर में नियमित रूप से चलती रहती है। इस तरह के प्रिशिक्षण से सफलता की चाबी खोलना आसान हो जाता है संस्था के डायरेक्टर ने सलाह दी। इस दौर में हर कार्य में बढ़ चढ़ कर भाग लेने से सफलता जरूर मिलती है। डीन अकादमिक ने बताया समय के अनुसार ज्ञान विकास से रोजगार प्राप्त करवा ना ही हमारी लक्ष्य है।

### दो लाख की अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादियान के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए एनआईटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता उनकी टीम ने अवैध शराब तस्करी के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए। आरोपी का नाम लोकेश है। जो फरीदाबाद के एनआईटी एरिया का रहने वाला है। पुलिस को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोपी गाड़ी में अवैध शराब भरकर उधर आएगा। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नाकाबंदी करके गाड़ियों पर निगरानी रखनी शुरू कर दी। कुछ समय पश्चात वहां पर मारुतिच10 गाड़ी पहुंची जो चालक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा परंतु पुलिस ने गाड़ी चालक को काबू कर लिया।

# मोहना के प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्र का निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एडीसी** अपराजिता ने बुधवार को मोहना स्थित प्राइमरी हेल्थ केयर केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित चिकित्सकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर तथा भ्रमण रजिस्टर चेक किए। उन्होंने कहा कि यदि कोई अधिकारी व कर्मचारी ड्यूटी से बिना कोई जानकारी दिए गैर हाज़िर पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाए। एडीसी ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्र के माध्यम से चलाई जा रही सभी योजनाओं तथा कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार कर हर जरूरतमंद तक योजनाओं व सेवाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें।



# स्टिल्ट प्लस चार मंजिला की अनुमति रद्द करें सरकार : नीरज शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** शहरी विकास प्राधिकरण के फरीदाबाद के सैक्टर-7 और 10 पर भी बोलते हुए विधायक नीरज शर्मा का कहना था की स्टिल्ट प्लस चार मंज़िला मकान बनाने की अनुमति लेकर उसमें दुकानें चला रहे है बिल्डर। जिन व्यक्तियों ने विभाग से पंजीकृत मार्केट में दुकान ली है उसका क्या कसूर है।

विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि नए सैक्टर जो विकसित होने है उनमे चाहे तो सरकार अनुमति जारी करे लेकिन जो सैक्टर पहले से विकसित है उसमें इसकी रोक लगाई जाए, पहले सभी आरडब्ल्यूए से इसकी रायशुमारी करके ही इसकी अनुमति जारी की जाए। विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि मेरी विधानसभा में एक मात्र सैक्टर-55 है जोकि हरियाणा शहरी प्रधिकरण विभाग के अधीन आता है सैक्टर के लोगों के द्वारा सभी प्रकार के टैक्स विभाग को दिए जा रहे है उसके बावजूद लोगों को पानी के लिए जाम लगाने की जरूरत पड़ती है। विधायक नीरज शर्मा ने कहा अभी जो लोग रह रहे हैं अगर उनको ही पानी नहीं मिल पा रहा तो अगर आप स्लिट प्लस चार मंजिला लागू कर देंगे तो कैसे बात बनेगी।



वहीं परिवार पहचान पर बोलते हुए विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि परिवार पहचान पत्र का असली नाम है पैरवी, परिणाम, परेशानी। विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि परिवार पहचान पत्र मे छोटे-2 बच्चो के इनकम दिखाई गई है जबकि छोटे से छोटा सफाटवेयर भी इसको पकड सकता है। परिवार पहचान पत्र के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा है बुजुर्गो को विभागो के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं गलती तो इतनी है कि जीवित व्यक्तिओं को मृत्यु धोषित कर दिया है वह अपने आप को जीवित करवाने के लिए विभाग के चक्कर लगा रहे है। इसपर सरकार को उन अधिकारियों पर कार्यवाही करनी चाहिए।

# बिल्डर जनता को सुविधाएं देने में करते हैं आनाकानी : नागर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**तिगांव** विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजेश नागर चंडीगढ़ स्थित हरियाणा विधानसभा के पटल पर अपने क्षेत्र के बिल्डरों पर गरजते नजर आए। उन्होंने कहा कि ग्रेटर फरीदाबाद में अनेक प्रोजेक्ट के जरिए फ्लैट, प्लॉट और फ्लोर बेचने वाले बिल्डर वहां रहने वालों को सुविधाएं देने में पीछे हट गए हैं। यह बिल्डर न केवल व्यापारिक टर्म को पूरा करने में फेल रहे हैं वहीं सामाजिक तानेबाने को भी लागू नहीं कर रहे हैं। जिससे यहां रहने वाले लाखों लोग अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

नागर ने कहा कि यहां पर रहने वाले अधिकांश लोग सर्विस क्लास से हैं जिन्होंने अपने जीवन की खून पसीने की कमाई एवं लोन आदि लेकर ये फ्लोर, फ्लैट और प्लॉट खरीदे हैं लेकिन बिल्डर अपनी मनमानी पर आमादा हैं। जिसके कारण लोगों को सामान्य जीवन जीने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक राजेश नागर ने बताया कि बिल्डर सोसाइटी को हैंडओवर करने के बजाय मैंटेनेंस चार्ज के नाम पर लोगों को परेशान कर रहे हैं। इनकी इच्छा अब भी पैसे कमाने की है न कि जनता को सुविधा देने की। जबकि इन सोसाइटी में आरडब्ल्यूए बन चुकी हैं और आगे का मैंटीनेंस का काम नियमानुसार उन्हें देखने देना चाहिए। विधायक ने इन बिल्डरों की कार्यप्रणाली की जांच करवाने और सभी सोसाइटीज में मूलभूत सुविधाओं की जांच आदि के लिए एक कमेटी बनाने की मांग की। इसके अलावा विधायक ने तिगांव क्षेत्र की कॉलोनियों में रुके पीने के पानी की लाइन, नाली, सडक़ और सीवर के विकास कार्यों को भी करवाने की मांग रखी। इसके अलावा कॉलोनी क्षेत्र में एक टाउन पार्क और डिग्री कॉलेज बनवाने की मांग भी उन्होंने विधानसभा में रखी।

# वूमेन इंजीनियरों के पांचवें संस्करण की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

विश्व की जानी-मानी एडटेक कंपनी और डीपटेक प्रोग्रामों के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र में बदलाव ला रही, टैलेंट स्प्रिंट ने वूमेन इंजीनियरों (डब्लूई) के अपने पांचवे संस्करण की घोषणा की है। इस वर्ष के कार्यक्रम का उद्देश्य देश भर की ऐसी 200 महिला इंजिनियरिंग छात्रों की पहचान करना, चुनना और उन्हें ट्रेनिंग देकर देकर इस तरह से विकसित करना है जो विश्व स्तरीय साफ्टवेयर इंजिनियर बन सकें। जो भी छात्रा इसमें चयनित होगी उसे 100 प्रतिशत फ्री स्कालरशिप और 100,000 की नकद स्कालरशिप दी जाएगी।

डब्लूई का मुख्य उद्देश्य अलग-अलग तरह के सामाजिक-आर्थिक पृष्ठिभूमि की मेधावी महिला इंजीनियरिंग छात्राओं का चुनाव करना है। जिन्हें उच्च स्तरीय टेक कॅरियर के लिए तैयार किया जा सके। प्रोग्राम में इस बात पर खास ध्यान रखा जाता है कि इन छात्राओं को उच्च स्तरीय विश्लेषण का कौशल्य, पहले से चल रहे प्रोजेक्टों, समस्या समाधान का कौशल्य, टैक के उत्कृष्ट टीचरों द्वारा मिल सके। यह प्रक्रिया एक सफल टैक कैरियर के लिए जरूरी होती है। गुगल ने टेक्नोलाजी के माध्यम से मूल पहल करके इस कार्यक्रम की शुरूआत से ही मदद की है जिससे महिलाओं को सशक्त बनाया जा सके।

पांचवें कोहार्ट की हुई घोषणा के विषय में बोलते हुए गुगल के वीपी-जीएम शिव वैंकटरमन ने कहा, हमारा वूमैन इंजिनियरों (डब्लूई) को इस कार्यक्रम में सहयोग देने का उद्देश्य गुगल द्वारा चलाए जा रहे स्थानीय वर्गो की मदद करना है और यह प्रोग्राम टैलेंट पूल को तैयार करने की एक कड़ी है। हमें खुशी है कि हम लगातार टैलेंट स्प्रिंट को उसके इन सराहनीय प्रयासों में मदद कर रहे हैं। यह कंपनी उन वर्गो का सफल कैरियर बनाने में लगी है जो टैक के क्षेत्र में अपनी परिस्थितियों के कारण बहुत ज्यादा आगे आ पाने में कामयाब नहीं होते। हमें इस बात से बहुत खुशी है कि इस कार्यक्रम के दवारा टैक के विभिन्न क्षेत्रों में आ रहे बदलावों में सहयोग दिया जा रहा है और हम भविष्य की इन महिला लीडरों का इकोसिस्टम में स्वागत करने के लिए तैयार हैं।

टैलेंट स्प्रिंट के सीईओ और एमडी डॉ. सांतनु पाल का कहना है, टैलेंटस्प्रिंट वूमेन इंजीनियर्स प्रोग्राम की शुरूआत 2019 में हुई थी। जिसका लक्ष्य महिलाओं का ऐसा आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी इकोसिस्टम तैयार करना था। जिसमें क्षमतावान, तकनीकि रूप से योग्य और आत्मविश्वासी प्रोफेशनल्स को कठिन और आसान दोनों तरह के कौशल्य का प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे जीवन के हर क्षेत्र में अग्रणी हो सकें। हमारा वर्षो का अनुभव रहा है कि जो छात्र मशहूर और कुलीन संस्थाओं से विशेष तरह का शिक्षण प्राप्त करते थे वह दौर अब खत्म हो चला है। डब्लूई प्रोग्राम से उच्च स्तरीय शिक्षा सबको सुलभ हो रही है और अच्छा प्लेसमेंट भी हो रहा है।

## रूस-यूक्रेन युद्ध

### बाइडेन की कीव यात्रा

**अमेरिकी राष्ट्रपति** जो बाइडेन की कीव यात्रा सुर्खियों में है, लेकिन रूस व यूक्रेन के बीच शांति स्थापना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा जी 20 को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। जो बाइडेन की अचानक कीव यात्रा वास्तव में साहसी कृत्य है। एक युद्धरत देश में पहुंचना वास्तव में उनकी स्वतंत्रता के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट करता है। हालांकि, प्रशासन ने इसे पूर्णतः गोपनीय रखने में सफलता पाई। अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ केवल दो पत्रकार थे और उनको भी बाइडेन की यात्रा की जानकारी अंतिम समय में दी गई थी। इसके बावजूद बाइडेन के साहस को कम नहीं आंका जा सकता है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या इसका परिणाम युद्धविराम होगा क्योंकि यह युद्ध जल्द ही एक साल पूरा करने जा रहा है? युद्ध में हजारों लोग मारे गए हैं, सारी दुनिया की सप्लाई श्रृंखला विखंडित हुई है तथा महामारी-पश्चात बहाली में बाधा पड़ी है। कोई नहीं जानता कि 'बैक चैनल' या परोक्ष राजनय क्या कर रही है, पर रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की आक्रामक लफ्फाजी में कोई कमी नहीं आई है। संसद के दोनों सदनों तथा सैनिक कमांडरों व सैनिकों को संबोधित करते हुए 105 मिनट के भाषण में उन्होंने कहा, 'मैं पहले भी अनेक बार कह चुका हूं कि यूक्रेन की जनता कीव सरकार तथा उसके पश्चिमी आकाओं की बंधक बन गई है जिन्होंने इस देश पर राजनीतिक, सैनिक व आर्थिक रूप से प्रभावी कब्जा कर लिया है। वर्तमान यूक्रेन सरकार मूलतः राष्ट्रीय हितों के बजाय तीसरे देशों की सेवा कर रही है।' भले ही इससे उनके देश में बैठे कुछ युद्धपिपासु प्रभावित हों, पर उनके शब्द तथ्यों के विपरीत हैं। वास्तव में यूक्रेन पर हमले को उचित ठहराने के उनके सारे दावे फर्जी हैं। इनमें सबसे बड़ा यह था कि यूक्रेन जनसंहार को उकसा रहा था। निश्चित रूप से उन्होंने अपने आरोपों के प्रमाण में कोई तथ्य नहीं दिए हैं। पुतिन ने पहले कहा था कि वे यूक्रेन के 'वि-सैन्यीकरण व वि-नाजीकरण' के पक्ष में हैं। लेकिन यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की यहूदी हैं।



पुतिन ने सोचा था कि यूक्रेन पर रूस की विजय आसान होगी, पर जेलेन्स्की के नेतृत्व में यूक्रेनवासियों ने उनका डट कर मुकाबला किया है। पुतिन ने यूक्रेन के पश्चिमी सहयोगियों पर आरोप लगाया है कि उन्होंने 'एक स्थानीय टकराव को वैश्विक टकराव के चरण में बदल दिया है।' यह नस्ली-धार्मिक राष्ट्रवाद का अत्यधिक रूढ़िवादी रूप है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी सहयोगी 'ऐतिहासिक तथ्यों को विकृत करते तथा हमारी संस्कृति, रूसी आर्थोडाक्स चर्च व देश के अन्य परंपरागत धर्मों पर लगातार हमले करते हैं। देखो, उन्होंने अपनी जनता के साथ क्या किया है। उन्होंने परिवार, संस्कृति व राष्ट्रीय पहचान को नष्ट किया है तथा विकृति व बच्चों के उत्पीड़न को सामान्य घोषित किया है। एंग्लिकन चर्चा जेंडर-तटस्थ ईश्वर की कल्पना कर रही है। पश्चिम के लाखों लोग समझते हैं कि उनको असली अध्यात्मिक विभीषिका की ओर धकेला जा रहा है।' हो सकता है कि इसमें से कुछ आलोचना गलत न हो, पर इससे यूक्रेन पर हमला उचित नहीं ठहराया जा सकता है। पुतिन की पश्चिम-विरोधी लफ्फाजी में कोई कमी न आने के कारण पश्चिमी दुनिया के नेता द्वारा युद्धविराम के सार्थक प्रयास की उम्मीद कम है। ऐसे में अच्छा होगा कि पश्चिमी देश भारत के नेतृत्व वाले जी 20 को ज्यादा बड़ी भूमिका देने को तैयार हों। यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन से अच्छे संबंध हैं। निश्चित रूप से इन संबंधों से युद्धविराम संभव बनाने में सहायता मिल सकती है।

# बैंकों पर बेअसर हिंडेनबर्ग रिपोर्ट

**बैंक जीवन्त व दृढ़ होने के कारण आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं और हिंडेनबर्ग रिपोर्ट का उनके ऊपर कोई असर नहीं है। बैंकों को खुदरा, कृषि व एमएसएमई पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।**

**विकास नारायण मिश्र**
(लेखक, इंडियन बैंकर्स असोसिएशन से संबद्ध हैं)





हाल में चिन्ता प्रकट करने वाली रिपोर्टों तथा एक खास बिजनेस घराने से बैंकों के संबंध पर आशंकायें प्रकट करने के बावजूद भारतीय बैंकिंग व्यवस्था का मजबूत ढांचा और उनकी दृढ़ता सामने आई है। ये सवाल और आशंकायें हिंडेनबर्ग रिपोर्ट आने के बाद पैदा हुए थे। बैंकिंग नियामक भारतीय रिजर्व बैंक ने फौरन हस्तक्षेप कर कहा कि भारतीय बैंकिंग व्यवस्था का आकार तथा उसकी दृढ़ता बहुत व्यापक है तथा उस पर एक व्यक्तिगत घटना का प्रभाव नहीं पड़ेगा। नियामक ने एक बयान जारी कर कहा कि बैंकिंग क्षेत्र स्थिर बना हुआ है तथा पूंजी की उपयुक्तता, परिसंपत्तियों की गुणवत्ता, तरलता, प्राविधानों की कवरेज तथा मुनाफा, आदि बैंकों के अनेक आयाम स्वस्थ बने हुए हैं। भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यह भी कहा कि बैंक किसी कंपनी को उसके मूल तत्वों के आधार पर कर्ज देते हैं, उसके बाजार पूंजीकरण के आधार पर नहीं।

देश के सबसे बड़े कर्जदाता भारतीय स्टेट बैंक ने कहा कि उसके कुल कर्ज में अडाणी समूह का हिस्सा 27,000 करोड़ है जो उसके कुल कर्ज 31.33 लाख करोड़ रुपये का केवल 0.9 प्रतिशत है। दिसंबर, 2022 में इसमें एक्सिस बैंक का हिस्सा 0.94 प्रतिशत था। राज्य-संचालित एक और कर्जदाता पंजाब नेशनल बैंक ने 7,000 करोड़ रुपये कर्ज दिया था। इस प्रकार सभी बैंकों व गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों-एनबीएफसी का इस समूह को दिया कर्ज बहुत अधिक नहीं था। हाल ही में बैंक आफ बड़ौदा के मुख्य कार्यकारी संजीव चड्ढा ने कहा कि बैंक अडाणी समूह को और कर्ज देने के लिए तैयार है और उसका कर्ज भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित कर्ज का केवल एक चौथाई है। बैंक की कर्ज देने की सीमा क्या है? कोई बैंक अपनी शुद्ध परिसंपत्ति का 20 प्रतिशत प्रथम श्रेणी की राजधानी में व्यक्तिगत उद्यम तथा 25 प्रतिशत समूह को कर्ज दे सकता है। यह वैश्विक मानकों के अनुरूप है। पहले यह ढांचागत क्षेत्र के लिए थोड़ा अधिक था क्योंकि उसे ज्यादा कर्ज देने के विशेष मानक थे। कर्ज देने की वर्तमान सीमा में संबंधित कर्ज भी शामिल हैं। उदाहरणार्थ, यदि कोई आटोनिर्माता किसी सप्लायर से सप्लायर के उत्पादन के आधे से अधिक कर्ज लेता है तो आटोनिर्माता को बैंक के कर्ज में आटोसप्लायर द्वारा दिया कर्ज शामिल कर लिया जाता है। 250 साल पुरानी आधुनिक भारतीय बैंकिंग व्यवस्था अनेक तूफान झेलने में सफल रही है। बैंकिंग व्यवस्था ने 130 ट्रिलियन रुपये से अधिक के कर्ज दे रखे हैं।

इसलिए इस समूह को भारतीय बैंकों का कुल कर्ज 0.5 प्रतिशत से भी कम है। इसे किसी प्रकार से भी बहुत कम कहा जा सकता है। लेकिन कहानी यहीं समाप्त नहीं होती है। पिछले 75 साल में भारतीय बैंकों को अनेक उथलपुथल का शिकार होना पड़ा है। ऐसे अवसर आए हैं जब कर्जदाता बैंकों को तरलता संकट का सामना करना पड़ा है। सात-आठ साल पहले लेहमैन ब्रदर्स के दीवालिया होने तथा उसके परिणामस्वरूप परिसंपत्तियों की गुणवत्ता घटने के संकट ने त्वरित सुधार कार्रवाई-पीसीए ढांचा तैयार करने पर मजबूर किया जिसके चलते सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों-पीएसबी का भारी पूंजीकरण किया गया। पिछले पांच-सात साल में पीएसबी का समुचित पूंजीकरण किया गया है क्योंकि संकटकाल की स्मृतियां अभी ताजा हैं।

पिछले पांच-सात साल में सरकार की ओर से कुछ साहसी नीतिगत पहलें की गई हैं। 1. मजबूत वसूली कानून, दीवालिया तथा बैंकरप्टसी कोड-आईबीसी बने हैं। इसके साथ ही 2016 में ही राष्ट्रीय कंपनी ला ट्राइब्यूनल-एनसीएलटी व इन्साल्वेंसी एंड बैंकरप्टसी बोर्ड आफ इंडिया-आईबीबीआई का गठन किया गया है। 2. 2017-18 व 2019-20 में सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों-पीएसबी का बड़े पैमाने पर विलय किया गया है।

इसके परिणामस्वरूप अब पीएसबी की संख्या 6 साल पहले 27 की तुलना में घट कर 12 रह गई है। 3. नेशनल असेट्स रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड-एनएआरसीएल, इंडिया डेट रिसोल्यूशन कंपनी लिमिटेड-आईडीआरसीएल तथा नेशनल बैंक फार फाइनेंसिंग इनफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट-एनएबीएफआईडी का गठन किया गया है। इसी कालखंड में इन सभी उपायों के साथ ही पीएसबी में 5 ट्रिलियन रुपये डाल कर उनका व्यापक पुनः पूंजीकरण किया गया है। इन सबका सामान्य रूप से बैंकिंग क्षेत्र तथा खासकर पीएसबी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। कोरोनावायरस वैश्विक महामारी तथा भू-राजनीतिक समस्याओं के बावजूद बैंकिंग क्षेत्र बेहतर आंकड़े पेश कर रहा है। यह पिछले तीन सालों में हर तिमाही और हर वित्त वर्ष के आंकड़ों से स्पष्ट है।

दिसंबर, 2022 के अंत में पीएसबी का शुद्ध लाभ लगभग 95,000 करोड़ तथा उनका शुद्ध एनपीए 1.37 प्रतिशत था। इस प्रकार यह पिछले दशक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का वर्ष था। लेकिन क्या इसका अर्थ है कि हमें हिंडेनबर्ग रिपोर्ट के बार शेयर बाजार में आए हालिया परिवर्तनों की चिन्ता नहीं करनी चाहिए? इसका जवाब शायद 'नहीं' है। 1990 के दशकारंभ में हर्षद मेहता संकट के कारण आई गिरावट या 15 साल पहले लेहमैन ब्रदर्स संबंधी मुद्दों का परिणामों व सम्मान के दृष्टिकोण से उद्योग पर बुरा असर पड़ा है। सामान्य रूप से बैंकों को अत्यधिक जोखिम वाली ढांचागत फाइनेंसिंग से दूर रहना चाहिए क्योंकि भारी मात्रा में परिसंपत्तियों के बावजूद ये मझोली अवधि में परिपक्वता को देखते हुए काफी नहीं हैं। अच्छा होगा कि निगम अपनी शुरुआती फंडिंग आवश्यकताओं की पूर्ति बांडों और ईक्विटी के माध्यम से करें। वे विदेशी वाणिज्यिक कर्ज भी ले सकते हैं। इसके लिए हमें एक बांड बाजार विकसित करने की जरूरत है। हमारे बांड बाजार का वर्तमान आकार 40 ट्रिलियन रुपये है जो सूचीबद्ध वाणिज्यिक बैंकों के कुल कर्ज के एक तिहाई से भी कम है। भारतीय कंपनियों का विदेशों में कर्ज वर्तमान विनिमय दर पर लगभग 12 ट्रिलियन डालर है। वैश्विक स्तर पर ढांचागत संरचना परियोजनाओं की स्थापना व निर्माण का जोखिम बांड बाजार द्वारा सहन किया जाता है। बैंक इसमें सहायता करते हैं, लेकिन बाद के चरण में जब नकद प्रवाह होने लगता है तथा यह कार्यकारी पूंजी या सहायक कामों के लिए होता है। 2015 में बैंकों की परिसंपत्तियों की गुणवत्ता में गिरावट का मुख्य कारण भारतीय बैंकों द्वारा ढांचागत परियोजनाओं व असली परिसंपत्तियों के सृजन हेतु बड़े पैमाने पर कर्ज देना था।

बैंकों को खुदरा, कृषि तथा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों-एमएसएमई क्षेत्रों पर अपना ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। हालांकि, हमें जल्दी से जल्दी 5 ट्रिलियन डालर की विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए ढांचागत संरचनाओं, जैसे, ज्यादा सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों व हवाईअड्डों की जरूरत है, पर हमारे निगमों को अपनी शुरुआती जरूरतें बांड, इक्विटी व विदेशी कर्ज के माध्यम से पूरी करनी चाहिए। हालांकि, बाद के चरणों में बैंक उनकी कार्यकारी पूंजी की जरूरतें पूरी करने में सहायता कर सकते हैं। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अतीत में भारत के कुछ बैंक विफल हुए हैं, पर नियामक व सरकार ने हमेशा जमाकर्ताओं के हित देखते हुए उनकी सहायता की है और उनके बचाव में सामने आई है।

भारतीय बैंकिंग व्यवस्था देश-विभाजन के समय बैंकों के विभाजन, पश्चिम के सबप्राइम संकट, परिसंपत्ति गुणवत्ता संकट, कोरोनावायरस वैश्विक महामारी तथा हालिया भू-राजनीतिक संकट झेलने में सफल रही है। भारतीय बैंक व खासकर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक-पीएसबी लगातार जीवन्त व दृढ् होते जा रहे हैं तथा आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। उम्मीद है कि भारतीय बैंकों की यह शानदार कथा जारी रहेगी, पर हमें सावधान रहने व प्रमुख क्षेत्रों पर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है।

# क्या आमजन के लिए अभिशाप है कृत्रिम बुद्धिमत्ता?

> "एआई मनुष्य द्वारा बनाई गई एक बुद्धिमान इकाई है, और यद्यपि मानव की ज़रूरतें भौतिक सुख-सुविधाओं से पूरी होती हैं, वे पर्याप्त नहीं हैं।"

**साक्षी सेठी**
(लेखिका एक शिक्षा प्रदाता हैं)



दुनिया नवाचारों के साथ तेजी से बदल रही है। निस्संदेह, प्रौद्योगिकी ने हमारे जीवन को और अधिक आरामदायक बना दिया है। मनुष्य ने इसमें और भी बहुत कुछ जोड़ दिया है जिससे कि आज हम पूरी तरह से तकनीक पर निर्भर हैं और अगर हम खुद को बदलना भी चाहें तो हम नाव को खो सकते हैं।

आज हम सभी किसी न किसी तरह से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से घिरे हुए हैं। फिलहाल, हम अपने स्मार्टफोन की जांच करने के लिए जागते हैं और एलेक्सा को सीधे रोशनी चालू करने और बुद्धि समाचार अपडेट करने के लिए कहते हैं; सिनेमाघरों में बड़ी स्क्रीन पर फिल्में देखने से लेकर नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम या डिज्नी हॉटस्टार जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देखने तक; चिलचिलाती गर्मी के दिनों में समय पर बस आगमन और तिपहिया वाहन खोजने से लेकर ओला या उबेर के माध्यम से एक बटन के एक क्लिक के साथ कैब बुक करने तक, कार्यस्थल पर बैठे हुए, पसंदीदा रेस्तरां के सामने कतार में प्रतीक्षा करने से लेकर ज़ोमैटो, स्विगी के माध्यम से भोजन का ऑर्डर देने तक और यह सूची लंबी होती चली जाती है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने हमारे जीवन में तेजी से अपनी जगह बना ली है। हम अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए अब पूरी तरह से इस पर निर्भर हैं।

लेकिन एआई क्या है? सरल शब्दों में, एआई मशीनों, विशेष रूप से कंप्यूटर सिस्टम द्वारा मानव खुफिया प्रक्रियाओं का अनुकरण है। एआई का सबसे बड़ा फायदा यह है कि अगर मशीनों को ठीक से प्रोग्राम किया जाए तो परिणाम बिना किसी पूर्वाग्रह के सटीक और सटीक होंगे।

साथ ही, वे कई जोखिम लेने वाली गतिविधियों में जीवित रहते हैं, चाहे वह महासागरों के सबसे गहरे हिस्सों की खोज हो या बम का निपटान भी हो। आज, सैकड़ों प्रौद्योगिकियां एक साथ अभिसरण कर रही हैं और आभासी वास्तविकता, रोबोटिक्स, ड्रोन और कई अन्य जैसे अवसरों का एक नया सेट बना रही हैं। सेल्फ-ड्राइविंग कारों की अवधारणा प्रसिद्ध उदाहरणों में से एक है, जिसमें सेंसर की उपलब्धता से आसपास के वातावरण को समझने में मदद मिलेगी और इसके बाद सुचारू ड्राइविंग होगी।

कार के मॉडल के आधार पर, नेविगेशन पथ स्वयं की पहचान की जाएगी, और यातायात नियंत्रणों को प्रबंधित करने के लिए रणनीतियां बनाई जाएंगी। यह अभी शुरुआत है और जब तकनीक परिपक्व होगी, ऐसे स्वायत्त वाहन निश्चित रूप से पूरे ऑटोमोबाइल उद्योग को प्रभावित करेंगे, इसके बाद बीमा, यातायात नियंत्रण, स्वास्थ्य और इससे जुड़े अन्य कई क्षेत्र शामिल होंगे। जैसा कि हम एआई की ओर बढ़ रहे हैं, हम पहले से ही एआई को नौकरियां लेते हुए देख रहे हैं। त्रश्शद्दद्द में इंजीनियरिंग के निदेशक रे कुर्ज़वील के अनुसार, 2030 तक,‹द्ध मानव इतिहास में पहली बार बुद्धि के मानव स्तर को प्राप्त करेगा; 15 साल बाद उनका मानना है कि हम विलक्षणता पर पहुंच गए होंगे। इसका मतलब है कि एआई की क्षमताएं और बुद्धिमत्ता इंसानों की बुद्धिमता को पार कर जाएगी और मशीनें इंसानों से ज्यादा स्मार्ट हो जाएंगी। लेकिन क्या इसका मतलब यह है कि यह नौकरियां खा जाएगा?

एआई नवाचार में नई नौकरियां पैदा कर सकता है और नई वस्तुओं और सेवाओं को बाजार में ला सकता है और यहां तक कि ऐसी तकनीक को अपनाने से संगठनात्मक प्रदर्शन भी बढ़ सकता है, लेकिन साथ ही इससे नौकरियों का नुकसान हो सकता है, जिससे कर्मचारियों की व्यस्तता में कमी आ सकती है। साथ ही, विकासशील देशों में एआई से जुड़े लाभ अधिकांश फर्मों और श्रमिकों तक नहीं पहुंच सकते हैं। कर्मचारी जुड़ाव संगठन के विश्वास को प्रभावित करता है। कर्मचारियों का जुड़ाव जितना अधिक होता है, संगठन में उतना ही अधिक विश्वास होता है और इस तरह का जुड़ाव आत्म-वास्तविकता के लिए महत्वपूर्ण होता है।

यूएनसीटीएडी द्वारा एकत्र किए गए आंकड़ों के मुताबिक, कम आय वाले देशों को कुशल श्रमिकों की कम हिस्सेदारी और अपेक्षाकृत धीमी डाउनलोड गति के कारण नुकसान होता है। एआई को अपनाना कोई आसान मामला नहीं है। इसके लिए बहुत समय और संसाधनों की आवश्यकता होती है जिसमें बहुत सारा पैसा शामिल होता है। इसके अलावा, हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर जिस पर यह संचालित होगा, उसमें 24×7 तकनीकी ज्ञान भी शामिल है, जो इसे एक महंगा मामला बनाता है।

एआई अधिकांश नौकरियों को बदलने के कगार पर हो सकता है, लेकिन इसके अपनाने से निश्चित रूप से नौकरी की संतुष्टि में कमी आएगी। एआई बॉक्स के बाहर नहीं सोच सकता। यह केवल प्री-फेड डेटा के साथ काम कर सकता है। इसमें कोई शक नहीं कि बॉट एप्लिकेशन या मेल लिख सकते हैं या ग्राहक के प्रश्नों का जवाब भी दे सकते हैं, लेकिन वे केवल प्री-फेड डेटा के आधार पर ही काम करते हैं। एआई को अपनाते समय कंपनियों के लिए मानव और व्यवसाय दोनों की जरूरतों को ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि एआई के कार्यान्वयन से परिष्कृत नवाचार होंगे, इसके बाद कंपनी के रिटर्न पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, लेकिन साथ ही साथ मनुष्यों की आवश्यकता बहुत अधिक होगी क्योंकि एआई रचनात्मक या सहानुभूतिपूर्ण नहीं हो सकता है। कंपनियों और अन्य संगठनों को एआई मोनोकॉज़ल को केवल वित्त की दृष्टि से नहीं अपनाना चाहिए, बल्कि इसे नैतिक, सांस्कृतिक और संगठनात्मक पहलुओं की भी जांच करनी चाहिए।

एआई पर अत्यधिक निर्भर होना किसी भी संगठन के विकास में सफलता की गारंटी नहीं देता है। यह केवल इसका सबसे महत्वपूर्ण संसाधन है जो कार्यबल है जो प्रक्रिया में सफलता की गारंटी दे सकता है। दिन के अंत में, एआई और कुछ नहीं बल्कि मनुष्य द्वारा बनाई गई एक बुद्धिमान इकाई है। भौतिक सुख-सुविधाओं से मनुष्य की आवश्यकताएं पूरी हो जाती हैं, लेकिन वे पर्याप्त नहीं हैं। जो संतुष्ट करता है वह कुछ गहरा है - मानवीय स्नेह और मशीन नहीं।

## आप की बात

### जहरीला आहार

**हमारा** आहार भी जहरीला होता जा रहा है। यह काम अब कोई जंगली फल या अनजान मशरूम नहीं करता है और न ही केवल खुले आहार पर भिनभिनाती मक्खियाॅ ही ये काम करती है। हजारों जहरीले कीटनाशक, मिलावट व नियामक तंत्र की अनदेखी हमें जहरीला आहार गटकने मजबूर कर रहे है। कीटनाशक फसलों, फलों व सब्जियों को हानिकारक कीटों से बचाते हैं लेकिन उनके बचे अंश हम पर प्रहार कर रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार इन कीटनाशकों की मात्रा सब्जियों में 2 प्रतिशत, फलों में 0.8 प्रतिशत डिब्बा बंद दूध में 0.9 प्रतिशत मसालों में 0.9 प्रतिशत गेंहू व चावल में 3 प्रतिशत और मछली में 1.7 प्रतिशत तक अधिक है। मानव रक्त में माइक्रो प्लास्टिक के कण भी पाए गए हैं। कीटनाशकों के साथ-साथ मिलावट भी हमारे आहार को जहर में बदल रही है। हमारे देश में जगह-जगह फ्रूट सलाद बिकने का रिवाज है लिकिन ये कटे फल संक्रामक बीमारियों का कारण बन सकते हैं। देश में खाद्य पदार्थों पर नियंत्रण व फसलों, फलों, सब्जियों, आदि पर छिड़के जाने वाले कीटनाशकों पर लगाम लगाना जरूरी हो गया है। भारत के खाद्य सुरक्षा मानक अमेरिका व यूरोप जैसे विकसित देशों के समान होने चाहिए।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### पर्यावरण संरक्षण

**हाल** ही में एक्सडीआई-क्रास डिपेंडेंसी इनीशिएटिव द्वारा जारी जलवायु परिवर्तन पर रिपोर्ट में इसके खतरों से अवगत कराया गया है। इसके अनुसार भारत के 9 राज्यों समेत दुनियाभर के 2,600 राज्यों पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। भारत के राज्यों पर बाढ़, जंगलों की आग, हीटवेव, समुद्र सतह के बढ़ने और लू जैसे गंभीर खतरे मंडरा रहे हैं। इनमें बिहार, उत्तर प्रदेश, असम, राजस्थान, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब और केरल शामिल हैं। रिपोर्ट में सरकारों द्वारा कार्बन उत्सर्जन को रोकने के लिए फौरन कदम उठाने की जरूरत बताई गई है। आज मनुष्य अपने स्वार्थ और लालच के चलते हर कंक्रीट की दीवारें खड़ी कर रहा है। गांव भी अब शहर बनते चले जा रहे हैं। अब समय आ गया है कि अब विभिन्न देशों की सरकारें पर्यावरण संरक्षण के प्रति खोखली लफ्फाजी करने के बजाय अपनी घोषणाओं को जमीन पर उतारें। इस तथ्य पर गौर किया जाना चाहिए कि विगत सात-आठ साल में भारत सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। जनता को भी इसमें अपना पूरा योगदान करना चाहिए।

**सुनील कुमार महला,** पटियाला


### भाषा का गिरता स्तर

**मौजूदा** राजनीति में भाषा का निरंतर न्यूनतम स्तर की ओर बढ़ना बेहद चिंताजनक है। इसे हम फेसबुक, ट्विटर सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों व सभाओं में देख सकते है। आज पढ़े-लिखे उच्च शिक्षित लोगों द्वारा अभद्र व आपत्तिजनक शब्दों के प्रयोग से लगता है कि सभ्य व शालीन भाषा की शिक्षा देने वाली हमारी पढ़ाई बेकार हो गई है। यह सम्पूर्ण शिक्षा व्यवस्था को भी सवालों के घेरे में खड़ा करता है। आखिर ऐसी पढ़ाई लिखाई और डिग्री का भी क्या लाभ जो हमें यह न सिखा सके कि हमें निजी अथवा सार्वजनिक रूप से किसी के लिए किन शब्दों का प्रयोग करना चाहिए। भाषा के लगातार गिरते स्तर के बहुत सारे कारणों में मुझे एक प्रमुख कारण सस्ती लोकप्रियता हासिल करना भी लगता है। ऐसे लोग सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर ट्रोल होते हैं। जिससे इन्हें लगता है कि हमारी लोकप्रियता में बढ़ावा हो रहा है। जबकि वास्तविकता यह है कि ऐसे लोगों की आलोचना हर एक सभ्य और शिष्ट व्यक्ति के द्वारा की जाती है और की भी जानी चाहिए। अभद्र भाषा का व्यापक विरोध जरूरी है।

**रिज़वान अहमद,** सीतापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**यह** अमृतकाल नहीं अघोषित आपातकाल है। छापों से हमारी प्रतिबद्धता मजबूत हुई है, हम और आक्रामक होंगे।

**- जयराम रमेश**
कांग्रेस महासचिव



**कांग्रेस** को भ्रष्टाचार की बात नहीं करनी चाहिए क्योंकि उसने इसी कारण सत्ता खोई। अब वह 'थूको और भागो' की रणनीति अपना रही है।

**- निर्मला सीतारमण**
केन्द्रीय वित्त मंत्री



**हिंदू** ह्रदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे की शिवसेना को शरद पवार के पैरों पर डाल दिया गया था।

**- अमित शाह**
केन्द्रीय गृह मंत्री

# इन्फ्रास्ट्रक्चर व इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट पर जोर, सरकार ने खोला खजाना

## ● यूपी के दो बड़े एक्सप्रेस-वे के किनारे बनेंगे छह इंडस्ट्रियल मैन्यूफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार के बजट 2023-24 में उत्तर प्रदेश में मेगा इंन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट और इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट पर सर्वाधिक जोर दिया गया है। राज्य को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने के लिए प्रयासरत यूपी सरकार ने हाल ही में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया थाए जिसके जरिए प्रदेश में 33.52 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव सरकार को मिले हैं। इसके अलावा ओडीओपी को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार यूनिटी मॉल की स्थापना भी करेगी।

प्रदेश सरकार के बजट में झांसी लिंक एक्सप्रेस-वे तथा चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस.वे की नई परियोजनाओं के प्रारम्भिक चरण के लिए 235 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। इसी प्रकार डिफेन्स कॉरिडोर परियोजना के लिए 550 करोड़ रुपये की व्यवस्था बजट में की गयी है। सरकार ने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ गोरखपुर में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए 200 करोड़ रुपये प्रदान करने की घोषणा की है। इसके अलावा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे एवं बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के किनारे छह स्थानों पर इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स बनाने का निर्णय सरकार ने लिया है। इसमें से चार कॉम्प्लेक्स पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के किनारे तथा दो कॉम्प्लेक्स बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के किनारे बनाये जाएंगे। इस के साथ ही प्रदेश में फार्मा पार्कों की स्थापना एवं विकास के लिए 25 करोड़ रुपये की व्यवस्था योगी सरकार के बजट में की गयी है। वहीं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एमएसएमई तथा निर्यात प्रोत्साहन को ध्यान में रखते हुए ओडीओपी और हस्तशिल्प उत्पादों की मार्केटिंग को प्रोत्साहित करने के लिए यूनिटी मॉल की स्थापना की जाएगी। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है।

### कुशीनगर में कृषि विवि के लिए 50 करोड़

**लखनऊ।** योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल के पहले बजट में भी कृषि व किसान प्रधान रहे। कृषि प्रधान उत्तर प्रदेश की उन्नति के लिए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने 2023-24 के बजट में इनका पूरा ध्यान रखा। बजट में इस क्षेत्र पर पिटारा खोल दिया। कृषकों की आय में अभिवृद्धि के लिए कृषि शिक्षा, शोध व अनुसंधान पर जोर दिया तो महात्मा बुद्ध की परिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में महात्मा बुद्ध कृषि व प्रौद्योगिकी विवि की स्थापना के लिए 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था भी की। कृषि क्षेत्र के तहत वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि द मिलियन फार्मर्स स्कूल के लिए 2023-24 में 17000 किसान पाठशालाओं का आयोजन प्रस्तावित है। नेशनल मिशन फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर योजना के लिए 631 करोड़ 93 लाख रुपए, नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना के लिए 113 करोड़ 52 लाख रुपए, कृषकों के लिए निजी नलकूपों को रियायती दरों पर विद्युत आपूर्ति के लिए 1950 करोड़ रुपए, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के लिए 984 करोड़ 54 लाख रुपए, सरकार ने नेशनल क्रॉप इन्श्योरेन्स योजना के लिए 753 करोड़ 70 लाख रुपए, उप्र मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए 55 करोड़ 60 लाख रुपए, बजट में पं दीन दयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना के लिए 102 करोड़ 88 लाख रुपए, बजट में आत्मनिर्भर कृषक समन्वित योजना के लिए 100 करोड़, सरकार ने दलहन और तिलहन बीज मिनीकिट वितरण योजना के लिए 15-15 करोड़, बजट में कृषकों के डिजिटल डाटाबेस के लिए एग्री-स्टैक योजना के लिए 2 करोड़ रूपए की व्यवस्था की है। उप्र प्रदेश के 4 कृषि विवि में एग्रीटेक स्टार्टअप योजना के लिए 20 करोड़, बजट में कृषि विवि कानपुर, अयोध्या, बाँदा तथा मेरठ में अवस्थापना कार्यों के लिए लगभग 35 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

### राष्ट्रीय विधि विवि प्रयागराज की स्थापना के लिए 103 करोड़

**लखनऊ।** आमजन को सहज और सरल ढंग से न्याय दिलाने के लिए भी योगी सरकार कृत संकल्पित है। पिछले दिनों इलाहाबाद बार एसोसिएशन के स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि न्याय की अभिलाषा में लोग प्रयागराज आते हैं। प्रयागराज न सिर्फ न्यायए बल्कि शिक्षा का भी अग्रणी केंद्र है। अपनी कही बात को योगी आदित्यनाथ ने बजट 2023-24 के जरिए धरातल पर उतारने का मंच भी दे दिया। इस बजट में योगी सरकार का न्याय व्यवस्था पर भी पूरा फोकस रहा। सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में शामिल राष्ट्रीय विधि विवि प्रयागराज की स्थापना के लिए 103 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। बजट 2023-24 प्रस्तुत करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि नवसृजित जनपदों में पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर न्यायालय परिसर के निर्माण के लिए 700 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। योगी सरकार ने प्रदेश के जनपदीय न्यायालयों के अनावासीय भवनों के निर्माण के लिए 420 करोड़ रुपये की व्यवस्था की। बजट में उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के आवासीय भवनों के निर्माण के लिए 150 करोड़ रुपये की व्यवस्था। उत्तर प्रदेश अधिवक्ता कल्याण निधि से संबंधित कल्याणकारी स्टाम्पों की बिक्री की शुद्ध प्राप्ति का अन्तरण किये जाने के लिए वित्तीय वर्ष 2023-.2024 में 6 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई। उत्तर प्रदेश अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति को अनुदान के लिए 20 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रदेश सरकार ने की। प्रदेश के अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए विभिन्न जनपदों में अधिवक्ता चैम्बर्स के निर्माण कार्य तथा अन्य अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2023-2024 में 20 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई। प्रदेश के अधीनस्थ न्यायालयों की सुरक्षा पर भी योगी सरकार का पूरा ध्यान है। सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरा एवं अन्य सुरक्षा उपकरण के लिए 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

### वाराणसी रोपवे के लिए योगी सरकार ने 150 करोड़ रुपये का किया प्रावधान

**लखनऊ।** प्रदेश में रेल और रोप वे कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए बजट में विशेष ध्यान दिया गया है। योगी सरकार के बजट 2023-24 में जहां यूपी के चार महानगरों में मेट्रो रेल सेवा को विकसित करने के लिए ढाई हजार करोड़ से ज्यादा का प्रावधान किया गया है, वहीं वाराणसी में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए भारत के पहले रोपवे प्रोजेक्ट को भी खास तरजीह दी गयी है। इसके अलावा महानगरों के विस्तार के लिए भी बजट में खास प्रावधान किये गये हैं। योगी सरकार के बजट 2023-24 में लखनऊ सहित प्रदेश के सभी विकास प्राधिकरणों तथा शहरी क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं के विकास पर बल दिया गया है। इसके तहत वाराणसी एवं अन्य शहरों में रोप.वे सेवा विकसित किये जाने के लिए 150 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है।

कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में 585 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा आगरा मेट्रो रेल परियोजना के लिए 465 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। वहीं वाराणसी, गोरखपुर व अन्य शहरों में मेट्रो रेल परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। योगी सरकार दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1306 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण एवं नये शहर प्रोत्साहन योजना के लिए 3000 करोड़ रुपये की व्यवस्था इस बजट में की गयी है। साथ ही गोरखपुर नगर स्थित गोड़धोइया नाला एवं रामगढ़ ताल के जीर्णोद्धार एवं इण्टरसेप्शनए डाइवर्जन एवं ट्रीटमेंट सम्बन्धी परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए 650.10 करोड़ रुपये की व्यवस्था योगी सरकार के बजट में की गयी है।

## डिफेंस कॉरिडोर प्रोजेक्ट के लिए 550 करोड़, गोरखपुर में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए 200 करोड़



## मोदी-योगी ने सोचने के सलीके बदले

पायनियर समाचार सेवा, लखनऊ

**विधानसभा** में बुधवार को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए छह लाख 90 हजार 242 करोड़ रुपए का भारी-भरकम बजट पेश करने के दौरान वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विपक्ष पर तंज कसने और अपनी बातें रखने के लिए शेर-ओ-शायरी का भी जमकर इस्तेमाल किया। उन्होंने शायराना अंदाज में विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा

मैं पक्षी तूफानों में राह बनाता,
मेरा राजनीति से केवल इतना नाता।
तुम मुझे रोकते हो अवरोध बिछाकर,
मैं उसे हटाकर आगे बढ़ता जाता।

खन्ना ने संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्यों के लिए भाजपा सरकार द्वारा अब तक चलाई गई योजनाओं का सिलसिलेवार ब्यौरा भी दिया। उन्होंने इतना कहने के बाद फिर एक शेर पढ़ा- हमने तो समंदर के रुख बदले हैं।
मोदी-योगी ने सोचने के सलीके बदले हैं। आप (विपक्ष की ओर देखकर) कहते थे कुछ नहीं होगा। हमने आपके भी सोचने के तरीके बदले हैं।

## अगले सालों में यूपी में 21 एयरपोर्ट क्रियाशील हो जाएंगे

### ● जेवर एयरपोर्ट में रनवेज की संख्या 2 से बढ़ाकर 5 किये जाने का निर्णय



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट 2023-24 में उत्तर प्रदेश के उड़ान की चर्चा की। योगी सरकार में नागरिक उड्डयन क्षेत्र में हुए अभूतपूर्व कार्यों का असर यह हुआ कि जीआईएस-23 के जरिए भी यूपी में आए 33.52 लाख करोड़ निवेश के लिए धरातल पर उतरने को तैयार हैं। नागरिक उड्डयन का यह क्षेत्र भी यूपी के लिए अमृत है। सुरेश खन्ना ने बजट में कहा कि योगी सरकार का मानना है कि प्रदेश की जनता को हवाई यात्रा सुलभ हो। प्रदेश में जिस प्रकार हवाई यात्रा की सुविधा का विस्तार हो रहा है। उससे यह बात यथार्थ साबित हो रही है कि हमारे पंखों पे कौन विराम लगा सकता है, जब हमें नियति से उड़ने का वरदान मिला है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि आगामी वर्षों में प्रदेश में 5 अंतरराष्ट्रीय तथा 16 घरेलू एयरपोर्ट यानी कुल 21 एयरपोर्ट क्रियाशील हो जायेंगे। वित्त मंत्री ने बताया कि हमारी सरकार के कार्यकाल में नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। वर्तमान में प्रदेश में 9 एयरपोर्ट क्रियाशील हैं तथा 80 गन्तव्य स्थानों के लिए एयर सर्विस उपलब्ध है। प्रदेश में 3 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट क्रियाशील हैं। जेवर तथा अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट निर्माणाधीन हैं। शीघ्र ही प्रदेश में 5 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट क्रियाशील हो जाएंगे। योगी सरकार ने जेवर एयरपोर्ट में रनवेज की संख्या 2 से बढ़ाकर 5 किये जाने का निर्णय लिया है। योगी सरकार के अब तक के कार्यकाल में 4 एयरपोर्ट के निर्माण का कार्य पूरा किया जा चुका है। 6 एयरपोर्ट अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती, चित्रकूट तथा सोनभद्र का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो रहा है।

## कानून-व्यवस्था की मजबूती के लिए यूपी पुलिस को मिले 2260 करोड़

### ● प्रदेश में सपा सरकार की तुलाना में अपराधों में भारी कमी का योगी सरकार ने किया दावा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार ने बुधवार को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पेश किए गए बजट में पुलिस विभाग को मजबूत करने के लिए 2260 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। सरकार ने साथ ही दावा किया कि 2016 (पिछली समाजवादी पार्टी के सरकार) की तुलना में राज्य में अपराध में भारी कमी आई है। राज्य सरकार ने वर्ष 2023-24 के बजट में कानून व्यवस्था को और मजबूत करने और उसके प्रभावी नियंत्रण के लिए 2260 करोड़ रुपए की धनराशि दी है। इससे जहां पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सरकारी आवास की सुविधा मिलेगी, वहीं विभिन्न जिलों के कमिश्नरेट कार्यालय अपनी भूमि पर संचालित होंगे।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने अपने बजट भाषण में कहा कि प्रदेश की 25 करोड़ आबादी को सुरक्षित माहौल देने, कानून व्यवस्था के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के साथ पुलिस व्यवस्था को और अधिक सक्षम एवं सुदृढ़ करना योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही महिलाओं एवं समाज के कमजोर वर्गों के खिलाफ अपराधों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कार्यवाही करके उन्हे सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के प्रति योगी सरकार निरन्तर प्रयासरत है। बजट में प्रदेश के विभिन्न शहरों (लखनऊ नोएडा, वाराणसी, गाजियाबाद, आगरा, कानपुर नगर, प्रयागराज) में लागू पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कार्यालय और कार्यालय से जुड़ी अन्य गतिविधियों के संचालन के लिए 850 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। सरकार ने वर्ष 2023-24 के बजट में सबसे बड़ी धनराशि पुलिस विभाग को आवासीय सुविधा के लिए दिए हैं। पुलिस विभाग को आवासीय सुविधा देने के लिए एक हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। शहरी क्षेत्रों में आवासीय सुविधा के लिए 400 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। खन्ना ने बताया कि प्रदेश में आपदाओं से निपटने वाली एसडीआरएफ (राज्य अपादा मोचन बल) को नए वाहनों की खरीद के लिए 10 करोड़ की धनराशि दी गई है ताकि वह और मजबूती से आपदा से निपट सकें। विधानसभा में राज्य का बजट पेश करते हुए खन्ना ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता पुलिस बल को प्रभावी तरीके से कानून व्यवस्था के समक्ष चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 की तुलना में वर्ष 2022 में अपराध की घटनाओं में कमी देखी गई है। उन्होंने दावा किया कि जनवरी 2022 से नवबंर तक वर्ष 2016 के सापेक्ष डकैती में 79.83 प्रतिशत, लूट में 63.49 प्रतिशत, हत्या में 33.89 प्रतिशत, बलवा में 53.22 प्रतिशत, चोरी में 17.22 प्रतिशत और फिरौती के लिए अपहरण में 44 प्रतिशत की कमी आई है। खन्ना के मुताबिक उपरोक्त अवधि में महिलाओं के खिलाफ घटित अपराधों में दहेज मृत्यु में 15.81 प्रतिशत, बलात्कार में 21.24 प्रतिशत व अपहरण में 9.17 प्रतिशत की कमी आई है।

## बाहरी राज्यों से देसी नस्ल की गायों की खरीद पर मिलेगा अनुदान



### ● डेयरी सेक्टर को पर योगी सरकार खर्च करेगी 233 करोड़

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पूरे** देश में दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में 16 प्रतिशत का योगदान देकर यूपी पहले स्थान पर है। इस क्षमता को और बढ़ाने और दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण के लिए बजट में डेयरी सेक्टर के लिए 233.16 करोड़ रुपये की धनराशि का प्रावधान किया गया है। योगी सरकार के लोक कल्याण संकल्प पत्र में शामिल नंद बाबा दुग्ध मिशन के लिए बड़ा बजट जारी किया गया है जिससे किसान दुग्ध संगठन को उनके दूध का सही मूल्य और बाहरी राज्यों से देसी नस्ल की गायों की खरीद पर अनुदान दिया जाएगा। मेरठ और वाराणसी में डेयरी परियोजनाओं को पूरा करने के लिए भी बजट में प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि योगी सरकार ने वर्तमान दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण एवं पुनर्जीवित करने की योजना के लिए 86 करोड़ 95 लाख रुपये की व्यवस्था की है। वहीं नन्द बाबा दुग्ध मिशन के लिए 61 करोड़ 21 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। इसी तरह मेरठ और वाराणसी में डेयरी परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 60 करोड़ रुपये की धनराशि दी गई। वहीं उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति 2022 के तहत प्रदेश में स्थापित होने वाले दुग्ध उद्योग की इकाईयों को वित्तीय अनुदान, रियायतें एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए 25 करोड़ रुपये की बजट की व्यवस्था की गई है।

### छुट्टा गोवंश के रख रखाव को मिले 750 करोड़

**बजट** में पशुपालन को भी खास तरजीह दी गई है। बुन्देलखंड में निराश्रित गोवंश की समस्या के निराकरण के लिए बुंदेलखंड के हर जिले में 5-5 गो आश्रय केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। वहीं छुट्टा गोवंश के रख-रखाव के लिए 750 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसी तरह बड़े गौ संरक्षण केन्द्रों की स्थापना के लिए 120 करोड़ रुपये अलाट किए गए हैं।

पशु रोग नियंत्रण के लिए 116 करोड़ 52 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में भेड़ बाहुल्य जिलों में भेड़ पालन योजना के लिए 3 करोड़ 44 लाख रुपये दिये गये हैं। इसके साथ ही प्रदेश के निराश्रित, बेसहारा गोवंश की समस्या के निराकरण के लिए प्रदेश के सभी जिलों में 187 गो-संरक्षण केन्द्र में से 171 केन्द्रों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। मत्स्य के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत होल सेल फिश मार्केट के लिये 257 करोड़ 50 लाख रुपये की व्यवस्था की गई जबकि मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 10 करोड़ रुपये दिये गये हैं। इसी तरह निषादराज बोट सब्सिडी योजना के तहत 5 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

## 237 करोड़ रुपये से पर्यटन सेक्टर का कायाकल्प करेगी योगी सरकार

### ● यूपी इको टूरिज्म, लखनऊ बोर्ड की स्थापना के लिए 2.50 करोड़ रुपये की धनराशि जारी

**लखनऊ।** योगी सरकार के बजट 2023-24 में पर्यटन विकास और संस्कृति धर्मार्थ कार्य पर भी जोर दिया गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट में 237 करोड़ रुपये पर्यटन विकास के लिए दिये हैं, जबकि संस्कृति धर्मार्थ कार्य विभाग के जो काम चल रहे हैं, उनके लिए निर्धारित समय सीमा में पूरा होने की बात कही गयी है। वित्त मंत्री ने बताया कि प्रदेश में वर्ष 2022 में 24 करोड़ 87 लाख से अधिक पर्यटक आए, जिनमें भारतीय पर्यटकों की संख्या 24 करोड़ 83 लाख और विदेशी पर्यटकों की संख्या 4 लाख 10 हजार से अधिक रही। वित्त मंत्री ने बताया कि अयोध्या, वाराणसी, चित्रकूट, विन्ध्यांचल, प्रयागराज, नैमिषारण्य, गोरखपुर, मथुरा, बटेश्वर धाम समेत अन्य महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों पर पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना के तहत प्रदेश में स्थित पर्यटन स्थलों का विकास 300 करोड़ रुपये की धनराशि से कराया जा रहा है। वहीं शक्ति पीठ मां शाकुम्भरी देवी मन्दिर के समेकित पर्यटन विकास के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। इसी तरह ?प्रयागराज के समेकित विकास के लिए 40 करोड़ए पर्यटन नीति 2018 के तहत पर्यटन इकाइयों को प्रोत्साहित करने के लिए 45 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। बौद्ध परिपथ के समेकित पर्यटन विकास के लिए 40 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई। बुन्देलखण्ड के समेकित पर्यटन विकास के लिए 40 करोड़ रुपये दिये गये हैं। इसी प्रकार शुकतीर्थ धाम का समेकित पर्यटन विकास के लिए 10 करोड़, प्रदेश में युवा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 2 करोड़ रुपये उत्तर प्रदेश इको टूरिज्म, लखनऊ बोर्ड की स्थापना के लिए 2.50 करोड़ रुपये की धनराशि अलाट की गई है। वहीं अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर के मेगा इवेन्ट के लिए 5 करोड़ और नैमिषारण्य धाम तीर्थ विकास परिषद के लिए 2.50 करोड़ रुपये दिये गये हैं। वित्त मंत्री ने संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य को लेकर बताया कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिसर में वैदिक विज्ञान केन्द्र की स्थापना की गई है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर निर्माण पूरा होने के बाद पर्यटकों की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए 3 मार्गों का चौड़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य को अगले दो वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा है। जिसका काम युद्धस्तर पर चल रहा है।

## खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए 30 करोड़ के बजट को मंजूरी

### ● राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय खेलों में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार के लिए 15 करोड़ की व्यवस्था

### खेल अवस्थापनाओं के निर्माण के लिए 50 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार ने इसी वर्ष होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए 30 करोड़ के बजट को मंजूरी दे दी है। बुधवार को यूपी विधानसभा में पेश किए गए बजट 2023-24 में इन गेम्स की मेजबानी पर 30 करोड़ के खर्च को स्वीकृति प्रदान करते हुए इसका उल्लेख किया गया। इसके अलावा बजट में प्रदेश के अंदर खेलों के इन्फ्रास्ट्रक्चर और विभिन्न खेलों में विजयी होने वाले खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि को भी मंजूरी दी गई है। प्रदेश सरकार चार शहरों में 2023-2024 में खेलो इंडिया नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स की मेजबानी करेगी। खेलो इंडिया नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी और नोएडा सहित उत्तर प्रदेश के चार शहरों में आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए 30 करोड़ के बजट का प्रताव रखा गया है। यूपी पहली बार इन खेलों की मेजबानी कर रहा है। इसमें बास्केटबॉल, जूडो, कबड्डी, रोइग, कुश्ती, बॉक्सिंग सहित 20 खेल प्रतियोगिताओं में पूरे देश से करीब 150 विवि के लगभग 4500 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, दूसरी तरफ बजट में खेलों के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर भी विशेष फोकस रखा गया है। प्रदेश में निजी सहभागिता से खेल अवस्थापनाओं के निर्माण के लिए 50 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। इससे विभिन्न खेलों के इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास हो सकेगा और युवा खिलाड़ियों को खेल के मैदान समेत तमाम तरह की सुविधाओं का लाभ मिलेगा। योगी सरकार ने राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार योजना हेतु 15 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित की है। प्रदेश में पहली बार खेल उपकरण समर्थन, विदेशी प्रदर्शन यात्राएं, विदेशी प्रशिक्षण शिविर, फिजियोलाजिस्ट, मनोवैज्ञानिक और विदेशी कोचों जैसे विशेष कर्मचारियों की नियुक्ति तथा होनहार खिलाड़ियों की सहायता के लिए उप्र खेल विकास कोष की स्थापना की गयी है जिसके अन्तर्गत वित्तीय 2023-24 में 25 करोड़ की बजटीय व्यवस्था की गयी है। वहीं एकलव्य कीड़ा कोष के लिए 25 करोड़ की बजटीय व्यवस्था की गयी है।

मेरठ में मेजर ध्यान चन्द्र खेल विवि की स्थापना किये जाने के संबंध में त्वरित गति से कार्यवाही की जा रही है। खेल विवि की स्थापना के लिए 300 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। योगी सरकार की मंशा जल्द से जल्द इसे पूरा करने की है। यह प्रदेश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी होगी। वहीं सहारनपुर, फतेहपुर एवं बलिया में स्पोर्टस कालेज के निर्माण के लिए 20 करोड़ 50 लाख रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। मण्डलीय मुख्यालयों में आवासीय कीड़ा छात्रावास के निर्माण के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में आंवटित धनराशि 5 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2038.71 लाख की बजटीय व्यवस्था की गयी है।

अयोध्या में अन्तर्राष्ट्रीय कीडा संकुल के निर्माण के लिए 25 करोड़, निजी सहभागिता से खेल अकादमियों को विकसित किये जाने के लिए भूमि क्रय हेतु 40 करोड़, गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्टस कालेज लखनऊ में वेलोड्रोम के निर्माण के लिए 25 करोड़ की बजटीय व्यवस्था की गयी है।

## ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे जल्द लेगा मूर्त रूप

# 27 को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी करेंगे शिलान्यास

लखनऊ। जनपद बलिया के लिए महत्वाकांक्षी परियोजना ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे का सपना अब जल्द ही साकार रूप लेगा। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के प्रस्ताव पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस परियोजना को मई 2022 में ही हरी झंडी दे दी थी, लेकिन जमीन के अधिग्रहण आदि की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब 27 फरवरी को इसका शिलान्यास होने जा रहा है जो कि जनपद बलिया कि ग्राम कुरूचुंदा एकोना से ग्राम भेलसड़ तक बाईपास का निर्माण होना है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि यह जनपद के लिए बहुत बड़ी सौगात होगी। जिले में आए दिन लगने वाले जाम आदि की समस्या को देखते हुए यहां लंबे समय से रिंग रोड व लिंक एक्सप्रेस-वे की मांग उठ रही थी। उन्होंने बताया कि चुनावी एजेण्डे के समय इसकी घोषणा की थी। चुनाव जीतने के बाद इसका प्रस्ताव केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को भेजने के साथ ही प्रदेश सरकार के सौ दिन के कार्ययोजना में भी इसे शामिल करा दिया था।

# अपर जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**माध्यमिक** शिक्षा परिषद उप्र की हाईस्कूलए इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा.2023 को शासन की मंशानुसार पूरी शुचिता के साथ नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी ;वित्त एवं राजस्वद्ध संजय कुमार सिंह ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न सिर्फ संचालित परीक्षाओं का हाल जाना बल्कि वहां डबल लॉक में रखे प्रश्नपत्रों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एडीएम संजय कुमार सिंह ने बुधवार को जिले में संचालित हाईस्कूल एंव इंटरमीडिएट परीक्षा की हकीकत जानने के लिए कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेजए राजकीय कन्या इंटर कॉलेज व भगवानदीन आर्य कन्या इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने उपस्थित प्रधानाचार्योंए केंद्र व्यवस्थापकों एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट को पारदर्शी परीक्षा संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा.निर्देश दिया। एडीएम ने कहा कि डबल लॉक की सुरक्षा मानक के अनुरूप सुनिश्चित कराई जाए। यह भी देखें की प्रश्न पत्र हर हाल में सुरक्षित रहें। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया कि प्रत्येक दशा में स्वयं की उपस्थिति में ही डबल लॉक से प्रश्नपत्रों को निकलवाएं। साथ ही माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा दिये गये निर्देशों का अक्षरशरू अनुपालन कराएं। यदि किसी भी केंद्र व्यवस्थापक या सह केंद्र व्यवस्थापक द्वारा लापरवाही बरतने की शिकायत मिली तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# चौकीदार के इशारे पर नाच रहे बीडी खैराबाद, फरियादी हो रहे परेशान

- बीडीओ कार्यालय के बाहर कुर्सी डालकर दिन भर बैठा रहता है चौकीदार
- बिना उसकी इजाजत कोई बीडीओ से नहीं मिल सकता

संवाददाता। सीतापुर

**सूबे** में भले योगी आदित्यनाथ की सरकार हो लेकिन खैराबाद के ब्लाक दफ्तर में चौकीदार की हुकूमत चल रही है जिसकी चर्चा इन दिनो खैराबाद में जोरो से है। बीडीओ से मिलने आया कोई फरियादी हो या फिर बकाया भुगतान। बिना चौकीदार की परमिशन से नही हो सकता। खंड विकास अधिकारी चन्द्रभान भी चौकीदार के इशारो पर नाच रहे है, आलम यह है कि रात में ब्लॉक की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया चौकीदार वीरेन्द्र रात के बजाए दिन में डयूटी बजा रहा है। आलम यह है कि बाबुओ तक को भी वीरेन्द्र के हुकुम की तामील करनी पड़ रही है। ब्लॉक में आने वाले फरियादी हो या फिर बकाया भुगतान को लेकर आने वाले लोग सभी को पहले चौकीदार वीरेन्द्र की परिक्रमा करनी पड़ रही है, सवाल यह है कि जब चौकीदार की तैनाती रात के समय है तो दिन में ब्लॉक आने की क्या वजह है, ब्लॉक के शूत्रो की माने तो चौकीदार वीरेन्द्र अवैध वसूली में लिप्त है सेटिंग के सारे खेल का सरगना भी वीरेन्द्र ही है, नाम न बताने की शर्त पर एक ब्लॉक कर्मी ने बताया कि वीरेन्द्र अपनी जगह रात में बाहर बने होटल के कर्मचारी से ड्यूटी करवाता है और दिन में अवैध वसूली कर जेबे गर्म कर रहा है। अपने रसूक के दम पर बीते दस वर्ष से खैराबाद में जमा है, अब यह देखना होगा की विकास महकमे की किरकिरी करा रहे इस चौकीदार पर कार्रवाई का हंटर कब चलेगा।

# एसपी ने पुलिस कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता। सीतापुर

- कप्तान ने कोतवाली देहात का भी किया वार्षिक निरीक्षण, परखी व्यवस्था
- मातहतों को बेहतर रख रखाव के आदेश देकर जिम्मेदारी का कराया एहसास
- एसपी ने निरीक्षण के दौरान पसीना-पसीना होते रहे पुलिस अधिकारी, कर्मचारी

**सीतापुर** जिले के एसपी घुले सुशील चंद्रभान ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय और कोतवाली देहात का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखीं। एसपी के निरीक्षण के दौरान अफरा-तफरी का माहौल देखा गया। विभाग के मुखिया के अचानक पहुंचने से मातहतों में खलबली मच गई। काफी देर तक निरीक्षण का दौर चलता रहा। इसके बाद कप्तान ने तमाम पहलुओं पर आदेश निर्देश देकर वह चले गए। आइए आपको एसपी के औचक निरीक्षण के बारे में पूरी जानकारी दे देते हैं। कप्तान ने निरीक्षण के दौरान ने क्या कुछ कहा। दरअसल, सबसे पहले एसपी ने पुलिस कार्यालय परिसर में वाचक कार्यालय, पत्र व्यवहार शाखा, आंकिक शाखा, प्रधान लिपिक शाखा, एलआईयू, डीसीआरबी, शिकायत प्रकोष्ठ, विशेष जांच प्रकोष्ठ का निरीक्षण किया। एसपी ने जरूरी व्यवस्थाओं को जांचा। निरीक्षण के दौरान विभिन्न रजिस्टर्स, अभिलेखों का जांचने के साथ ही उनके बेहतर रख-रखाव के आदेश दिए। सभी कर्मचारियों को निष्ठा, मेहनत से दायित्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। इसके बाद कप्तान कोतवाली देहात का निरीक्षण करने पहुंचे। एसपी ने निरीक्षण के दौरान कोतवाली देहात की महिला हेल्प डेस्क, कार्यालय, मालखाना, कम्प्यूटर कार्यालय, मेस, आरक्षी बैरक को देखा। इस दौरान कप्तान घुले सुशील चंद्रभान ने मौजूद कोतवाली देहात के कुछ चौकीदारों से भी बातचीत। सबसे पहले उनसे गांव में जमीन विवाद के बारे में जानकारी ली। चौकीदारों ने एसपी के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जमीन का कोई विवाद उनके गांव में नहीं है, इस पर एसपी ने कहा कि तुम्हारे गांव में हिस्ट्रीशीटर हैं। कप्तान के सवाल का चौकीदारों ने जवाब देते हुए हिस्ट्रीशीटरों के नाम भी बताए। इस तरह की और भी जानकारियां लेने के बाद एसपी मौके से चले गए। कप्तान के जाने के बाद मातहतों ने राहत की सांस ली।

# ब्लाक स्तर पर बांटे जाएंगे दिव्यांगों को सहायता उपकरण

**लखीमपुर खीरी।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा के प्रयास से वरिष्ठजनों के लिए राष्ट्रीय वयोश्री एवं दिव्यांगजनों के लिए एडिप योजना में सहायता उपकरण दिये जाने के लिए विकासखण्ड स्तर पर पंजीकरण सह परीक्षण शिविर का आयोजन 23फरवरी से 18मार्च तक किया जा रहा है। विकासखण्ड स्तर पर पंजीकरण सह परीक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 23 फरवरी को विकासखण्ड परिसर लखीमपुर, 24 फरवरी को विकासखण्ड परिसर फूलबेहड़, 25फरवरी को विकासखण्ड परिसर नकहा, 27 फरवरी को विकासखण्ड परिसर पसगवां, 28 फरवरी को विकासखण्ड परिसर मोहम्मदी, 01मार्च 2023 को विकासखण्ड परिसर गोला, 02 मार्च को विकासखण्ड परिसर बिजुआ, 03 मार्च को विकासखण्ड परिसर बांकेगंज, 04मार्च को विकासखण्ड परिसर निघासन, 13 मार्च को विकासखण्ड परिसर रमियाबेहड़, 14 मार्च को विकासखण्ड परिसर पलिया, 15मार्च को विकासखण्ड परिसर ईसानगर, 16मार्च को विकासखण्ड परिसर धौरहरा, 17 मार्च को विकासखण्ड परिसर मितौली एवं दिनांक 18 मार्च को विकासखण्ड परिसर बेहजम में किया जा रहा है। राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अन्तर्गत समायोजक छड़ी, छड़ी, एलबो बैसाखी, कृत्रिम दांत (बत्तीसी), कृत्रिम दांत, बैसाखी, ट्राईपोड, टेट्रापोड, फोल्डिंग वॉकर, नजर का चश्मा, बीटीई (कान की मशीन), बीटीई-बैटरी, फोल्डिंग व्हील चेयर, व्हील चेयर (कमोड सहित), फुट केयर किट, चेयर/स्टूल कमोड सहित, स्पाइनल स्पोर्ट, सिलिकॉन फोम तकिया, आदि सहायक उपकरणों को पात्र लाभार्थियों को वितरित किया जायेगा।

## पेज एक का शेष

### उद्धव ठाकरे...

लिए तैयार हो गई थी। शिंदे के नेतृत्व वाले धड़े को वास्तविक शिवसेना के रूप में मान्यता देने के अलावा निर्वाचन आयोग ने उसे पार्टी के मूल धनुष एवं तीर चुनाव चिह्न आवंटित करने का भी आदेश दिया था।

### ठाकरे धड़े ...

जिसका हम उल्लंघन नहीं कर सकते हैं। पीठ में न्यायमूर्ति एम आर शाह, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा भी थे। पीठ ने कहा कि वह सिब्बल की दलीलों को समझती है कि संसदीय लोकतंत्र में, राजनीतिक दल सर्वोच्च है। ठाकरे गुट ने पीठ को बताया कि राज्यपाल सक्रिय रूप से एक भूमिका निभा रहे हैं जो राज्यों की शासन व्यवस्था में व्यवधान डाल रहा है। ठाकरे गुट ने महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी द्वारा 30 जून 2022 को एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाने की आलोचना की। सिब्बल ने पीठ को बताया कि कोश्यारी ने शिंदे से यह पूछे बिना ही शपथ दिला दी कि वह और उनका समर्थन करने वाले अन्य विधायक किस पार्टी के हैं। सिब्बल ने कहा, राज्यपाल को एकनाथ शिंदे को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में यह पूछे बिना शपथ नहीं दिलानी चाहिए थी कि वह और उनका समर्थन करने वाले अन्य विधायक किस पार्टी के हैं। एकनाथ शिंदे किस हैसियत से राज्यपाल के पास गए थे ? राज्यपाल जानते थे कि उनके खिलाफ अयोग्यता की कार्यवाही लंबित थी लेकिन उन्होंने उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई। सिब्बल ने 2016 के नबाम रेबिया मामले का भी जिक्र किया जहां अदालत ने अरुणाचल प्रदेश सरकार को बहाल करके यथास्थिति का आदेश दिया था। उन्होंने कहा, यह अरुणाचल प्रदेश में भी हुआ है। पद के लिए कोई अनादर नहीं है, लेकिन दुर्भाग्य से, हमने देखा है कि राज्यपाल सक्रिय रूप से एक भूमिका निभा रहे हैं जो राज्यों की शासन व्यवस्था में व्यवधान डाल रहा है। शिवसेना में बगावत के बाद महाराष्ट्र में एक राजनीतिक संकट शुरू हो गया था और 29 जून, 2022 को शीर्ष अदालत ने विधानसभा में शक्ति परीक्षण करने के लिए 31 महीने पुरानी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार को महाराष्ट्र के राज्यपाल के निर्देश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। शक्ति परीक्षण से पहले ठाकरे ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने 23 अगस्त, 2022 को कानून के कई सवाल तैयार किए और शिवसेना के दो गुटों द्वारा दायर याचिकाओं को पांच-न्यायाधीशों की पीठ के पास भेज दिया था। याचिकाओं में दलबदल, विलय और अयोग्यता से जुड़े कई संवैधानिक प्रश्न उठाए गए थे।

### मनीष सिसोदिया...

जानकारी और कार्रवाई योग्य प्रतिक्रिया एकत्र करने और ट्रैप केस के लिए वर्ष 2015 में एफबीयू की स्थापना की थी। इस यूनिट के गोपनीय सेवा व्यय के लिए एक करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया था, यूनिट ने वर्ष 2016 में काम करना शुरू कर दिया था। सन 2017 की शुरुआत में इसे भंग कर दिया गया। रिपोर्ट में कहा गया था कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने वर्ष 2015 में एक कैबिनेट बैठक में प्रस्ताव पास किया था, लेकिन कोई एजेंडा नोट प्रसारित नहीं किया गया था। एफबीयू में नियुक्तियों के लिए एलजी से कोई मंजूरी नहीं ली गई थी। शुरुआती जांच रिपोर्ट में कहा गया कि कि फीडबैक यूनिट ने उसे सौंपी गई जानकारी एकत्र करने के अलावा राजनीतिक खुफिया, विविध गोपनीय जानकारियों को भी एकत्र किया। सीबीआइ ने दिल्ली सरकार के सतर्कता विभाग के एक संदर्भ पर प्रारंभिक जांच दर्ज की। सतर्कता विभाग ने एफबीयू में अनियमितताओं का पता लगाया था। रिपोर्ट के अनुसार प्रथम दृष्ट्या दोषी लोक सेवकों द्वारा नियमों, दिशानिर्देशों और परिपत्रों का जानबूझकर उल्लंघन किया गया था। रिपोर्ट में यह आरोप भी लगाया गया कि किए गए उल्लंघनों की प्रकृति स्वाभाविक रूप से बेईमानी वाली है और इस तरह की सामग्री संबंधित लोक सेवक उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और तत्कालीन सचिव (सतर्कता) सुकेश कुमार जैन द्वारा गलत इरादे से आधिकारिक पद के दुरुपयोग से पर्दा उठाती है। एफबीयू द्वारा तैयार की गई 60 प्रतिशत रिपोर्टें सतर्कता और भ्रष्टाचार के मामलों से संबंधित थीं, जबकि राजनीतिक खुफिया जानकारी और अन्य मुद्दों की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत की थी। इसने आरोप लगाया कि संबंधित लोक सेवकों द्वारा एफबीयू का दुरूपयोग उस उद्देश्य के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए किया गया, जिसके लिए इसे स्पष्ट रूप से बनाया गया था। सिसोदिया एवं सुकेश जैन के अलावा जिन अधिकारियों पर एफआइआर दर्ज करने की सिफारिश की गई थी, सीआइएसएफ के पूर्व महानिदेशक राकेश कुमार सिन्हा, आइबी के पूर्व संयुक्त उप सचिव प्रदीप कुमार पुंज व सीआइएसएफ के सहायक कमांडेंट सतीश खेत्रपाल भी शामिल हैं।

### योगी सरकार...

किमी लम्बे लगभग 36230 करोड़ रुपए लागत से बन रहे गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। वित्तीय वर्ष 2023-2024 के बजट में झांसी लिंक एक्सप्रेस-वे तथा चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस-वे की नई परियोजनाओं के प्रारम्भिक चरण के लिए 235 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के साथ डिफेन्स कॉरीडोर परियोजना के लिए 550 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे के दोनों तरफ गोरखपुर में औद्योगिक गलियारा विकसित किये जाने के लिए 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा 1000 एकड भूमि पर अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी की स्थापना की जा रही फिल्म सिटी से लगभग 10000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की सम्भावना के साथ-साथ रोजगार एवं वाणिज्यिक गतिविधियों में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के एएचपी घटक के अन्तर्गत वर्तमान में 76 परियोजनाओं में लगभग 48277 भवन निर्मित किये जा रहे हैं। इनमें से 22718 भवन पूर्ण किये जा चुके हैं जबकि अवशेष भवन मार्च 2023 तक पूर्ण कर लिया जाना लक्षित है। लखनऊ विकास क्षेत्र तथा प्रदेश के समस्त विकास प्राधिकरणों के विकास क्षेत्र तथा नगर क्षेत्र में अवस्थापना सुविधाओं का विकास तथा वाराणसी एवं अन्य शहरों में रोप-वे सेवा विकसित किये जाने के लिए 150 करोड़ रुपये की व्यवस्था का प्रस्ताव है। कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2023-2024 में 585 करोड़ रुपये, आगरा मेट्रो रेल परियोजना के लिए 465 करोड़, दिल्ली-गाजियाबाद मेरठ कॉरिडोर रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम परियोजना का निर्माण कार्य प्रगति पर है। वित्तीय वर्ष 2023-2024 में 1306 करोड़ रुपये की व्यवस्था का प्रस्ताव है। वाराणसी, गोरखपुर व अन्य शहरों में मेट्रो रेल परियोजना के कियान्वयन के लिए 100 करोड़, मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण, नए शहर प्रोत्साहन योजना के लिए 3000 करोड़ और गोरखपुर नगर स्थित गोडधोड्या नाला एवं रामगढ़ ताल के जीर्णोद्धार तथा इण्टरसेप्शन, डाइवर्जन एवं ट्रीटमेंट सम्बन्धी परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए 650 करोड़ 10 लाख रूपये की व्यवस्था का प्रस्ताव है। वित्त मंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के पात्र छात्र-छात्राओं को टैबलेट, स्मार्टफोन देने के लिए वित्तीय वर्ष 2023-2024 के बजट में 3600 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। उप्र स्टार्टअप नीति-2020 के अन्तर्गत कृषि, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, ऊर्जा, खादी, शिक्षा, पर्यटन, परिवहन आदि क्षेत्रों में स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश में 50 इन्क्यूबेटर तथा 7200 स्टार्टअप्स कार्यरत हैं। नीति के अंतर्गत पीजीआई लखनऊ, आईआईटी कानपुर तथा नोएडा परिसर में आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स के क्षेत्र में परिचालन प्रारम्भ किया जा चुका है। वित्त मंत्री ने कहा कि इन्क्यूबेटर्स को बढ़ावा देने तथा स्टार्टअप्स के लिये सीड फण्ड के लिए 100 करोड़ रुपये, उत्तर प्रदेश सूचना प्रौद्योगिकी एवं स्टार्टअप्स नीति के लिए 60 करोड़, ग्रामीण क्षेत्रों में युवा उद्यमियों को एग्रीटेक स्टार्ट-अप्स की स्थापना के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एग्रीकल्चर एक्सीलरेटर फण्ड के लिए 20 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। युवा अधिवक्ताओं को कार्य के शुरुआती 3 वर्षों के लिये किताब एवं पत्रिका क्रय करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने के लिये 10 करोड़ रुपये तथा युवा अधिवक्ताओं के लिये कॉपर्स फण्ड के लिए 5 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

### कांग्रेस तय...

संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने बुधवार को कहा कि 2024 में उनकी पार्टी सहयोगी दलों के साथ मिलकर सामूहिक रूप से सरकार बनाएगी। खड़गे ने विपक्षी एकजुटता की पैरवी करते हुए कहा कि कांग्रेस और हमारी दोस्त पार्टियां जरूर सरकार बनाएंगी। सबके सहयोग के साथ सरकार बनाएंगे, सामूहिक रूप से सरकार बनाएंगे। एक दिन पहले खड़गे ने नगालैंड में एक चुनावी सभा में भी यही बात दोहरायी थी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री बार-बार छाती ठोकते हैं, लेकिन लोकतंत्र में जनता घमंडी व्यक्ति को बर्दाश्त नहीं करती। खड़गे ने मंगलवार को नगालैंड के दिमापुर में कहा था कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए हम दूसरी पार्टियों के साथ बातचीत कर रहे हैं। सभी विपक्षी दल साथ आएंगे। दूसरी ओर, राहुल गांधी ने बुधवार को ही शलांग में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि टीएमसी मेघालय में यह सुनिश्चित करने के लिए चुनाव लड़ रही है कि पूर्वोत्तर के इस राज्य में भाजपा सत्ता में आ जाए। भले ममता बनर्जी गैर कांग्रेस गठजोड़ के लिए अंदरखाने रणनीति बुन रही हों, लेकिन तृणमूल कांग्रेस संप्रग का महत्वपूर्ण घटक रहा है और भाजपा के खिलाफ गठजोड़ में खड़गे उन्हें भी साथ लेने की बात कह रहे हैं। गांधी ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए पश्चिम बंगाल में हिंसा और घोटालों की घटनाओं का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा कि लोग पश्चिम बंगाल में तृणमूल का हिंसा एवं घोटालों का इतिहास जानते हैं। उन्होंने गोवा (चुनाव) में बड़ी रकम खर्च की और उनका मकसद भाजपा की मदद करना था। मेघालय में भी उनका यही विचार है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पिछले दिनों कांग्रेस से विपक्षी गठबंधन पर जल्द कदम उठाने की अपील कर चुके हैं। नीतीश कुमार ने गत शनिवार को कहा था कि कांग्रेस को भारत जोड़ो यात्रा से बने माहौल का लाभ उठाते हुए भाजपा विरोधी दलों को एकजुट कर गठबंधन बनाना चाहिए और यदि ऐसा हो गया तो अभी 300 से ज्यादा सीट वाली भारतीय जनता पार्टी को 2024 के लोकसभा चुनाव में 100 से भी कम सीट पर समेटा जा सकता है।

### गठबंधन मामले ...

लगाया कि कांग्रेस 'परिवार को पावर नहीं तो दूसरों के लिए परेशानी का टावर' खड़ा करने के लिए जानी जाती है। उनका कहना था कि पहली बार है कि कोई गैर-कांग्रेसी सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्थिरता और विश्वसनीयता के साथ देश के सम्मान, समृद्धि, सशक्तिकरण की इबारत लिख रहे हैं। पूरी दुनिया भारत की धमक, मोदी की धाक महसूस कर रही है। उन्होंने दावा किया कि परिवार के प्रांगण में सिमटी कांग्रेस पार्टी को यह हजम नहीं हो रहा है।

### भारत, चीन...

गलवान घाटी और चार अन्य स्थानों पर दोनों देशों के सैनिकों को पीछे हटाने के नतीजों का समर्थन किया। बयान में कहा गया है कि उन्होंने अगले चरण के परामर्श के लिए रुख पर विचारों का स्पष्ट रूप से और गहराई से आदान-प्रदान किया। सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता कायम रखने के लिए वार्ता और समन्वय को लेकर वर्ष 2012 में डब्ल्यूएमसीसी का गठन किया गया था। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों पक्षों ने पश्चिमी सेक्टर में भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति की समीक्षा की तथा (टकराव वाले) शेष स्थानों से सैनिकों को पीछे हटाने के प्रस्तावों पर खुले और रचनात्मक तरीके से चर्चा की, ताकि इस सेक्टर में एलएसी पर शांति एवं स्थिरता बहाल की जा सके और द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए माहौल बनाया जा सके। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने सैन्य और राजनयिक माध्यमों से चर्चा जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। मंत्रालय ने कहा, डब्ल्यूएमसीसी की 26वीं बैठक बीजिंग में 22 फरवरी 2023 को आमने-सामने बैठकर हुई। जुलाई 2019 में हुई 14वीं बैठक के बाद यह पहली डब्ल्यूएमसीसी बैठक थी जो आमने-सामने हुई। चीनी विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि दोनों पक्ष सीमा पर स्थिति और भी स्थिर करने के लिए दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी अहम सहमति का सक्रियता से क्रियान्वयन करने के लिए सहमत हुए। बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने सीमा पर तनाव और घटाने पर चर्चा की और सीमा पर स्थिति को एक समानंईकृत प्रबंधन के चरण में ले जाने के लिए काम करने को सहमत हुए। बैठक में भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) शिलपक अंबुले ने किया। चीनी शिष्टमंडल का नेतृत्व चीनी विदेश मंत्रालय में सीमा और समुद्री मामलों के विभाग के महानिदेशक होंग लियांग ने किया। अंबुले ने चीन की सहायक विदेश मंत्री हुआ चुनयिंग से भी मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि 17वें दौर की वरिष्ठ सैन्य कमांडर स्तर की बैठक 20 दिसंबर को हुई थी लेकिन शेष मुद्दों के समाधान की दिशा में आगे बढ़ने के संकेत नहीं मिले थे। बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि बातचीत के दौरान दोनों पक्षों ने खुले और रचनात्मक तरीके से विचारों का आदान-प्रदान किया, ताकि संबद्ध मुद्दों का समाधान निकाला जा सके। डब्ल्यूएमसीसी की बीजिंग में बैठक ऐसे समय में हुई है जब एक सप्ताह बाद ही दिल्ली में जी20 समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक होने वाली है। चीन के विदेश मंत्री किन गांग के 1-2 मार्च को होने वाली बैठक में हिस्सा लेने की उम्मीद है। पैंगोंग झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद पांच मई 2020 से ही पूर्वी लद्दाख में गतिरोध बना हुआ है। दोनों पक्षों के बीच कई दौर की वार्ता होने के बाद उन्होंने पैंगोंग झील के उत्तरी और दक्षिणी तटों और गोगरा क्षेत्र से अपने-अपने सैनिकों को पीछे हटाया है।

### एक माह...

अन्वेषण ब्यूरो, प्रवर्तन निदेशालय और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण सहित जांच एजेंसियों के कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे और रिकॉर्डिंग उपकरण लगाने का निर्देश दिया था। ए एजेंसियां पूछताछ करती हैं और गिरफ्तारी की शक्ति रखती हैं। इस मामले के न्याय मित्र वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने प्रस्तुत किया कि 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अभी तक पहले के निर्देशों के अनुसार अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करनी हैं। न्यायालय ने देश भर के थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए छह सप्ताह का समय निर्धारित किया था। न्यायालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि प्रत्येक पुलिस थाने में, सभी प्रवेश और निकास बिंदुओं, मुख्य द्वार, लॉक-अप, कॉरिडोर, लॉबी और रिसेप्शन के साथ-साथ लॉक-अप रूम के बाहर भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं ताकि कोई भाग कैमरे की नजर से न बचे।

### पहली कक्षा...

ने इस दृष्टि पर अमल करने के लिए 9 फरवरी 2023 के एक पत्र के माध्यम से सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासनों को प्रवेश के लिए अब आयु को समान रूप से 6 वर्ष करने तथा 6 वर्ष की आयु में पहली कक्षा में प्रवेश देने के निर्देशों को दोहराया है। देश में विशेषकर शहरों में बच्चों को प्राय: ढाई से तीन साल की उम्र में ही स्कूल भेजना शुरू कर दिया जाता है और दो साल बाद उन्हें पहली कक्षा में दाखिला दे दिया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल ही कहा था कि बच्चों के मनोवैज्ञानिक और मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें बहुत कम उम्र में स्कूल नहीं भेजा जाना चाहिए। शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि मूलभूत चरण में सबसे महत्वपूर्ण कारक योग्य शिक्षकों की उपलब्धता है, जो विशेष रूप से आयु और विकासात्मक रूप से उपयुक्त पाठ्यक्रम और शिक्षाशास्त्र में प्रशिक्षित हैं। मंत्रालय ने राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों को यह सलाह भी दी है कि वे अपने यहां प्री-स्कूल शिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा (डीपीएसई) पाठ्यक्रम तैयार करने और चलाने की प्रक्रिया प्रारंभ करें।

### शिक्षा मंत्रालय...

जिसमें इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश और विदेश के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत की। बयान के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने एग्जाम वॉरियर्स नामक एक पुस्तक लिखी है जिसमें परीक्षा के तनाव को दूर करने के तरीकों और साधनों के संबंध में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए अद्वितीय मंत्रों को शामिल किया गया है। इसमें कहा गया है कि देश भर के विद्यार्थियों पर पुस्तक के विलक्षण प्रभाव पर गौर करते हुए शिक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में नेशनल बुक ट्रस्ट ने एग्जाम वॉरियर्स पुस्तक का अनुवाद 11 भारतीय भाषाओं में किया। इसे असमिया, बांग्ला, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू में प्रकाशित किया है। इसमें कहा गया है कि परीक्षा पे चर्चा को जन आंदोलन में परिवर्तित करने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासकों से समग्र शिक्षा के तहत प्रत्येक स्कूल के पुस्तकालय में एग्जाम वॉरियर्स उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

## क्विक न्यूज

### रसोइयों ने समस्याओं को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर।** बुधवार को प्राथमिक विद्यालय रसोइया वेल्फेयर एसोसिएशन ब्लॉक परसेंडी की बैठक जिला अध्यक्ष संजू तिवारी की अध्यक्षता मे बीआरसी परिसर में सम्पन्न हुई। जिसमे रसोइयो को समय से मानदेय न मिलने सहित तमाम समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में खण्ड शिक्षा अधिकारी रिषिकेश सिंह को ज्ञापन दिया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सभी रसोइयों की समस्याओं के समाधान का जल्द ही आश्वासन दिलाया। इस मौके पर संदीप, रामभूखन, मानू, पिंकी, सुशीला, उमा देवी आदि मौजूद रहीं।

### कांट थाना पुलिस के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की

**शाहजहांपुर ।** जनपद के ब्लॉक कॉट के ग्राम जरावन निवासी सत्यभान सिंह यादव के बेटे के पी यादव का भानपुर रोड पर गन्ने के कांटे के पास ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी जिससे के पी यादव की मौके पर मृत्यु हो गई...! जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने व के पी यादव जी के परिवार वालों ने डेड बॉडी रखकर शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया तभी थाना कॉट की पुलिस ने डेड बॉडी (लाश) को खींचा और अपने कब्जे में कर लिया और के.पी यादव जी के परिवार वालों व ग्रामीणों पर अंधाधुधं लाठी बरसा कर ग्रामीणों पर मुकदमे लिख दिए जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। थाना कांट पुलिस की इस घिनौनी व दुर्भाग्यपूर्ण हरकत की सपा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने घोर निंदा की है और पुलिस अधीक्षक से ग्रामीणों के ऊपर लिखे गए मुकदमों को वापस लेने व कांट थाना पुलिस के खिलाफकठोर कार्रवाई की मांग की। उसके बाद भारी पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर बल प्रयोग कर भीड़ को खदेड़कर हाईवे पर जाम खुलवाया। आखिरकार आलाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। उसके बाद परिजनों से बातचीत कर उनकी मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया है। सीओ सदर अमित चौरसिया ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली से बाइक सवार की मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने जाम लगा दिया था और ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव भी कर दिया, लेकिन अब स्थिति सामान्य है।



### नवागत अपर पुलिस अधीक्षक ने की प्रेसवार्ता

**लखीमपुर खीरी।** नवागत अपर पुलिस अधीक्षक नेपाल सिंह द्वारा पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता आयोजित कर जनपद के पत्रकार बन्धुओं से भेंटध्परिचय वार्ता की गई। इस दौरान एएसपी द्वारा अपनी पूर्व की नियुक्तियोंए अपनी कार्यप्रणाली तथा अपने विषय में पत्रकार बंधुओं को अवगत कराया गया तथा अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही एवं आम जनमानस के बीच पुलिस की मित्रवत छवि बनाना सहित अपनी प्राथमिकताओं से पत्रकार बन्धुओं को अवगत कराया गया। इस संबंध पत्रकार बंधुओं से सुझाव आमंत्रित किए गए एवं प्राप्त सुझावों पर प्रभावी कार्यवाही अमल में लाने हेतु आश्वस्त किया गया।



### राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में पांचवें दिन अनेक कार्यक्रम आयोजित

**शाहजहांपुर।** जी एफकॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के सात दिवसीय शिविर के पाँचवें दिन शिविर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मऊ खालसा गांव के प्राइमरी स्कूल में कार्यक्रम अधिकारी डॉ मोहम्मद शोएब के निर्देशन चल रहे प्रथम छात्र शिविर में प्राचार्य डॉ मोहम्मद तारिक ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एनएसएस युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित एक सक्रिय कार्यक्रम है। जिसका प्रमुख उद्देश्य राष्ट्र की युवाशक्ति के व्यक्तित्व का विकास करना है। इसकी गतिविधि में भाग लेने वाले विद्यार्थी, समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित के काम करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन से ही समाजोपयोगी कार्यों में रत रहने से उनमें समाज-सेवा और राष्ट्र-सेवा के गुणों का विकास होता है।इसके कार्यक्रमों में साक्षरता सम्बन्धी कार्य,पर्यावरण सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, आपातकालीन या प्राकृतिक आपदा के समय पीड़ित लोगों की सहायता आदि शामिल है। डॉ सैयद सुहेल अख्तर नकवी ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। प्राथमिक विद्यालय दिलाजाक में डॉ दरख़शां बी के दिशा निर्देशन में चल रहे द्वितीय छात्रा इकाई शिविर में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत रंजीत सक्सेना ने छात्राओं को क्षय रोग के विषय में बताया कि आसपास के लोगों जागरूक करें कि अगर किसी को खांसी या बुखार की शिकायत हो तो वह अपनी जांच करवाएं। क्षय रोग का इलाज सरकारी अस्पताल में मुफ्त में किया जाता है। द्वितीय सत्र में डॉ हेमेंद्र ने हेल्थ एंड हाइजीन विषय पर व्याख्यान दिया। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ शबाना साजिद ने छात्राओं को सेवा भाव के बारे में बताया। संविलियन विद्यालय शहामतगंज गौटिया में डॉ कौसर जमाल के निर्देशन में तृतीय मिश्रित छात्र-छात्रा शिविर के प्रथम सत्र में पुष्पम श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों को सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम , पद्मासन, चक्रासन, वाकासन, मयूरासन पद्मासन , भुजंगासन, पवनमुक्तासन चक्रासन, प्राणायाम, आदि अनेक आसन के बारे में जानकारी दी और उनसे लाभ के बारे में बताया। दूसरे सत्र में छात्रों ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें प्रथम हिमांशु शुक्ला,द्वितीय मोहित कुमार सिंह,तृतीय स्थान हर्षवर्धन और सांत्वना पुरस्कार किशन शुक्ला एवं सुषमा ने प्राप्त किया।

### महज चुनाव जीतना है उम्मीदवारों का लक्ष्य

**गोला गोकर्णनाथ** (खीरी)। नगरपालिका परिषद गोला में अध्यक्ष पद को लेकर पहली बार दर्जनों की संख्या में प्रत्याशी सामने आए हैं और चुनाव लटकने के बाद लगभग सभी भूमिगत हो गए हैं। कुछ प्रत्याशी दिखाने के लिए सक्रिय हैं पर उनको नगर की प्रमुख समस्यायों से कोई लेना देना नहीं है। नगर की प्रमुख समस्या निम्नलिखित है। नगर में स्थित चीनी मिल की कालिख सफेद - काली राख का उठना। नगर में प्रदूषित जल का प्रवाह होना। राशन कार्ड की समस्या को दूर कराना। राशन दुकानों पर घटतौली आम बात बन गई है। अवैध अतिक्रमण को हटाने में होने वाले पक्षपात पर खामोश रहना। प्रदूषण फैलाने व नियंत्रण का प्रयास न होना। हरियाली पर हो रहा प्रयास को विफल करने का प्रयास पर चुप्पी। नगर क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लेकर स्थापित विकास चौराहा पुलिस चौकी में तालाबंदी और कागजों में संचालित। शव विच्छेदन ग्रह की तालाबंदी। अवैध बस .मैजिक के स्टैंड जो भी संचालित है उनको बंद कराने व नगर के बाहर अवैध स्टैंडों का संचालन के लिए कोई भी प्रयास न करना । बताते चलें कि तमाम बुनियादी सुविधाओं से नगर की जनता वंचित हैं जिनके लिए कोई भी प्रयास न करना, धरना प्रदर्शन से दूर रहना पर नगरपालिका परिषद गोला में अध्यक्ष पद को हासिल करने का सपना देखने वालों की संख्या कहीं आम जनता के गुस्से का शिकार न बन जाए और उनका सपना मुंगेरीलाल के हसीन सपने की तरह बिखर न जाए। हालांकि चुनाव दिलचस्प है, ऊंट किस पाले में जाएगा यह कहना कठिन है, पर आम जनता सभी प्रत्याशियों पर नजर बनाए हुए है। कहीं ऐसा न हो कोई अचानक मैदान में उतर कर मतदाताओं का भरोसा जीतने में सफल हो जाए। फिलहाल जब भी नगर पालिका परिषद गोला का चुनाव होगा तब यह मुद्दा एक बार फिर गर्म हो सकता है ।

# केंद्रीय विद्यालय के लिए जल्द चिन्हित करें भूमि: डीएम

## ●जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रबंध समिति की बैठक सम्पन्न



**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में केन्द्रीय विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक केंद्रीय विद्यालय परिसर में हुई। पूर्व बैठक की समीक्षा सत्र 2023-24 में नए प्रवेश, बोर्ड परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था/पुलिस की तैनाती, विद्यालय में रिक्त पदों पर आगामी सत्र में शिक्षण कार्य के अनुबंधित अध्यापकों का पैनल तैयार करना, विद्यालय के स्थाई भवन निर्माण को भूमि का हस्तांतरण, विद्यालय भवन में छतो के टपकने, बहुउद्देसीय हाल की छत के टूटने तथा दरवाजे खिड़कियों के टूटने पर मरम्मत कार्य, विद्यालय कक्षा कक्ष के आंतरिक व्हाइटवॉश एवं रंग रोगन के कार्य की जानकारी ली।

बुधवार को जिलाधिकारी ने बहुउद्देसीय सभागार की एस्बेस्टस शीट की मरम्मत, कंप्यूटर लैब के लिए फर्नीचर क्रय करने की अनुमति, गेट के पास दोनों तरफ फुटपाथ पर इंटरलॉकिंग ब्रिक्स से पक्का फुटपाथ बनाने का कार्य आदि बिंदुओं पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने नये प्रवेश के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो सीटे छूट जाती हैं उसका पेपर के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराकर कराएं। बोर्ड परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में उन्होंने कहा कि परीक्षा पारदर्शिता और शुचिता पूर्ण होनी चाहिए। किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिये कि विद्यालय भवन में छतो के टपकने बहुउद्देसीय हाल की छत के टूटने तथा दरवाजे खिड़कियों के टूटने पर मरम्मत कार्य व विद्यालय के कक्षों के व्हाइटवॉश रंग रोगन एवं बहुउद्देसीय सभागार के एसबेस्ट्रेस सीट की मरम्मत आदि अलंकार योजना के तहत आई धनराशि से कराएं। मानविकी वर्ग के लिए दो अतिरिक्त कक्षा कक्ष बनाए गए। जिसमें जिलाधिकारी ने कार्य की प्रगति के बारे में व फर्नीचर के बारे में जानकारी ली। टॉयलेट, हैंडपंप, सोलर पैनल के लिए, जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित अधिकारी इसका सर्वे कराकर सुनिश्चित कराएं। न्यू केंद्रीय विद्यालय के लिए जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार को निर्देश दिया कि इसके लिए जमीन चिन्हित करें। जिससे निर्माण हो सके।

इस मौके पर केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने आभार जताया। बैठक में जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी भूपेश द्विवेदी, राजकीय बालिका विद्यालय की प्रधनाचार्या श्रीमती पुष्पा वर्मा, नायब तहसीलदार आरएन मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप, चित्रकूट इंटर कॉलेज के प्राचार्य रणवीर सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# अवैध परिवहन मामले में बारह ट्रक सीज, काटे चालान



**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनंद के निर्देश पर जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह ने इन दिनों जिले में ताबड़तोड़ कार्रवाई कर अवैध खनन कारोबारियों की टेंशन बढ़ा दी है। खनिज अधिकारी ने बुधवार की सुबह सघन चेकिंग अभियान चलाकर बिना प्रपत्र, नंबर प्लेट एवं ओवर लोडिंग के मामले में 12 ट्रकों को सीज कर दिया है। साथ ही दर्जनों भारी वाहनों व ट्रैक्टरों का ई-चालान किया है। बुधवार की सुबह जिले के खोह, कालूपुर, ट्रैफिक चौराहा, लोढ़वारा, पहाड़ी, राजापुर एवं सरधुवा में वृहद छापेमार अभियान चलाकर भारी वाहनों की चेकिंग की। जिसमें ओवरलोडिंग, बिना रवन्ना एवं नंबर प्लेट के गिट्टी व मौरंग से लोड 12 वाहनों को सीज कर सरधुवा व राजापुर थाने में सुपुर्द कर दिए हैं। इस दौरान दर्जनों वाहनों व ट्रैक्टरों का ई-चालान किया है। सघन चेकिंग अभियान से अवैध खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। खनिज अधिकारी द्वारा जिले में अवैध कार्य में सम्मिलित खनन कारोबारियों को रॉयलटी की चोरी, ओवर लोडिंग व बिना नंबर प्लेट के वाहन न चलाने लिए बार-बार समझाने एवं नोटिस जारी करने के बावजूद वह लोग बाज नहीं आ रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### बाईपास निर्माण की नहीं सरकार के पास योजना : विधायक

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के कर्वी विधायक अनिल प्रधान ने विधानसभा के पहले सत्र में जिले के खोह से देवांगना बाईपास तथा खोह से भरतकूप लिंकरोड के निर्माण का मुद्दा सदन में उठाया। सदन ने विधायक को बताया कि बाईपास निर्माण की कोई योजना लोनिवि में नहीं है। बुधवार को विधायक अनिल प्रधान के विधानसभा के प्रथम सत्र में खोह से देवांगना बाई पास तथा खोह से भरतकूप लिंकरोड के निर्माण को सदन को बताया था। उन्होंने कहा कि जनहित में इन मार्गों का निर्माण अतिआवश्यक था। इन मार्गों के निर्माण से आये दिन होने वाले हादसों और जाम की समस्या से निजात मिल सकती है। सरकार की दमनकारी नीतियों और प्रशासनिक उदासीनता से जिले के अधिकारियों ने इन मार्गों की कोई आवश्यकता न होने की सूचना सदन को भेजी है, जबकि विधायक ने इन मार्गों के निर्माण को जनहित के लिए जरूरी बताया है। विधायक ने बताया कि लोनिवि के राज्यमंत्री बृजेश सिंह की ओर से उत्तर मिला कि इन मार्गों के निर्माण की कोई योजना लोनिवि में नहीं है।

### राज्य स्तरीय पुरुष हाकी प्रतियोगिता 16 से 19 मार्च तक

**फर्रुखाबाद।** राज्य स्तरीय पुरुष हाकी प्रतियोगिता के आयोजन के लिए एक बैठक फतेहगढ़ स्थित ब्रह्मदत्त स्पोर्ट्स स्टेडियम में अध्यक्ष बलराम यादव की अध्यक्षता में हुई जिसमे 16 मार्च से 19 मार्च तक प्रतियोगिता आयोजित कराने का निर्णय लिया गया। विजेता टीम को 51000 रूपये और उपविजेता टीम को 31000 रूपये नकद पुरुस्कार दिए जाने का निर्णय लिया गया। कमेटी अध्यक्ष बलराम यादव ने बैठक में बताया कि पुरुष हांकी प्रतियोगिता में बाहर व स्थानीय कुल बारह टीमें हिस्सा लेगी जिसमे प्रतापगढ़ ,लखनऊ, इलाहाबाद, बनारस, अलीगढ़, रायबरेली, फर्रुखाबाद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाली नामी गिरामी टीमों के बुलाने, ठहरन, खाने व रहने की निर्णायको यानी अंपायरों को आमंत्रित करने एवम प्रतियोगिता के उद्घाटन और समापन की रूपरेखा भी तैयार की गई है। कमेटी के सचिव शिवकुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन 16 मार्च और समापन 20 मार्च को होगा। विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

### रोडवेज बस से मासूम की मौत,ग्रामीणों ने लगाया जाम

**हमीरपुर।** जिले के मुस्करा क्षेत्र में बुधवार की शाम रोडवेज बस से मासूम बच्चे के कुचल जाने से नाराज ग्रामीणों ने बस चालक व परिचालक की धुनाई कर बस में तोड़फोड़ कर जाम लगा दिया। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के बिहूनीखुर्द गांव में पवन की आज शादी है गांव मे निकासी कार्यक्रम चल रहा था महिलाओ के साथ पवन का भतीजा नैतिक(6) पुत्र मुन्ना भी घूम रहा था तभी राठ की तरफसे आ रही रोडवेज बस से मासूम टकरा गया और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गयी,मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाकर बस के चालक महेंद्र व परिचालक ब्रजनंदन की जमकर धुनाई कर दी,इसके बाद में बस के शीशे तोड़ दिये सूचना पाकर मुस्करा पुलिस की फोर्स ने पहुंचकर लोगों को समझाबुझाकर मामला शांत कराया। पुलिस ने बस के चालक व परिचालक को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### इंडियन बैंक से महिला समूहों को बीस करोड़ के ऋण वितरित

**हमीरपुर।** जनपद हमीरपुर के अग्रणी बैंक इंडियन बैंक का अगुवाई में बैंकों की सहभागिता से पुलिस परेड ग्राउंड हमीरपुर वृहद महिला स्वयं सहायता समूह ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जनपद के जिला अधिकारी डॉ चंद्र भूषण त्रिपाठी ने महिला सशक्तिकरण में बैंकों के महती भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने अग्रणी बैंक इंडियन बैंक की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि इंडियन बैंक इस तरह के क्रियाकलापों में सक्रिय भूमिका निभाती आ रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जयंती राजपूत ने समूह की महिलाओं से अपने बच्चों को शिक्षित करने पर जोर दिया एवं कहा कि शिक्षा ही विकास का मार्ग प्रशस्त करती है। आज कैंप में 334 स्वयं सहायता समूह को 20 करोड़ का ऋण स्वीकृत एवं वितरित किए गए।

### अवैध वसूली की शिकायत पर लेखपाल निलंबित

**फतेहपुर।** ललौली क्षेत्र के लेखपाल रमाकांत तिवारी को निलंबित कर दिया गया है। निलंबित लेखपाल भाजपा नेता के पैतृक गांव बावन में अवैध वसूली कर रहा था। ये कार्रवाई भाजपा प्रांतीय परिषद के सदस्य रामप्रताप सिंह गौतम की शिकायत पर की गई।भाजपा नेता के नेतृत्व में बावन गांव के ग्रामीणों ने लेखपाल की डीएम से अवैध वसूली की शिकायत की थी। शिकायत में गांव के राकेश सिंह ने शपथपत्र देकर किसानों से अवैध वसूली करने का आरोप लगाया था। डीएम ने मामले की जांच एसडीएम को सौंपी।

# झांसी-कानपुर रेलखंड दोहरीकरण से ट्रेनों की संख्या बढ़ने की उम्मीद



**संवाददाता।** कालपी, जालौन

## ●रेल संरक्षा आयुक्त ने दोहरीकृत रेल लाइन का निरीक्षण कर वृक्षारोपण किया

**वीरांगना** लक्ष्मीबाई कानपुर दोहरीकरण योजना के अंतर्गत रेल विकास निगम लिमिटेड के द्वारा नव दोहरीकृत रेल लाइन झांसी-कानपुर रेलखंड के दोहरीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस एतिहासिक क्षणों के मौके पर रेल संरक्षा आयुक्त मोहम्मद लतीफ खान की मौजूदगी 126 किमी की रफ्तार से ट्रायल के लिए ट्रेन दौड़ाई गई। दोहरीकरण लाइन स्थापित होने से निकट भविष्य में रुट में ट्रेनों की संख्या बढ़ सकती है। इससे कालपी के यात्रियों को सुविधा मिलेगी। मुख्य परियोजना प्रबंधक केके तलरेजा, डीआरएम आशुतोष कुमार के साथ रेल संरक्षा आयुक्त मोहम्मद लतीफ खान के द्वारा कई स्थानों में वृक्षारोपण करके धरती को हराभरा करने का संकल्प लिया। संरक्षा आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान उक्त रेल खंड के अंतर्गत आने वाले ट्रैक्शन, सिग्नल, गेट, ओएचई, ब्रिज, ट्रैक, ट्रैक-पॉइंट्स आदि सभी इंस्टालेशन तथा उनकी कार्य क्षमता का गहनता से जायजा लिया।

# शादी न हो पाने पर प्रेमी युगल ने की आत्महत्या

**हमीरपुर।** जिले के सुमेरपुर क्षेत्र में एक ही जाति के न होने पर शादी में आ रही बाधा के परेशान होकर बुधवार को प्रेमी युगल ने सुसाइड नोट लिखकर फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल ने बताया कि क्षेत्र के मिहुना गांव निवासी अनुज यादव(22) पुत्र भूरा कुरारा क्षेत्र के शेखूपुर गांव निवासी पिंकी प्रजापति(18) पुत्री ब्रजकिशोर का प्रेम प्रसंग कई सालो से चल रहा था,पिंकी शेखूपुर गांव में महाकालेश्वर इंटर कालेज में कक्षा 11 की छात्रा थी,दोनो युगलों की अलग अलग विरादरी होने के कारण परिवारीजन शादी करने के लिये तैयार नही थे,पिंकी मंगललवार को भौली गांव में मेला देखने के लिये घर से निकली और प्रेमी के साथ उसके गांव आ गयी,रात में मिहुना गांव में आकर प्रेमी के साथ खेत में स्थित एक झोपड़ी में रुके, और आज खेत में पेड़ से लटककर दोनो ने फांसी लगाकर जान दे दी, पिंकी ने अपने सुसाइड नोट पर लिखा है कि दोनो प्रेमियों में जाति(बिरादरी) बाधा आ रही है इसलिये जान देने के अलावा उनके पास कोई रास्ता नही है,इसमे प्रेमी अनुज का कोई दोष नही है। जानकारी होने पर सीओ सदर कमल राज मौके पर जाकर जांच पड़ताल कर दोनो शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

# भूमाफिया ने कब्रिस्तान की भूमि पर किया कब्जा ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की कार्रवाई की मांग

**संवाददाता।** फतेहपुर

**ग्रामीणों** ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर हिस्ट्रीशीटर भूमाफिया पर अपने सहयोगियों के साथ मिलकर कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कराकर कार्रवाई किए जाने की आवाज उठाई है। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला लाहौरी के बाशिंदे बुधवार को सपा व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष बृजेश सोनी की अगुवाई में कलेक्ट्रेट आये और प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि उनका कदीमी वक्फ कब्रिस्तान गाटा संख्या 335 अकबरपुर अंदर क्षेत्र गढ़ी मुहल्ला लाहौरी में स्थित है।

कब्रिस्तान में उनके मुर्दे सदियों से दफन होते चले आ रहे हैं। कब्रिस्तान मुस्लिम आस्था का



## ●प्रशासन को सूचना देने पर भी अब तक नहीं हुई कोई कार्रवाई

प्रतीक है।

बताया कि शबेबरात पर्व को लेकर जब वह लोग कब्रिस्तान ठीक करने पहुंचे तो देखा कि वहां पर हिस्ट्रीशीटर भूमाफिया मो. एहसान उर्फ पप्पू शाह ने अपने सहयोगी संजय गुप्ता, वेद गुप्ता व दाउद ने खंभे उखाड़ कर फेंक दिये हैं। जबरन बाउंड्रीवाल करा लिया है। जब बाशिंदों ने इसका विरोध किया तो पप्पू शाह ने धमकी दिया कि चुप रहो नहीं तो अंजाम अच्छा नहीं होगा। आरोप लगाया कि क्षेत्रीय लेखपाल मान सिंह ठाकुर, राजस्व अधिकारियों व पुलिस की मिलीभगत से इस कृत्य को अंजाम दिया गया है। बताया कि इस बाबत प्रशासनिक अधिकारियों व पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिस जमीन पर इन लोगों ने कब्जा किया है उस पर अफरोज सबीहा आदि लोगों के पारिवारिक मुर्दे दफन हैं।

# नगदी, जेवर छीनने वाले दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

## ●पुलिस ने तमंचा, कारतूस व लूटे गए नकदी व जेवर किए बरामद



**संवाददाता।** कालपी, जालौन

**अलग**-अलग स्थानों में महिलाओं को बेहोश करके जेवरात तथा नगदी को छीनने की घटनाओं में शामिल 2 शातिर बदमाशों को नाजायज शस्त्रों समेत एसओजी तथा कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी करके गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाशों ने कई घटनाओं को करना स्वीकार किया है।

बुधवार को कालपी कोतवाली में घटना का अनावरण करते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पिछले दिनों कालपी नगर में गल्ला मंडी के पास हाईवे रोड में पीड़ित ममता देवी को बेहोश करके रोककर बदमाशों ने 6 हजार रुपए नगदी तथा जेवर छीन लिए थे। इसके बाद ग्राम जोल्हूपुर में एक मंदिर के पास दमयंती पत्नी मानसिंह को बेहोश करके बदमाशों ने अंगूठी मंगलसूत्र वाले तथा नगदी को लेकर फरार हो गए थे। पुलिस अधीक्षक इराज राजा तथा क्षेत्राधिकारी डॉक्टर देवेंद्र कुमार के निर्देशन में एसओजी टीम तथा थाना कालपी के पुलिस जुटी हुई थी। 22 फरवरी की सुबह करीब 6 बजे जोल्हूपुर मोड़ से मदारीपुर रोड पर सरकारी अंग्रेजी शराब के दुकान के पास संदिग्ध हालत में घेराबंदी करके पुलिस तथा एसओजी टीम के जवानों ने आरोपियों सुलेमान पुत्र सोवत अली निवासी मोहल्ला गांधीनगर अकबरपुर कानपुर देहात तथा इस्माइल पुत्र हसन खान निवासी जल्लापुर सिकंदरा थाना राजपुर कानपुर देहात को पकड़ लिया। पकड़े गए बदमाशों के पास से एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस लोहे का बरामद किया गया। पुलिस एवं एसओजी की टीम ने पकड़े गए बदमाशों के पास से सोने का लॉकेट 7000 रुपए नगदी, मंगलसूत्र, कान के टॉप्स भी बरामद किए गए। बदमाशों ने स्वीकार किया कि पिछले सप्ताह कालपी तथा जोल्हूपुर में महिलाओं को बेहोश करके नगदी तथा जेवरात छीनने की घटनाएं हम लोगों ने ही की है मोटरसाइकिल से हम लोग झांसा देकर तथा बेहोश करके नगदी तथा जेवर झपट लेते थे। घटनाओं में अंजाम देने के लिए मोटरसाइकिल का प्रयोग करते थे। पुलिस टीम ने घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल को भी बरामद कर लिया है।

# आरबीएसके टीम के कैंप में बच्चों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**फतेहपुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला अस्पताल में कैंप का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिला महिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ रेखारानी ने किया। कैंप में विशेष रूप से जन्म से कटे होंठ एवं तालू की समस्या से संबंधित बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया। दिनभर में करीब 52 बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया जिसमें 12 बच्चों को आपरेशन के लिये चिन्हित किया गया गया। डीईआईसी मैनेजर विजय सिंह की देखरेख में आरबीएसके टीम ने कैंप का आयोजन किया। चिकित्सक डॉ अमित अग्रवाल ने बच्चों की जांच कर अभिभावकों को उचित परामर्श दिया। जांच कराने आई हुसेनगंज की रानी देवी और हरिहरगंज निवासी कविता ने बताया कि बच्चे में बीमारी को लेकर काफी निराश हो गये थे लेकिन अब कुछ उम्मीद जगी है। इस दौरान बाल रोग विशेषज्ञ डा रघुनाथ सिंह मौजूद रहे। डीईआईसी मैनेजर विजय ने बताया कि समय समय पर कैंप लगाकर बच्चों को इलाज किया जाता है। आरबीएसके की टीम ग्रामीण स्तर पर कार्य कर रही है। अब तक 22 नवजात बच्चों का आरबीएसके के माध्यम से सफल सर्जरी कराई जा चुकी है।

आरबीएसके के नोडल अधिकारी डॉ यूपी सिंह ने बताया कि आरबीएसके के तहत दिल में छेद, पीठ पर फोड़ा, कटे हुये होठ, टेढ़े मेढ़े पैर, जन्मजात मोतियाबिंद या फिर जन्म से सुनने या बोलने की शक्तिए टीबीए विटामिन बी कामप्लेक्स डिफिशिएंसीए माइक्रोसिफेली, लैप्रोसी जैसे 44 प्रकार के रोगों का उपचार किया जाता है। सीएमओ डॉ सुनील भारतीय ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य किशोर कार्यक्रम के तहत 19 साल तक के बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाता है। इसके लिये आशा के माध्यम से भी सर्वे कराकर बच्चों की पहचान की जाती है। साथ ही उपचार नि:शुल्क किया जाता है।

# निराश्रित गोवंशों को गौशाला में करें संरक्षित : डीएम

## जिलाधिकारी ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

## सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, दिए कैंप लगाकर निस्तारण करने के निर्देश

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** नेहा जैन ने प्रात: करीब 9 बजे सरवनखेड़ा विकासखंड क्षेत्र के ग्राम दुआरी में चल रहे अमृत सरोवर निर्माण कार्य, योगा पार्क, अमृत वाटिका, खेल मैदान, ओपन जिम आदि का भ्रमण कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य की प्रगति में कमी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाते हुए खंड विकास अधिकारी सरवनखेड़ा को निर्देशित किया कि कार्यों में तेजी लाते हुए शीघ्र सभी कार्यों को पूर्ण करें। वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीणों की सुविधा हेतु गांव में हॉट बाजार का कार्य भी किया जाए, जिससे कि ग्रामीणों को यहां सुविधा हो सके। वहीं ग्रामीण जनों ने बताया कि आवारा गोवंशों के चलते फसलों को ज्यादा नुकसान हो रहा है।

इस पर जिलाधिकारी ने उपस्थित खंड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि ग्राम समाज की जमीन को चिन्हित कर अस्थाई गौशाला का निर्माण कर निराश्रित गौवंशो को गौशाला में संरक्षित करें, जिससे कि ग्रामीणजनों की समस्याओं को दूर किया जा सके।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने गांव का पैदल भ्रमण किया एवं गांव में साफ सफाई कम पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपस्थित जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि गांव में भ्रमण कर लोगों की समस्याएं सुने व साफ सफाई बेहतर करने हेतु गांव में सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगा कर सफाई अभियान चलाया जाए तथा नालियां आदि साफ रखी जाएं। वहीं जिलाधिकारी ने ग्रामीण जनों की समस्याएं सुनी जिसमें, आवास, पेंशन, राशन कार्ड आदि की शिकायत पाई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने उपस्थित खंड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि गांव में कैंप लगाकर लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया जाए तथा युवाओं के रोजगार हेतु कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षण एवं आरसेटी के माध्यम से महिलाओं को सिलाई आदि का प्रशिक्षण कराए जाने हेतु निर्देशित किया। वहीं जिलाधिकारी ने गांव के छात्र एवं छात्राओं को स्कूल जाने हेतु प्रेरित किया तथा उनसे वार्ता की। वहीं इसके पश्चात जिलाधिकारी ने गांव में संचालित उच्च प्राथमिक विद्यालय दुआरी का निरीक्षण किया, विद्यालय में साफ सफाई एवं बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत किए जाने हेतु प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया तथा बच्चों को अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान किए जाने हेतु शिक्षकों को निर्देश दिए एवं समय से बच्चों को गुणवत्ता युक्त मिड डे मील उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित किया तथा जिलाधिकारी ने बच्चों से पुस्तक आदि का पाठन कराया।

# मुख्यमंत्री योजना में 50 जोड़े विवाह बंधन में बंधे



**संवाददाता।** जालौन, उरई

**मुख्यमंत्री** सामूहिक विवाह योजना से उन परिवारों को फायदा पहुंचा है जिन परिवारों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। इसमें वर व वधू पक्ष ही संतुष्ट होते हैं। योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले उपहारों को दैनिक जीवन में उपयोग होता है। यह बात ब्लॉक परिसर में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन ने कही। इस दौरान सर्वसमाज के 50 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। पाणिग्रहण संस्कार के बाद सभी जोड़ों को भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश गुप्ता व बीडीओ संदीप यादव ने सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत ब्लॉक परिसर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विवाह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर बनाजी ने कहा कि निम्न आय वर्ग के लोग जो गरीबी के कारण अपनी बेटी का हाथ पीला नहीं कर पाते थे अथवा जिन्हें बेटी का विवाह करने लिए साहूकारों से कर्जा लेना पड़ता था। ऐसे परिवारों का सपना सरकार पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार यह चाहती है कि किसी भी गरीब परिवार को बेटी की शादी के लिए कर्ज न लेना पड़े। ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन ने कहा कि इस योजना में गरीब परिवारों की लड़कियों का विवाह कराने से उन परिवारों के मुखिया की चिंता समाप्त हो जाती है। जिन्हें लगता था कि उनकी बेटी की शादी कैसे होगी। मुख्यमंत्री ने सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत यह कर दिखाया कि गरीब बेटियों की भी शादी धूमधाम से हो सकती है। इस दौरान सर्वसमाज के 50 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। जिनमें 4 मुस्लिम जोड़ों का भी निकाह हुआ। मुस्लिम जोड़ों को मौलाना उवैश ने निकाह पढ़ाया।

# अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक में एडीएम ने दिये दिशा-निर्देश

**फतेहपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में अपर जिलाधिकारी (वित्तध्राजस्व) विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार लाम्बित वादों का निस्तारण नियमानुसार समय से कराए। जिससे कि पीड़ितों को त्वरित न्याय मिल जाय और दोषियों को सजा हो सके। अभियोजन अधिकारीगण, शासकीय अधिवक्तागण, मुकदमों की पैरवी प्रभावी ढंग से करते हुए दोषियों को सजा दिलायें। परिवारिक न्यायालय, सामाजिक वानिकी, खाद्य विभाग, गुंडा एक्ट, प्रोबेशन विभाग, फौजदारी, पाक्सो एक्ट आदि के लाम्बित वादों की समीक्षा किया। उन्होंने कहा कि गम्भीर प्राकृति के वादों में प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलायी जाय। जिससे अपराधी किस्म के



लोगों को यह संदेश जाये कि छोटा से छोटा अपराध करने पर भी वे सजा से बच नहीं सकते हैं। उन्होंने पिछली बैठक में उठाये गए बिन्दुओ के अनुपालन की आख्या की पुष्टि किया। न्यायालयों में विचाराधीन मामलों में सफल अभियोजन पैरवी कर सजा का प्रतिशत बढ़ाया जाना चाहिए ताकि न्यायालयों में लंबित पुराने मामलों का निस्तारण शीघ्र हो सके। इस अवसर पर ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी विनोद कुमार मिश्र, जेलर सुरेश चंद्र, क्षेत्राधिकारी दिनेश चंद्र मिश्र, शासकीय अधिवक्ता सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

# अधेड़ की ईंटों से कुचलकर हत्या

**फर्रुखाबाद।** अधेड़ की अज्ञात हत्यारोपियों ने हत्या कर दी। शव पड़ोसी गांव के बाहर एक गडढे में पड़ा मिला। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। थाना मऊदरवाजा के ग्राम नगला डाल भिडौंर का निवासी सौदान सिंह यादव था। उसका शव आज सुबह पड़ोसी गांव लोहापानी की सड़क के किनारे खंती में पड़ा देखा गया। चेहरा बुरी तरह कुचला हुआ था चेहरे पर लाल रंग के निशान से अनुमान लगाया गया कि चेहरे पर ईटों से प्रहार कर हत्या की गयी है। सूचना मिलने पर सौदान सिंह यादव की पत्नी रिंकी व मां रामबेटी आदि परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर बताया कि यह शव सौदान का ही है। सूचना मिलने पर थाना मऊदरवाजा पुलिस फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंची। मृतक की तलाशी लिए जाने पर उसके पास से आधार कार्ड एवं डायरी मिली। परिजनो व गांव वालों ने बताया कि सौदान शराब पीने का आदी था शराब की लत के कारण वह कोई काम नहीं करता था। खेती बेचकर ऐश करता था पत्नी रिंकी को भी खरीद कर लाया था।

मृतक की मां रामबेटी ने बताया कि पुत्र सौदान एक सप्ताह पूर्व घर से 30 हजार रुपए लेकर बाइक से थाना मेरापुर के ग्राम बीरबल नगला अचरा महरापुर में भतीजी गुंजन के घर जाने की बात कह कर गया था। सौदान को परसो शाम को कुछ लोगो ने ग्राम संतोषापुर देसी शराब ठेके पर देखा था। पुलिस ने सौदान के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सौदान की डेढ़ दिन पूर्व सिर में लगी चोटो के लगने से मौत होने की पुष्टि हुई है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# मनुष्य योनि में जन्म पाना है अतिदुर्लभ : प्रो. सत्यदेव त्रिवेदी



**चित्रकूट।** राष्ट्रीय रामायण मेले के 50वें स्वर्ण जयंती महोत्सव के पांचवे दिन बुधवार को कार्यक्रम का समापन चैतन्य संस्थापक बाल योगी अरुण पुरी, अखिल भारतीय मठ मंदिर समन्वय समिति सिद्धनाथधाम गंगा सेवा महाभियनम ने विधिविधान से किया। मेले के आखिरी दिन विद्वानों, साहित्यकारों व कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। सभी लोगों ने मेले के आखिरी दिन कार्यक्रमों का भरपूर आनंद लिया। मानस प्रवचन सभा में बांदा के प्रो. सत्यदेव त्रिवेदी ने कहा कि मनुष्य जन्म पाना अतिदुर्लभ है। जब मनुष्य 84 लाख योनियों से सत्कर्म करता हुआ गाय की योनि पाता है, उसके पश्चात ही उसको दुर्लभ मानव योनि मिलती है। इसका गोस्वामी तुलसीदास ने मानस में वर्णन किया है। राम प्रताप शुक्ल ने कहा कि अयोध्या में प्रकट होकर प्रभु श्रीराम ने विप्र, धेनु, सुर, संतो के उद्धार के लिए लीला की है। राष्ट्रीय रामायण मेले के 50वें स्वर्ण जयंती महोत्सव के आखिरी दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत लखनऊ क्षिप्रा चन्द्रा, केन्द्रीय सूचना ब्यूरो भारत सरकार के कलाकारों और लखनऊ की डा मेनिका मिश्रा ने भजन एवं लोकगीत प्रस्तुत कर किया।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 23 फरवरी, 2023



# यूक्रेन की मदद से नहीं हटेंगे पीछे

## यूक्रेन का अचानक दौरा करने के एक दिन बाद बोले बाइडन, पुतिन दिया संदेश दिया नाटो विभाजित नही होगा

### कहा-हथियार संधि को निलंबित करना रूस की बड़ी भूल

एजेंसी। वॉरसॉ

**यूक्रेन** पर रूस के जारी हमलों के लगभग एक साल होने के मद्देनजर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि भले ही कुछ भी हो जाए, अमेरिका एवं उसके सहयोगी यूक्रेनवासियों की मदद करने से पीछे नहीं हटेंगे। यूक्रेन का अचानक दौरा करने के एक दिन बाद बाइडन ने पोलैंड में अपने संबोधन के दौरान पिछले एक साल में किए गए प्रयासों के लिए यूरोप में अपने सहयोगियों की प्रशंसा की और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को कड़े शब्दों में स्पष्ट संदेश दिया, नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) विभाजित नहीं होगा और हम थकेंगे नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका एवं रूस के बीच परमाणु हथियारों की नियंत्रण संधि के आखिरी बचे हिस्से से अपने देश की भागीदारी निलंबित करके बड़ी गलती की है। बाइडन ने वॉरसॉ के रॉयल कैसल के बाहर हजारों लोगों की भीड़ को संबोधित करते हुए कहा, एक साल पहले दुनिया को कीव के हार जाने की आशंका थी। मैं बता सकता हूं: कीव मजबूती से खड़ा है, कीव गर्व से खड़ा है और सबसे जरूरी बात कीव स्वतंत्र है। बाइडन ने यूक्रेन एवं रूस के बीच जारी युद्ध को लोकतंत्र और निरंकुशता के बीच वैश्विक संघर्ष बताया और कहा कि अमेरिका इससे पीछे नहीं हटेगा, हालांकि कुछ सर्वेक्षणों के मुताबिक, यूक्रेन के लिए जारी सैन्य सहायता के प्रति अमेरिकी सहयोग कमजोर हो रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा, दुनिया के लोकतंत्र स्वतंत्रता की रक्षा के लिए आज, कल और हमेशा खड़े रहेंगे। बाइडन ने कहा, जब (रूस के) राष्ट्रपति (व्लादिमीर) पुतिन ने यूक्रेन में अपने टैंकों को भेजने का आदेश दिया था, तो उन्हें लगा था कि वह उसे हरा देंगे। वह गलत थे। उन्होंने कहा, दुनिया भर में लोकतंत्र मजबूत हुआ है , जबकि पुतिन समेत दुनिया के तानाशाह कमजोर हुए हैं।

बाइडन ने कहा, तानाशाह केवल एक शब्द समझते हैं - नहीं, नहीं, नहीं। उन्होंने कहा, नहीं, आप मेरा देश नहीं ले जाएंगे। नहीं, आप मेरी आजादी नहीं ले जाएंगे। नहीं, आप मेरा भविष्य नहीं लें पाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका एवं रूस के बीच परमाणु हथियारों की नियंत्रण संधि के आखिरी बचे हिस्से से अपने देश की भागीदारी निलंबित करके बड़ी गलती की है।अमेरिकी राष्ट्रपति उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के पूर्वी हिस्से के सहयोगियों को आश्वस्त करने के लिए पोलैंड पहुंचे थे। उन्होंने इन सहयोगी देशों को आश्वस्त किया कि यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बावजूद अमेरिका उन सभी देशों के पक्ष में खड़ा रहेगा। संधि से पीछे हटने की पुतिन की घोषणा के बाद अपनी पहली टिप्पणियों में बाइडन ने रूस के इस फैसले की निंदा की। संधि को नई शुरुआत की संज्ञा दी गई थी। परमाणु मुखास्त्र और मिसाइल निरीक्षण के रूसी सहयोग को निलंबित करने का निर्णय पिछले साल के अंत में मॉस्को द्वारा रद्द की गई वार्ता का अनुसरण करता है। बाइडन की यह टिप्पणी उस वक्त आई जब वह पोलैंड और यूक्रेन की अपनी चार-दिवसीय यात्रा को समेटने के क्रम में बुखारेस्ट नाइन के नेताओं के साथ बातचीत कर रहे थे। नाटो गठबंधन के सबसे पूर्वी हिस्से के नौ देशों को बुखारेस्ट नाइन कहा जाता है। ए देश 2014 में उस वक्त एक साथ आए थे, जब पुतिन ने यूक्रेन से क्रीमिया को अलग करके उस पर कब्जा कर लिया था। जैसे-जैसे यूक्रेन में युद्ध खिंचता जा रहा है, बुखारेस्ट नाइन देशों की चिंताएं बढ़ गई हैं। कई लोगों को चिंता है कि यूक्रेन में सफल होने के बाद पुतिन उन देशों के खिलाफ भी सैन्य कार्वाई कर सकते हैं। इन नौ देशों में चेक गणरज्य, एस्टोनिया, हंगरी, लातविया, लिथुआनिया, पोलैंड, रोमानिया और स्लोवाकिया शामिल हैं। इससे पहले बाइडन ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का एक साल पूरा होने के अवसर पर मंगलवार को वारसॉ रॉयल कैसल में अपने संबोधन में कहा, जब रूस ने आक्रमण किया, तो यह केवल यूक्रेन के लिए परीक्षा नहीं थी।



### नाटो के पूर्वी क्षेत्र के नेताओं से मिलेंगे अमेरिकी राष्ट्रपति

**वारसा।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन बुधवार को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के पूर्वी क्षेत्र के नेताओं से मुलाकात करेंगे। पोलैंड और यूक्रेन के चार दिवसीय दौरे के समापन के पहले बाइडन नाटो के पूर्वी क्षेत्र के नेताओं से मुलाकात कर यूक्रेन पर रूस के हमले के असर और अन्य खतरों के बारे में चर्चा करेंगे। नाटो के पूर्वी क्षेत्र में आने वाले देशों को बुखारेस्ट नाइन कहा जाता है। इनमें बुल्गारिया, चेक गणराज्य, एस्टोनिया, हंगरी, लात्विया, लिथुआनिया, पोलैंड, रोमानिया और स्लोवाकिया शामिल हैं। इससे पहले बाइडन ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का एक साल पूरा होने के अवसर पर मंगलवार को वारसा रॉयल कैसल में अपने संबोधन में कहा, जब रूस ने आक्रमण किया, तो यह केवल यूक्रेन के लिए परीक्षा नहीं थी। सारी दुनिया ने युगों-युगों तक किसी न किसी परीक्षा का सामना किया है। यूरोप की परीक्षा हुई। अमेरिका की परीक्षा हुई। नाटो की परीक्षा हुई। सभी लोकतांत्रिक देशों की परीक्षा हुई। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी मंगलवार को संबोधित करते हुए यूक्रेन और उसका साथ दे रहे पश्चिमी देशों की आलोचना की। पुतिन ने अमेरिका-रूस के बीच हथियार नियंत्रण संधि में अपनी भागीदारी भी निलंबित करने की घोषणा की।बाइडन ने मंगलवार को वारसा में मोल्दोवा की राष्ट्रपति माइया सैंडू से मुलाकात की, जिन्होंने पिछले हफ्ते दावा किया था कि रूस विघटनकारी ताकतों का इस्तेमाल करके उनके देश की सरकार को उखाड़ फेंकने की साजिश कर रहा है।

### यूरोप को 2022 में शरण मांगने वालों के करीब 10 लाख आवेदन प्राप्त हुए

**बार्सिलोना।** अंतरराष्ट्रीय संरक्षण प्राप्त करने के लिए लगभग 10 लाख लोगों ने 2022 में यूरोपीय संघ में आवेदन किया। बुधवार को प्रकाशित आंकड़ों से यह जानकारी मिली। वर्ष 2015-2016 के शरणार्थी संकट के बाद से यह सर्वाधिक संख्या है। शरणार्थियों के लिए यूरोपीय संघ की एजेंसी ने कहा कि यूरोपीय संघ के 27 देशों और नार्वे तथा स्विटजरलैंड में शरण पाने के लिए करीब 9,66,000 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो 2021 से 50 प्रतिशत अधिक है। इस आंकड़े में 40 लाख यूक्रेनी शरणार्थी शामिल नहीं हैं, जिन्हें ईयू द्वारा अस्थाई संरक्षण प्रदान किया गया है। यूरोपीय एजेंसी के आंकड़े में इस वृद्धि को कोविड-19 से जुड़ी यात्रा पाबंदियों में ढील दिए जाने, बढ़ती खाद्य असुरक्षा और विश्व के कई हिस्सों में जारी संघर्ष से जोड़ कर देख रहा है। हालांकि, शरण मांगने वाले ज्यादातर लोगों ने ईयू में वैध तरीके से, मुख्य रूप से यात्रा वीजा के साथ विमान से प्रवेश किया, जबकि कुछ ने पश्चिमी बाल्कन क्षेत्र और भूमध्यसागर होते हुए बगैर अनुमति के प्रवेश किया।

# अब ब्रिटेन की सरकार ने किया बीबीसी का बचाव

### कहा, मीडिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मजबूत लोकतंत्र के आवश्यक तत्व

भाषा। लंदन




**ब्रिटेन** सरकार ने पिछले हफ्ते तीन दिन तक बीबीसी के नई दिल्ली और मुंबई कार्यालयों पर आयकर विभाग के सर्वेक्षण अभियान के बाद बीबीसी और इसकी संपादकीय स्वतंत्रता का पुरजोर बचाव किया है।

विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) के उप मंत्री ने मंगलवार को हाउस ऑफ कॉमन्स में उठाए गए एक जरूरी सवाल का जवाब दिया, जिसमें कहा गया कि सरकार आयकर विभाग की जांच पर लगाए गए आरोपों पर टिप्पणी नहीं कर सकती, लेकिन जोर दिया कि मीडिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मजबूत लोकतंत्र के आवश्यक तत्व हैं। एफसीडीओ के संसदीय उप मंत्री डेविड रटले ने भारत के साथ व्यापक और गहरे संबंध का जिक्र करते हुए कहा कि ब्रिटेन रचनात्मक तरीके से मुद्दों पर चर्चा करने में सक्षम है। उन्होंने कहा, हम बीबीसी के लिए खड़े हैं। हम बीबीसी को कोष देते हैं। हमें लगता है कि बीबीसी वर्ल्ड सर्विस महत्वपूर्ण है। हम चाहते हैं कि बीबीसी को संपादकीय स्वतंत्रता मिले। रटले ने कहा, यह हमारी (सरकार) आलोचना करता है, यह (विपक्षी) लेबर पार्टी की आलोचना करता है, और इसके पास वह स्वतंत्रता है जिसे हम मानते हैं कि यह बहुत महत्वपूर्ण है। स्वतंत्रता एक कुंजी है, और हम भारत में सरकार सहित दुनिया भर में अपने दोस्तों को इसके महत्व के बारे में बताना चाहते हैं। इस मुद्दे पर हाउस ऑफ कॉमन्स को मंत्री ने अवगत कराया कि भारत के आयकर विभाग का नई दिल्ली और मुंबई में बीबीसी के कार्यालयों पर सर्वेक्षण अभियान 14 फरवरी से शुरू हुआ और तीन दिनों के बाद 16 फरवरी को समाप्त हुआ। रटले ने कहा, यह ऐसा करना जारी रखेगा, क्योंकि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि हमारी आवाज और बीबीसी के माध्यम से एक स्वतंत्र आवाज पूरी दुनिया में सुनी जाए।

विपक्षी दलों के सांसदों द्वारा छापों पर चिंता जताए जाने और भारत सरकार से चर्चा के लिए कहे जाने पर मंत्री ने कहा, यह भारत के साथ हमारे व्यापक और गहरे संबंधों के कारण है कि हम वहां की सरकार के साथ रचनात्मक तरीके से व्यापक मुद्दों पर चर्चा करने में सक्षम हैं। बातचीत में इस मुद्दे को उठाया गया है और हम स्थिति की निगरानी करना जारी रखे हुए हैं। उत्तरी आयरलैंड के सांसद जिम शैनन ने सवाल उठाते हुए कार्वाई को देश के नेता के बारे में वृत्तचित्र जारी होने के बाद डराने-धमकाने वाला कार्य बताया और इस मुद्दे पर बयान देने में विफल रहने के लिए ब्रिटेन सरकार की तीखी आलोचना की। डेमोक्रेटिक यूनियनिस्ट पार्टी (डीयूपी) के संसद सदस्य शैनन ने कहा, सात दिन पहले छापे की कार्वाई हुई। मैं सम्मानपूर्वक कहना चाहूंगा कि एफसीडीओ चुप्पी साधे हुए हैं। सरकार की तरफ से कोई बयान जारी नहीं किया गया। सवाल इसलिए पूछे जा रहे कि सरकार प्रेस की आजादी पर निर्मम प्रहार की निंदा करे। लेबर पार्टी के सिख सांसद तनमनजीत सिंह ढेसी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा भारत के साथ हमने लोकतंत्र और प्रेस स्वतंत्रता के मूल्यों को साझा किया है। प्रधानमंत्री के कार्यों के आलोचनात्मक वृत्तचित्र के प्रसारण के बाद भारत ने बीबीसी कार्यालयों पर छापा मारने का फैसला किया।

भारत सरकार के मुखर समर्थक, कंजरवेटिव पार्टी के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने मंत्री से यह पुष्टि करने के लिए कहा कि क्या भारत में आयकर अधिकारी सात साल से बीबीसी की जांच कर रहे हैं। हालांकि मंत्री ने जांच के संबंध में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। आयकर विभाग ने सर्वेक्षण के बाद एक बयान में कहा कि बीबीसी की इकाइयों द्वारा घोषित आय और लाभ भारत में संचालन के पैमाने के अनुरूप नहीं थे।

### पश्चिम के प्रतिबंधों का रूस पर नही पड़ा कोई खास असर

**वाशिंगटन।** यूक्रेन पर रूस के जारी हमलों के लगभग एक साल होने के मद्देनजर अमेरिका के राष्ट्रपति जो. बाइडन पौलेंड के रॉयल कैसल से यूक्रेन के पक्ष में और रूस के खिलाफ संदेश देते नजर आए। अब सवाल हालांकि ए भी हैं कि क्या अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा रूस पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंध मॉस्को को कोई बड़ा झटका दे पाए हैं। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, रूस अब दुनिया में सर्वाधिक प्रतिबंधित देश है। रूसी मुद्रा रूबल प्रतिबंधों के चलते भले ही अस्थाई रूप से अस्थिर हुई हो, लेकिन वैसा नहीं हुआ है जैसा अमेरिका और इसके सहयोगी देशों ने कहा था। इन देशों को उम्मीद थी कि रूसी मुद्रा प्रतिबंधों के चलते पूरी तरह धराशाई हो जाएगी। युद्ध को लगभग एक साल हो चुका है और प्रतिबंधों का रूस पर कोई खास असर नहीं पड़ा है। युद्ध से पहले के हफ्तों में रूबल 75-प्रति-डॉलर था और अब भी इसकी लगभग यही स्थिति है। हालांकि रूस मुद्रादर को स्थिर रखने के लिए पूंजी नियंत्रण का उपयोग कर रहा है। भले ही रूस की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 2022 में 2.2 प्रतिशत सिकुड़ गई, पर यह

## वेस्ट बैंक में इजराइली सैनिकों ने बोला धावा

# दस फलस्तीनी मारे गए 100 से अधिक घायल

एजेंसी। नबल्स( वेस्ट बैंक



**इजराइली** सैनिकों ने वेस्ट बैंक में एक बड़े फलस्तीनी शहर में प्रवेश किया, जिसके चलते हुई लड़ाई में कम से कम 10 लोग मारे गए और 100 से अधिक घायल हो गए। इजराइली सैनिकों के गिरफ्तारी के लिए किए गए इस धावे ने एक इमारत को मलबे में तब्दील कर दिया और कई दुकानों की दीवारें गोलियों से छलनी हो गईं। इसे वेस्ट बैंक और पूर्वी यरूशलम में करीब एक साल में सबसे भीषण लड़ाई बताया जा रहा है।

फलस्तीनी अधिकारियों ने बताया कि मारे गए 10 लोगों में 72 वर्षीय एक व्यक्ति भी शामिल है, जबकि 102 लोग घायल हो गए। उल्लेखनीय है कि एक यहूदी उपासनागृह में एक घातक फलस्तीनी हमले के बाद पिछले महीने इसी तरह का एक अभियान चलाया गया था। इस बीच, हमास चरमपंथी समूह ने चेतावनी दी है कि इसका धैर्य जवाब दे रहा है। इजराइली सेना ने कहा कि उसने तीन वांछित चरमपंथियों को गिरफ्तार करने के लिए शहर में प्रवेश किया और एक ठिकाने पर उनकी मौजूदगी का पता लगाया। वे तीनों वेस्ट बैंक में पिछली गोलीबारी की घटना में संदिग्ध थे।

इजराइली सेना ने कहा कि इसने इमारत को घेर लिया और इन व्यक्तियों से आत्मसमर्पण करने को कहा, लेकिन इसके बजाय उन्होंने गोलीबारी की। जवाबी गोलीबारी में वे तीनों मारे गए। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि 102 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से छह की हालत नाजुक है। फलस्तीनी चरमपंथी समूहों ने दावा किया कि मृतकों में शामिल तीन लोग उनके सदस्य हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में यह देखा जा सकता है कि इजराइली सैनिक नबल्स में अभियान चला रहे हैं और सेना के कई वाहनों से आंसू गैस के गोले दागे जा रहे हैं। पिछले महीने, उत्तरी वेस्ट बैंक में इसी तरह के एक धावे में इजराइली सैनिकों ने 10 चरमपंथियों को मार गिराया था। गाजा पट्टी में, सत्तारूढ़ हमास चरमपंथी समूह के प्रवक्ता अबू ओबैदा ने धमकी देते हुए कहा, गाजा में प्रतिरोध वेस्ट बैंक में हमारे लोागें के खिलाफ दुश्मन के अपराध बढ़ने को व्यक्त करता है। और हमारा धैर्य जवाब दे रहा है।

### जलवायु संबंधी नीतियों मे मानवाधिकार के मुद्दों को शामिल करने जरूरत: मिश्रा

दुबई। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के प्रमुख अरुण मिश्रा ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के संदर्भ में स्थानीय ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को उचित धन मुहैया कराने के साथ जलवायु संबंधी नीतियों और कार्यक्रमों में मानवाधिकार के मुद्दों को भी शामिल करना होगा। कतर की राजधानी दोहा में जलवायु परिवर्तन पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मिश्रा ने यह भी कहा कि ग्रीन हाउस गैसें आज जलवायु परिवर्तन का करण बन रही हैं और इससे मानवाधिकार को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हो रही हैं। उनके मुताबिक, जलवायु परिवर्तन के कारण विस्थापन, संपत्ति का नुकसान, आय एवं स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी जरूरी सेवाओं तक पहंच प्रभावित हो रही है। मिश्रा ने कहा, ऐसे में यह जरूरी है कि जलवायु परिवर्तन प्रभाव के संदर्भ में स्थानीय ज्ञान को बढ़ावा देने और समुदाय आधारित अनुकूलता को लेकर सहयोग प्रदान करने के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को उचित धन मुहैया कराया जाए तथा जलवायु संबंधी नीतियों और कार्यक्रमों के साथ मानवाधिकार के मुद्दों को शामिल किया जाए।

# भारत हमारे लिए पहली प्राथमिकता

## बोला अमेरिका, कहा-रिश्तों को बनाए रखने के लिए वीजा प्रतीक्षा की लंबी अवधि की समस्या से निपटना आवश्यक

भाषा। वाशिंगटन




**अमेरिका** के एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने यहां कहा कि लोगों के बीच आपसी संबंध भारत और अमेरिका के रिश्तों का आधार हैं और इन्हें बनाए रखने के लिए वीजा प्रतीक्षा की लंबी अवधि की समस्या से निपटना आवश्यक है। दक्षिण एवं मध्य एशिया संबंधी मामलों के लिए अमेरिका की उप सहायक विदेश मंत्री नैन्सी जैक्सन ने फाउंडेशन ऑफ इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) और विदेश मंत्रालय द्वारा मंगलवार को आयोजित एक गोलमेज बैठक में कहा कि वीजा प्रतीक्षा की अवधि कम करना विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की प्राथमिकता है।जैक्सन ने कहा, भारत और अमेरिका के बीच संबंध दुनिया में हमारे सबसे महत्वपूर्ण संबंधों में से एक हैं और जब मैं इन संबंधों को देखती हूं, तो मुझे लगता है कि दोनों देशों के लोगों के आपसी संबंध इन रिश्तों का आधार हैं। उन्होंने कहा, वीजा प्रतीक्षा अवधि की समस्या से निपटना केवल लोगों के आपसी संबंध बनाए रखने ही नहीं, बल्कि उन्हें विस्तार देने के लिए भी अहम है।

वाणिज्यदूतावाास संबंधी मामलों के लिए उप सहायक विदेश मंत्री जूली स्टफ्ट ने भी कहा, इस समस्या से निपटना हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। भारत में (अमेरिका के लिए) वीजा चाहने वाले हर व्यक्ति के लिए लंबे प्रतीक्षा समय की स्थिति से बाहर निकलने के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। यह स्थिति निश्चित ही आदर्श नहीं है।

### शांतिरक्षा मिशन किसी जगह हमेशा के लिए बने नहीं रहने चाहिएः भारत

**वाशिंगटन।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा कि अंतरराष्ट्रीय संस्था के शांतिरक्षा मिशन का सुरक्षा परिदृश्य आज अधिक जटिल, हिंसक और जोखिम भरा है और ऐसे मिशन किसी भी जगह हमेशा के लिए मौजूद नहीं रहने चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की शांतिरक्षा अभियानों की विशेष समिति से मंगलवार को कहा कि बाहर निकलने की रणनीति शुरुआत से ही योजनाओं का हिस्सा होनी चाहिए। कंबोज ने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में कहा, भारत का मानना है कि संयुक्त राष्ट्र मिशन किसी जगह अनंतकाल के लिए नहीं रहने चाहिए। बाहर निकलने की रणनीतियां योजनाओं की शुरुआत से ही उनका हिस्सा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए अनावश्यक मिशन जारी रखने पर अन्य महत्वपूर्ण मिशन से आवश्यक संसाधनों को उनमें लगाना पड़ता है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Alok Kumar Upadhyay S/o Shri Nagendra Singh Resident of B-286, Paramount Golf Forest, Sector-Zeta 1, Paramount Market, Surajpur, Gautam Budh Nagar, U.P.-201306. I have changed my name Alok Upadhyay to Alok Kumar Upadhyay for all future purposes.

PD(90278)C

मैं, राजबीर सिंह पुत्र महाबीर सिंह @ मोहलर सिंह @ मोहर सिंह, निवासी अल्लू पट्टी, ग्राम मानेसर-154, गुड़गांव, हरियाणा 122051, घोषित करता हुं कि मेरे पिता का नाम महाबीर सिंह @ मोहलर सिंह @ मोहर सिंह है और यह एक की व्यक्ति है और भविष्य में राजबीर सिंह पुत्र महाबीर सिंह के नाम से जाना जाये।

PD(90279)A

## राष्ट्रपति चुनाव में दूसरे भारतीय अमेरिकी नेता की एंट्री

# विवेक रामास्वामी भी उम्मीदवारी की दौड़ में



**वाशिंगटन** (भाषा)। भारतीय-अमेरिकी प्रौद्योगिकी उद्यमी विवेक रामास्वामी ने 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में पार्टी का उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल होने की घोषणा की है। इसके साथ ही वह निक्की हेली के बाद रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल होने वाले दूसरे भारतीय-अमेरिकी नेता बन गए हैं। रामास्वामी (37) के माता-पिता केरल से आकर अमेरिका में बस गए थे। उन्होंने ओहायो में एक विद्युत संयंत्र में काम किया। रामास्वामी ने फॉक्स न्यूज पर टकर कार्लसन के प्राइम टाइम शो में सीधे प्रसारित साक्षात्कार के दौरान दौड़ में शामिल होने की घोषणा की। वह रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उम्मीदवारी का दावा पेश करने वाले दूसरे भारतीय-अमेरिकी बन गए हैं। इस महीने की शुरुआत में दो बार साउथ कैलिफॉर्निया की गवर्नर रहीं हेली ने राष्ट्रपति चुनाव में पार्टी उम्मीदवार बनने के लिए अभियान शुरू किया था। वह संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत भी रह चुकी हैं। रामास्वामी ने कहा, हम राष्ट्रीय पहचान के संकट से गुजर रहे हैं। हम अपने मतभेदों को इतने लंबे समय से पाले हुए हैं कि हम यह भूल गए हैं कि सभी अमेरिकी नागरिक समान हैं, जो आदर्शों से बंधे हैं, जिन्होंने इस देश को 250 साल पहले स्थापित किया।

### सुर्खियां बटोर रहीं निक्की



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए अपनी पार्टी मे उम्मीदवारी की दावेदारी पेश करने के एक हफ्ते बाद भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली देश की राजनीति के केंद्र मे है और दोनो ही दलो-रिपब्लिकन तथा सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी मे उनके बारे मे चर्चा हो रही है। भारत से अमेरिका पहुंचे सिख प्रवासियो की बेटी हेली (51) ने युवो और परिवर्तनै जैसे दो प्रमुख मुद्दे उठाए है जिसने अमेरिकियो का ध्यान आकर्षित किया है।हेली की मांग है कि 75 वर्ष से अधिक आयु के सभी राजनीतिक नेताओ को अनिवार्य रूप से मानसिक योग्यता परीक्षण से गुजरना चाहिए। उनकी यह मांग अचानक चर्चा का विषय बन गई है। भारतीय-अमेरिकी हेली की मांग इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से पुनः उम्मीदवारी के आकांक्षी एवं वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन तथा रिपब्लिकन पार्टी मे उम्मीदवारी के अग्रणी दावेदार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 75 साल से अधिक उम्र के है। अमेरिका मे शायद ही ऐसा कोई प्रमुख अमेरिकी मीडिया प्रतिष्ठान होगा जिसने राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दावेदारी से संबंधित हेली के अभियान के बारे मे चर्चा न की हो।

### समय से पहले लक्ष्य हासिल कर सकता है भारत : आईएमएफ

**वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा है कि 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित करने वाला भारत इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को तय समय से पहले भी हासिल कर सकता है। जॉर्जीवा ने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि भारत जैसा बड़ा देश जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि भारत ने जो प्रयास किया है वह काफी सराहनीय है क्योंकि यह एक ऐसा देश है जहां लगभग 1.4 अरब लोग हैं जिन्हें विकास के अवसरों की जरूरत है। जॉर्जीवा ने एक साक्षात्कार में पीटीआई-भाषा से कहा कि फिर भी भारत बहुत महत्वाकांक्षी उद्देश्यों को पूरा करने में कामयाब हो रहा है।

PUBLIC NOTICE

"It is to inform the public at large that, Mr. Avanindra Batra, S/o Sh. M. K. Batra, R/o House No. B-247A, II Floor, Greater Kailash-1, South Delhi, Delhi- 110048 (Aadhar No. 908914888620), who is owner of the said property i.e. Entire Second Floor, along with one Servant Quarter, of Property bearing No. B-247-A, Land area measuring 335 sq. yds., situated at Greater Kailash Part-1, in the area of Village Yaqutpur, New Delhi, hereinafter referred to as "the **said property**", having acquired the same by virtue of Relinquishment Deed dated 22.09.2021 executed by (1) M.K. Batra (2) Mrs. Rohini Batra through SPA Mr. M.K. Batra (3) Mrs. Vinita Batra Sarup through SPA Mr. M.K. Batra (Doc No. 7238 dated 23.09.2021), read with two Sale Deeds both dated 27.05.2005 (Doc No. 8210 & 8225 ). The said Property has been mortgaged by the owner with **RBL Bank.** It is hereby declared that title of the said Property, is absolutely valid, clear and marketable and there is no dispute / Litigation pending in any court of law, in respect of said Property. Any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **10 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**VIPUL KR. RAHEJA – Advocate**
**Chamber no. 55, Civil Side, Tis Hazari Courts, Delhi Mob-9873150663**

सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा जनता को नोटिस दिया जाता है कि फ्लैट नं. 1062, रजनी गंधा सी.जी.एच.एस. लिमिटेड, प्लॉट-4, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली-110075 का मूल शेयर प्रमाण पत्र श्री आकाश बरठाकुर पुत्र श्री जितेंदर कुमार बरठाकुर के नाम और स्वामित्व मे है। खो गए है। और इस आशय की सूचना के लिए दिल्ली पुलिस के ऑनलाइन पोर्टल पर LR No. 177693 दिनांक 22.02.2023 के माध्यम से एक प्राथमिकी/एनसीआर पहले ही दर्ज कर दी गई है। प्राप्तकर्ता कृपया आज वर्तमान से 15 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पते पर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप से सूचित करें, इसके बाद खोए हुए दस्तावेज का उपयोगकर्ता/धारक इसके उपयोग के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा
PREM PRAKASH (Advocate)
Legalpath Competent Lawyers LLP
207, Plot-1, MLU Sector-10, Dwarka, N.D.-75
Phone 9871268399

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given on behalf of **Virender Kumar S/o. Mr. Ramesh Kumar**, who is owner of MCF No. **1909/3461/1, area measuring 50 Sq. Yds., Khasra No.28//18, situated in waka mauja Gaunchi, Sanjay Colony, Tehsil Ballabgarh and District Faridabad (Haryana)**; vide Sale Deed dated 30.08.2004, which is registered as Doc. No. 3235, in the office of Sub-Registrar, Ballabgarh, having purchased the same from **Mrs. Manorama Singh**; and intend to mortgage the aforesaid property against the financial assistance from **Vastu Housing Finance Corporation Limited.** That, the name of my father is Mr. Ramesh Kumar and he is also known as Mr. Ram Prasad, I also confirm that both the names are one and the same persons. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest / creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
136, Basement Floor, Uday Park, near Mother Dairy, New Delhi-110049
Contact# 011-40046316

# मोदी के नेतृत्व में भारत जटिल मुद्दों पर रुख अपनाने से पीछे नहीं हटता: नड्डा

भाषा। नई दिल्ली



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत जटिल मुद्दों पर कोई रुख अपनाने से पीछे नहीं हटता है। उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत के रुख को इसका उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि भारत ने ऐसा रुख अपनाया जो सभी देशों को स्वीकार्य नहीं हो सकता लेकिन सभी इस बात की सराहना कर रहे हैं कि देश ने एक रुख अपनाया है और उस पर कायम रहा।

उन्होंने कहा कि मोदी के देश की कमान संभालने के बाद दुनिया भर में भारत की छवि बदली है जबकि इससे पूर्व भारत की छवि भ्रष्ट, कमजोर अर्थव्यवस्था, लगातार आतंकवादी हमलों और स्थिर सरकार की कमी वाले देश के रूप में थी। नड्डा ने पुस्तक मोदी: शेपिंग ए ग्लोबल ऑर्डर इन फ्लक्स के विमोचन के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने केंद्र की पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि उस समय के प्रधानमंत्रियों ने वोट बैंक की राजनीति के कारण कभी भी इजराइल का दौरा नहीं किया लेकिन प्रधानमंत्री के रूप में मोदी ने इजरायल के साथ फलस्तीन का दौरा कर यह साबित कर दिया कि भारत दो अलग-अलग देशों को सर्वोत्तम संभव तरीके से संभालने में सक्षम है। नड्डा ने कहा कि यह समझना जरूरी है कि प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता में आने से पहले भारत की छवि क्या थी।उन्होंने कहा, अर्थव्यवस्था गिर रही थी, भारत की छवि एक भ्रष्ट देश की थी, बार-बार आतंकवादी हमले होते थे और एक स्थिर सरकार की कमी थी। बेहद दुखद बात यह थी कि प्रधानमंत्री के अधिकार का क्षरण हुआ। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि इसके विपरीत मोदी के नेतृत्व में भारत आज अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर स्पष्ट रुख लेने में संकोच नहीं करता। उन्होंने कहा, लंबे समय से भारत कड़ा रुख अख्तियार करने से कतराता रहा है। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज अंतरराष्ट्रीय मुद्दों व जटिल मुद्दों पर एक स्पष्ट रुख ले सकता है। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण है।नड्डा ने कहा कि भारत, पाकिस्तान के साथ सावधानीपूर्वक संतुलन बनाने में भी सफल रहा है जबकि पहले ऐसा नहीं था। उन्होंने दावा किया कि भारत को अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान से काफी आगे देखा जा रहा है और पड़ोसी देश आतंकवाद के मुद्दे पर अलग-थलग पड़ गया है।ज्ञात हो कि पहले की नीति से हटकर और दो प्रतिद्वंद्वियों के प्रति एक स्वतंत्र नीति का समर्थन करना भारत की विदेश नीति में डी-हाईफनेशन कहलाता है। डी-हाईफनेशन वास्तव में एक सावधानीपूर्वक संतुलन बनाने वाला कार्य है, जिसमें भारत स्थिति की मांग के अनुसार एक तरफ से दूसरी तरफ जा रहा है। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में मोदी ने लगभग 60 देशों का दौरा किया और उन्होंने 100 से अधिक विदेशी यात्राएं कीं। उन्होंने कहा कि मोदी ने व्यावहारिक रूप से सभी पड़ोसी देशों का दौरा किया और संबंधों को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और नेपाल जैसे देशों के साथ भारत के अच्छे संबंध हैं, लेकिन पिछली सरकारों ने उन्हें और मजबूत करने के प्रयास नहीं किए, जैसा कि मोदी ने किया। नड्डा ने कहा कि पाकिस्तान में आतंकी शिविरों को निशाना बनाने वाले सर्जिकल स्ट्राइक जैसे प्रधानमंत्री के कड़े फैसलों की वैश्विक स्तर पर सराहना की गई।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत की सभ्यतागत वसुधैव कुटुम्बकम नीति को भी आगे बढ़ाया है और मानवीय संकट का सामना कर रहे अन्य देशों को मदद भी पहुंचाई। उन्होंने कहा कि भारत हुपक्षीय मंचों पर भी अधिक प्रभावी भूमिका निभा रहा है और अब वह जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर भी भारत आज नेतृत्व कर रहा है।

नड्डा ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के कदमों ने दुनिया भर में भारत की छवि बदली है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत को देखने के तरीके को बदलने में प्रधानमंत्री मोदी के योगदान पर अपेक्षाकृत कम लिखा गया है और यह पुस्तक एक बहस शुरू करेगी। पुस्तक के संपादकों में से एक भाजपा के विदेश विभाग के प्रभारी विजय चौथाईवाले ने कहा कि मोदी सरकार ने विदेश नीति के मोर्चे पर कई उपलब्धियां हासिल की हैं।उन्होंने कहा कि उनमें से सबसे बड़ी उपलब्धि विदेश नीति का लोकतांत्रिकरण रहा है और आम आदमी भी अब इस क्षेत्र में भारत की सफलताओं के बारे में बात कर रहा है।

## ओरेवा समूह को हर मृतक के परिजन को 10 लाख अंतरिम मुआवजा देने का निर्देश

**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने बुधवार को घड़ी निर्माता कंपनी ओरेवा समूह को मोरबी झूला पुल हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्एक व्यक्ति के परिजन को 10 लाख रुपए और प्रत्एक घायल को दो लाख रुपए का अंतरिम मुआवजा चार सप्ताह के अंदर अदा करने का निर्देश दिया। इसी कंपनी को पुल के रखरखाव की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। मुख्य न्यायाधीश सोनिया गोकणी और न्यायमूर्ति संदीप भट्ट की खंडपीठ ने कंपनी को अंतरिम मुआवजा अदा करने का निर्देश दिया।

अदालत ने आदेश दिया कि प्रत्एक मृतक के परिजन को और प्रत्एक घायल व्यक्ति को चार सप्ताह के अंदर अंतरिम मुआवजा के रूप में क्रमश: 10 लाख रुपए और दो लाख रुपए अदा किया जाएं। गौरतलब है कि राज्य के मोरबी शहर में मच्छु नदी पर स्थित झूला पुल पिछले साल 30 अक्टूबर को टूट गया था। इस हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई और 56 अन्य घायल हो गए थे। यह पुल ब्रिटिश शासनकाल के दौरान बना था। हादसे के बाद पिछले साल उच्च न्यायालय द्वारा स्वत: संज्ञान लेते हुए दायर की गई एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान अजंता मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड (ओरेवा समूह) ने मंगलवार को प्रत्एक मृतक के परिजन को पांच लाख रुपए और प्रत्एक घायल को एक लाख रुपए का मुआवजा देने की पेशकश की थी। अदालत ने अपने अंतरिम आदेश में कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने प्रत्एक पीड़ित के परिजन को अब तक कुल 10 लाख रुपए का मुआवजा प्रदान किया है।

## भारत-इजराइल अब मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए उत्सुक

भाषा। नई दिल्ली


**इजराइल** के राजदूत नाओर गिलोन ने बुधवार को कहा कि इजराइल का सामरिक महत्व के हाइफा बंदरगाह को भारतीय कंपनी अडाणी समूह को सौंपना, भारत पर उनके देश के भरोसे को प्रदर्शित करता है।

भारत-इजराइल रक्षा सौदे में अडाणी समूह का पक्ष लेने के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों संबंधी एक सवाल के जवाब में राजदूत ने कहा कि इजराइली कंपनियों के भारतीय कंपनियों के साथ करीब 80 संयुक्त उद्यम हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा संबंध केवल एक कंपनी के बारे में नहीं होते हैं। गिलोन ने संवाददाताओं से कहा कि जिन भारतीय कंपनियों के साथ इजराइली कंपनियों ने संयुक्त उद्यम किया है, उनमें टाटा समूह, कल्याणी कल्याण समूह, भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड, हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड, भारत डायनामिक्स लिमिटेड आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा, मैं यहां इसे कोई मुद्दा नहीं देखता हूं। यह (संयुक्त उद्यम) केवल इजराइल की बात नहीं है। ए इजराइल की कंपनियां हैं। संयुक्त उद्यम पर इजराइल ने हस्ताक्षर नहीं किया है या उसे इजराइल ने आगे नहीं बढ़ाया है। इजराइल की कंपनियां भारतीय बाजार के लिए प्रासंगिक बने रहने और मजबूत एवं स्थिर विनिर्माण सहयोगी बनने के लिए ऐसा करती हैं।

राजदूत ने कहा कि भारत और इजराइल प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देने को उत्सुक हैं क्योंकि इससे सम्पूर्ण कारोबारी संबंधों को और गति मिलेगी। उन्होंने संकेत दिया कि आने वाले दिनों में होने वाली उच्च स्तरीय यात्रा के दौरान मुक्त व्यापार समझौते को आगे बढ़ाया जा सकता है। भारत और इजराइल के द्विपक्षीय संबंधों के 30 वर्षो पर इजराइली राजदूत ने दोनों देशों के बीच संबंधों को बेहद मजबूत करार दिया। उन्होंने कहा कि रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में भारत के आत्मनिर्भरता के प्रयासों को समर्थन देना इजराइल के हित में है जो इस क्षेत्र में दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक भरोसे के कारण है।

पिछले महीने अडाणी समूह द्वारा हाइफा बंदरगाह का अधिग्रहण करने के विषय पर गिलोन ने कहा कि यह भारत पर इजराइल के भरोसे का संकेत है और इससे द्विपक्षीय कारोबार को गति मिल सकती है। उन्होंने कहा, यह हमारी ओर से काफी महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि हाइफा एक सामरिक महत्व का बंदरगाह है। गौरतलब है कि अडाणी समूह ने पिछले महीने 1.2 अरब डालर में सामरिक महत्व के हाइफा बंदरगाह का अधिग्रहण किया था। इजराइल के राजदूत ने कहा कि दोनों देशों के बीच नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट आवाजाही, कृषि, जल, साइबर क्षेत्र, गृह सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग की काफी संभावनाएं हैं।

## एदियुरप्पा ने विदाई भाषण के साथ कर्नाटक विधानसभा को अलविदा कहा



**बेंगलुरु।** कर्नाटक भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने बुधवार को विधानसभा में अपने विदाई भाषण में कहा कि वह अंतिम सांस तक ईमानदारी से पार्टी को मतबूत करने और उसे सत्ता में लाने का प्रयास करते रहेंगे। चार बार मुख्यमंत्री रह चुके एदियुरप्पा (79) ने पहले ही चुनावी राजनीति से संन्यास की घोषणा कर दी है। उन्होंने सदन में कहा कि उनके घर पर बैठने का कोई सवाल ही नहीं है और वह विधानसभा सत्र के बाद राज्य का दौरा करेंगे तथा अपनी भारतीय जनता पार्टी और उसके उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे। राज्य बजट पर सदन में हो रही चर्चा में भाग लेते हुए एदियुरप्पा ने सत्ताधारी दल के विधायकों से विश्वास के साथ लोगों के सामने जाने और वोट मांगने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह निश्चित है कि भाजपा स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में वापस आएगी। एदियुरप्पा ने कहा, अगर भगवान मुझे शक्ति देता है तो मैं अगले चुनाव में भी, जो इस चुनाव के पांच साल बाद होगा, भाजपा को सत्ता में लाने के लिए सभी प्रयास करूंगा। जैसा कि आप पहले से ही अवगत हैं कि मैंने कहा है कि मैं अब चुनाव नहीं लड़ूंगा, लेकिन मुझे जो सम्मान दिया गया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं पार्टी द्वारा दिए गए पदों को मैं जीवनभर नहीं भूल सकता हूं।

## डॉ. राजीव सिंह औषधि महानियंत्रक नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय फार्माकोपिया आयोग (आईपीसी) के सचिव-एवं वैज्ञानिक निदेशक राजीव सिंह रघुवंशी को बुधवार को नया डीसीजीआई नियुक्त किया गया। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई है।आदेश में कहा गया है कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने पिछले महीने भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) के पद के लिए उनके नाम की सिफारिश की थी। इसमें कहा गया है, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने भारतीय फार्माकोपिया आयोग के सचिव-सह-वैज्ञानिक निदेशक राजीव सिंह रघुवंशी को औषधि नियंत्रक (भारत), केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के पद पर नियुक्त करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

## नगा समस्या के शीघ्र समाधान की उम्मीद:रियो

भाषा। आंग्लेंडेन (नगालैंड)



**नगालैंड** के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने बुधवार को कहा कि नगा समस्या के समाधान के मुद्दे पर सहयोग की नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालिम-इसाक मुइवा (एनएससीएन-आईएम) और नगा नेशनल पॉलिटिकल ग्रुप्स (एनएनपीजी) की बिना शर्त प्रतिबद्धता के बाद इस राजनीतिक समस्या के शीघ्र समाधान की उम्मीद है। रियो ने कहा कि पृथक राज्य की मांग कर रहे संगठन ईस्टर्न नगालैंड पीपुल्स ऑर्गेनाइजेशन (ईएनपीओ) की चिंता विधानसभा चुनाव समाप्त होने के बाद दूर की जाएगी। रियो ने को नगा शांति वार्ता पर गतिरोध को हल करने में हुई प्रगति के बारे में बताया, हम इतने वर्षों से इस पर काम कर रहे हैं। रूपरेखा करार पर 2015 में हस्ताक्षर किए गए थे और फिर, 2017 में सहमत स्थिति पर हस्ताक्षर किए गए। दशकों पुरानी समस्या का समाधान खोजने के लिए, केंद्र सरकार 1997 के बाद से एनएससीएन-आईएम के साथ अलग-अलग और एनएनपीजी की कार्यसमिति के साथ 2017 से बातचीत कर रही है। एनएनपीजी की कार्यसमिति में कम से कम सात समूह शामिल हैं। मोदी सरकार ने 2015 में एनएससीएन के साथ एक रूपरेखा समझौता किया और एनएनपीजी के साथ सहमति के बिंदुओं पर हस्ताक्षर किए गए थे। हालांकि, अंतिम समाधान अभी तक नहीं हो सका है, क्योंकि एनएससीएन-आईएम नगाओं के लिए पृथक ध्वज और संविधान की मांग पर अड़े हुए हैं। रियो ने बताया कि विभिन्न समूह एक साथ नहीं आ पा रहे हैं , जिससे प्रगति बाधित हो रही है, लेकिन 14 जनवरी को हुए समझौते के साथ इसके समाधान के आसार हैं। उन्होंने कहा कि ए समझौते नगाओं के ऐतिहासिक अधिकारों तथा उनकी पहचान के संरक्षण पर आधारित हैं। एससीएन-आईएम और एनएनपीजी ने इस वर्ष 14 जनवरी को नगा समस्या के समाधान को लेकर भारत सरकार के साथ सहयोग करने की बिना शर्त प्रतिबद्धता जताई थी।



गुवाहाटी में बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शपथग्रहण समारोह में राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को बधाई दी

### आईआईटी-खड़गपुर के अनुसंधानकर्ताओं की उपलब्धि

## गांवों में बढ़ते वायु प्रदूषण का पता लगाया

**कोलकाता।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-खड़गपुर के अनुसंधानकर्ताओं ने उपग्रहों की मदद से नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (एनओ2) मापन का उपयोग कर ग्रामीण भारत में बढ़ते वायुमंडलीय प्रदूषण का पता लगाया है। अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि वायु प्रदूषण आम तौर पर केवल शहरी घटनाक्रम नहीं है, बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी पर्यावरण को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने उपग्रह तस्वीरों की मदद ली और एनओ2 का मापन कर वायु प्रदूषण की सीमा का आकलन करने के लिए ग्रामीण वायु गुणवत्ता का विश्लेषण किया।

संस्थान ने बुधवार को एक बयान में कहा कि विश्लेषण भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में एनओ2 के बढ़ते स्तर को उजागर करता है। बयान में कहा गया कि आईआईटी खड़गपुर के समुद्र, नदी, वायुमंडल और भूमि विज्ञान केंद्र के प्रोफेसर जयनारायणन कुट्टीपुरथ और शोधार्थी मानसी पाठक की एक टीम ने ग्रामीण भारत की वायु गुणवत्ता पर शहरी प्रदूषण के महत्वपूर्ण प्रभाव का विश्लेषण किया। उनके अध्ययन का शीर्षक है ग्रामीण भारत में वायु गुणवत्ता रुझान: उपग्रह माप का उपयोग करके एनओ2 प्रदूषण का विश्लेषणै। आईआईटी, खड़गपुर की शोधार्थी और पेपर की प्रमुख लेखिका, मानसी पाठक ने कहा, हम आमतौर पर सोचते हैं कि वायुमंडलीय प्रदूषण केवल शहरों में मौजूद है या यह सिर्फ एक शहरी खतरा है। ग्रामीण क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता मानकों की अक्सर उपेक्षा की जाती है। हालांकि, हमारा विश्लेषण सुझाव देता है कि अब समय आ गया है कि हम अपना ध्यान ग्रामीण क्षेत्रों पर केंद्रित करें और ग्रामीण भारत के प्रदूषण स्तर और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों की जांच करें। पाठक ने एक सवाल के जवाब में कहा कि अध्ययन में शामिल क्षेत्रों में भारत-गंगा के मैदान, मध्य भारत, उत्तर-पश्चिम भारत, प्रायद्वीपीय भारत, पहाड़ी क्षेत्र और उत्तर-पूर्वी भारत शामिल हैं।

## नक्सल विरोधी अभियान : 55 जवानों को मिलेगी बारी से पहले पदोन्नति

**बालाघाट।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य के विशेष हॉक फोर्स और पुलिस के उन 55 जवानों को बारी से पहले पदोन्नति देने की बुधवार को घोषणा की जिन्होने 2022 में दो नक्सल विरोधी अभियानों में छह नक्सलियों का सफाया किया था। वह बालाघाट शहर के पुलिस लाइन में एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, मैं यहां जनता की ओर से वीरों की पूजा करने आया हूँ, वीरता का सम्मान करने आया हूं, यदि वीरता का सम्मान नहीं किया जाएगा तो वीरता बांझ हो जाएगी। इसलिए, राज्य सरकार इन जवानों को सम्मानित करने के लिए आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दे रही है।

## वैश्विक चुनौतियों का समाधान तलाशने में मदद कर सकता है जी20: अनुराग ठाकुर



**बेंगलुरु।** (भाषा)। केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बुधवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन और भू-राजनीतिक तनाव जैसी वैश्विक चुनौतियों का समाधान तलाशने में जी-20 महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। ठाकुर ने यहां जी20 वित्त एवं केंद्रीय बैंक प्रतिनिधियों (एफसीबीडी) की दूसरी बैठक के उद्घाटन सत्र में कहा कि भारत की जी20 अध्यक्षता की मुख्य विषयवस्तु (थीम) वसुधैव कुटुम्बकम है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि दुनिया कोविड-19 वैश्विक महामारी के असर, खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा संबंधी समस्याओं, महंगाई, जलवायु परिवर्तन की गंभीर होती स्थिति और भू-राजनीतिक तनाव का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि इन संकटों के असर के कारण विकास के प्रमुख प्रतिमान की दिशा में प्रगति प्रभावित हो सकती है। ठाकुर ने कहा, जी20 एक केंद्रित एवं विचारशील संवाद और विचार-विमर्श के जरिए इन चुनौतियों का व्यावहारिक समाधान तलाशने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। मंत्री ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम् का थीम दिखाता है कि भारत वैश्विक चुनौतियों से निपटने के सहयोगात्मक प्रयासों को कितना महत्व देता है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी की साझा वैश्विक चुनौतियों को पूरा करने, भविष्य के शहरों को वित्त उपलब्ध कराने, वित्तीय समावेश में डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का उपयोग करने और उत्पादकता लाभ हासिल करने सहित अन्य उद्देश्यों के लिए 2023 में जी20 फाइनेंस ट्रैक चर्चा में बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत करने का विषय शामिल किया जाएगा।

## सरकार ने संसद को रबर स्टाम्प बना दिया

### कांग्रेस अध्यक्ष ने कुछ वर्षों में उद्योगपति गौतम अडाणी की संपत्ति में हुए इजाफे का उल्लेख करते हुए कटाक्ष किया, यह कौन सा जादू है? हमें भी बताओ

भाषा। नई दिल्ली



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बजट सत्र के पहले चरण के दौरान राहुल गांधी एवं पार्टी के कई नेताओं की कुछ टिप्पणियां दोनों सदनों की कार्यवाही से हटाए जाने का हवाला देते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश की संसद को रबर स्टाम्प बना दिया है। उन्होंने राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के अधिवेशन में यह दावा भी किया कि मोदी सरकार ने चार श्रम संहिताओं के माध्यम से मजदूरों के हितों पर कुठाराघात किया है तथा वह कुछ बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचा रही है। खरगे ने यह उम्मीद भी जताई कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस अन्य विपक्षी दलों के साथ मिलकर सरकार बनाएगी। उन्होंने बजट सत्र के पहले चरण के दौरान संसद के कुछ घटनाक्रमों का हवाला देते हुए आरोप लगाया, सरकार ने संसद को रबर स्टाम्प बना दिया है। हमारे कई सांसदों को नोटिस दिया गया और एक महिला सदस्य (रजनी पाटिल) को निलंबित किया गया क्योंकि वो गरीबों की आवाज उठा रहे थे, अडाणी मामले को उठा रहे थे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, कार्यवाही से हमारे भाषणों को निकाल दिया गया...मैंने कुछ भी असंसदीय नहीं कहा था। एक शेर बोला था,उसे भी निकाल दिया। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में उद्योगपति गौतम अडाणी की संपत्ति में हुए इजाफे का उल्लेख करते हुए कटाक्ष किया, यह कौन सा जादू है? हमें भी बताओ, हम भी मजदूरों से कहेंगे कि मोदी जी के पास ऐसी गोली है जिसे खाएंगे तो आप 12 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति वाले आम आदमी हो सकते हैं। खरगे ने विपक्षी एकजुटता की पैरवी करते हुए कहा, कांग्रेस और दूसरी साथी पार्टियां 2024 में मिलकर सरकार बनाएंगी। सबके सहयोग के साथ सरकार बनाएंगे।

उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, प्रधानमंत्री जी बार-बार छाती ठोकते हैं...लोकतंत्र में जनता घमंडी व्यक्ति को बर्दाश्त नहीं करती। खरगे ने दावा किया कि बार-बार सोनिया गांधी और राहुल गांधी को इसलिए निशाना बनाया जाता है ताकि गांधी परिवार की छवि खराब हो और कांग्रेस कमजोर हो जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा, मुझे अपनी गरीबी बताकर लोगों की हमदर्दी नहीं लेनी है। मुझे काम करके लोगों का समर्थन और वोट लेना है। कांग्रेस अध्यक्ष ने मजदूर संगठन और मजदूरों का आह्वान किया कि वे इस श्रमिक विरोधी सरकार के खिलाफ संघर्ष करें। उन्होंने कहा, अगर आप लोकतंत्र नहीं बचाएंगे, संविधान नहीं बचाएंगे तो देश में तानाशाही आ जाएगी।

## सेना ने दिमाग और ताकत के सही समायोजन के लिए भर्ती नियमों में बदलाव किया: अधिकारी

भाषा। श्रीनगर



**भारतीय सेना** ने दिमाग और ताकत का सही समायोजन करने के लिए अपनी भर्ती प्रक्रिया में बदलाव किया है। सेना के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सेना में भर्ती प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी कर्नल जी. सुरेश ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से कहा, पहले भर्ती प्रक्रिया के अंत में एक लिखित परीक्षा होती थी, लेकिन अब पहली बात यह जरूरी होगी कि भर्ती होने वाले लोग शारीरिक रूप और मानसिक रूप से मजबूत हों। उन्होंने कहा कि अन्य जांच जैसे शारीरिक और चिकित्सा जांच लिखित परीक्षा के बाद की जाएंगी।कर्नल सुरेश ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में दूसरा बड़ा बदलाव यह किया गया है कि उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए 500 रुपए का शुल्क देना होगा।

उन्होंने कहा, इस राशि में से भारतीय सेना 250 रुपए वहन करेगी जबकि उम्मीदवार को केवल 250 रुपए का भुगतान करना होगा। कर्नल सुरेश ने कहा कि अग्निवीर के रूप में भर्ती के लिए पंजीकरण प्रक्रिया इस महीने की शुरुआत में जारी देशव्यापी अधिसूचना के साथ शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन पंजीकरण वर्ष में केवल एक बार किया जा सकता है।संशोधित भर्ती प्रक्रिया के अनुसार, भर्ती रैली से पहले कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन साझा प्रवेश परीक्षा (सीईई) आयोजित की जाएगी। सेना ने प्रक्रिया में बदलाव के संबंध में हाल में विभिन्न समाचार पत्रों में विज्ञापन दिया था। भर्ती तीन चरणों में की जाएगी। पहले चरण में, वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को सीईई से गुजरना होगा।बयान में कहा गया है कि चरण दो में, चयनित उम्मीदवारों को संबंधित सेना भर्ती कार्यालयों (एआरओ) द्वारा तय किए गए स्थान पर भर्ती रैली के लिए बुलाया जाएगा, जहां वे शारीरिक फिटनेस परीक्षण और शारीरिक माप परीक्षण से गुजरेंगे। बयान के अनुसार अंत में चरण तीन में, चयनित उम्मीदवारों को चिकित्सा जांच से गुजरना होगा।

# ऑस्ट्रेलिया को कम से कम 180 रन बनाने का लक्ष्य देना होगा

**भाषा।** केपटाउन

**भारत** की स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष का मानना है कि अगर उनकी टीम को टी20 महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के सामने कड़ी चुनौती पेश करनी है तो उन्हें कम से कम 180 रन बनाने होंगे।

भारत भले ही दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में 1-4 से हार गया था लेकिन उसने सभी मैचों में कड़ी चुनौती पेश की थी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम फिर से ऐसा ही प्रदर्शन करना चाहेगी।

भारत की तरफ से विश्वकप में अब तक सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली घोष ने कहा, ऑस्ट्रेलिया लक्ष्य का पीछा करने में सहज महसूस करता है क्योंकि उनकी बल्लेबाजी में गहराई है। हम भी ऐसा करना पसंद करेंगे लेकिन टॉस पर किसी का नियंत्रण नहीं है। इसलिए जो भी परिस्थिति हो हमें उससे गुजरना होगा। हमने इस मैच के लिए अपनी रणनीति तैयार कर ली है।

उन्होंने कहा, हम नहीं जानते कि कल पिच कैसा व्यवहार करेगी लेकिन यह अभी अच्छी दिख रही है। अगर हमारे सभी बल्लेबाज चलते हैं तो हम उनके सामने 180 के आसपास का लक्ष्य रख सकते हैं। अगर हम पहले गेंदबाजी करते हैं तो हम उन्हें 140 से 150 रन पर रोकने की कोशिश करेंगे क्योंकि उनके पास अच्छे बल्लेबाज हैं।

भारत की तरफ से फिनिशर की भूमिका निभाने वाली घोष ने अपने खेल के बारे में कहा, उतार-चढ़ाव आते रहते हैं और यहां तक कि मैं भी उनसे गुजरी हूं लेकिन मैंने उनसे सबक लिया कि आप किस तरह से परिस्थिति से निपट सकते हैं। जब मैं बल्लेबाजी के लिए जाती हूं तो मैं पहले की तुलना में अब दबाव से बेहतर तरीके से निपटती हूं।



भारत का हाल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है लेकिन घोष का मानना है कि मेग लैनिंग की अगुवाई वाली टीम को हराया जा सकता है। पिछले 22 महीनों में ऑस्ट्रेलिया ने केवल एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच गंवाया है। उसे भारत के हाथों सुपर ओवर में मिली थी। पांच बार का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया अभी टूर्नामेंट में अजेय है।

घोष ने कहा, ऑस्ट्रेलिया को हराया जा सकता है। हमने अपनी पिछली श्रृंखला में उसे हराया था और इससे पहले भी हम उसे हरा चुके हैं। उसकी टीम मजबूत है लेकिन हम उन्हें हरा सकते हैं।

हम अपनी मानसिकता को मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रत्एक का अपना अलग तरह का खेल होता है लेकिन जो टीम मानसिक रूप से मजबूत रहती है उसे जीत मिलेगी। हम इस पर काम कर रहे हैं।

## दोनों टीमें एक स्तर से शुरुआत करेंगी : लैनिंग

**केपटाउन।** आस्ट्रेलियाई कप्तान मेग लैनिंग का मानना है कि उनकी टीम भारत के खिलाफ होने वाले महिला टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में किसी मनोवैज्ञानिक बढ़त के साथ नहीं उतरेगी क्योंकि मजबूत टीम के खिलाफ बीते परिणाम मायने नहीं रखेंगे। आस्ट्रेलियाई टीम विश्व कप फाइनल में जगह बनाने के लिए हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम के सामने होगी जिसे उसने पिछले साल दिसंबर में पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 4-1 से हराया था और 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में भी पराजित किया था। साथ ही आस्ट्रेलिया ने एमसीजी पर 2020 टी20 विश्व कप के फाइनल में भारत पर जीत हासिल की थी। लैनिंग ने यहां सेमीफाइनल की पूर्व संध्या पर कहा, मुझे नहीं लगता (कि आस्ट्रेलियाई टीम मनोवैज्ञानिक बढ़त के साथ मैदान में उतरेगी)। उन्होंने कहा, जब हम मैदान में उतरेंगे और खेलेंगे तो दोनों टीमें कल एक समान स्तर से शुरूआत करेंगी। बीते मैचों में जो कुछ भी नतीजा रहा हो, वह मायने नहीं रखेगा। हमें अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलना होगा और वैसा ही खेलेंगे जैसा हम चाहते हैं। उन्होंने कहा, भारत में भी हमने ऐसा ही किया था। इसलिए मैंने कहा कि यह शानदार मैच होगा, दो विश्व स्तरीय टीमें मैदान में खेलेंगी। वैसे भी मैच के दिन हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। आस्ट्रेलियाई कप्तान ने यह भी कहा कि मुंबई में पिछले साल दिसंबर में पांच मैचों की श्रृंखला में भारत को हराना उनकी टीम को प्रबल दावेदार नहीं बना देता क्योंकि प्रतिद्वंद्वी टीम शानदार है और मैच जीतने के लिए सिर्फ दो चार खिलाड़ियों पर ही निर्भर नहीं है। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं निश्चित नहीं हूं (आस्ट्रेलिया प्रबल दावेदार है)। हम (टीम) निश्चित रूप से एक दूसरे को अच्छी तरह जानते हैं। उनकी टीम शानदार है। उनकी टीम में भी कुछ मैच विजेता और विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं और यह मुकाबला कड़ा होगा। लैनिंग ने साथ ही यह भी कहा कि भारतीय टीम की बल्लेबाजी में गहराई है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि उन्होंने दिखा दिया है कि वे एक या दो खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं करते। उनकी बल्लेबाजी में काफी गहराई है। इसलिए बतौर टीम हमें उनके सभी खिलाड़ियों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि टीम की योजना शीर्ष क्रम की बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा को जल्दी आउट कर भारत को दबाव में लाने की होगी। लैंनिंग ने कहा, हां, हमारा ध्यान इसी पर है। मुझे लगता है कि आप कोई भी टी20 मैच खेलते हो, तो आप शुरू में कुछ विकेट झटक सकते हो, इससे प्रतिद्वंद्वी टीम पर दबाव बनेगा। इसलिए निश्चित रूप से हमारी ऐसा करने की योजना है। स्मृति और वर्मा निश्चित रूप से उनके लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं।




# आयरलैंड टेस्ट और एशेज की तैयारी के लिए आईपीएल जल्दी छोड़ देंगे स्टोक्स

**भाषा।** वेलिंगटन

**इंग्लैंड** के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट और एशेज श्रृंखला की तैयारियों के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को जल्दी छोड़ देंगे।

आईपीएल का फाइनल 28 मई को होगा जबकि इंग्लैंड को इसके चार दिन बाद एक जून से लॉर्डस में आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच खेलना है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज श्रृंखला 16 जून से शुरू होगी। स्टोक्स विभिन्न कारणों से पिछले दो आईपीएल में नहीं खेल पाए थे। उन्हें पिछले साल दिसंबर में हुई नीलामी में चार बार के चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने 16.25 करोड़ रुपए में खरीदा था।

स्टोक्स ने कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स के फाइनल में पहुंचने के बावजूद भी वह इंग्लैंड के गर्मियों के व्यस्त कार्यक्रम की तैयारियों के लिए स्वदेश लौट जाएंगे।

स्टोक्स से पूछा गया क्या वह आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में खेलेंगे, उन्होंने कहा, हां मैं खेलूंगा। मैं यह सुनिश्चित करना चाहूंगा उस मैच की तैयारी के लिए मैं खुद को पर्याप्त समय दूं। इस ऑलराउंडर ने कहा कि वह आईपीएल में खेलने वाले इंग्लैंड की टेस्ट टीम के सदस्यों से भी परामर्श करेंगे कि वह एशेज की तैयारी के लिए क्या करना चाहते हैं।




जो रूट, मार्क वुड, जॉनी बेयरस्टो, लियाम लिविंगस्टोन, जोफ्रा आर्चर, सैम कुरेन और हैरी ब्रूक का आईपीएल में खेलना तय है।


स्टोक्स ने कहा, मैं उनमें से प्रत्एक के साथ बात करूंगा और जानना चाहूंगा कि एशेज की तैयारियों के लिए वे क्या करना चाहते हैं क्योंकि वे पांच मैच हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है और आपका यह जानना जरूरी है कि आपके साथी खिलाड़ी क्या चाहते हैं।

# ऐश्वर्य प्रताप सिंह को निशानेबाजी विश्वकप में स्वर्ण पदक

**भाषा।** काहिरा

**ओलंपियन** ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने बुधवार को यहां आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप में पुरुषों की व्यक्तिगत 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जिससे भारत ने इस प्रतियोगिता में अपना दबदबा बनाए रखा।

भारत ने इस प्रतियोगिता में अब तक चार स्वर्ण सहित छह पदक हासिल कर लिए हैं और उसने पदक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। पिछले साल चांगवोन विश्वकप में भी स्वर्ण पदक जीतने वाले 22 वर्षीय तोमर ने फाइनल में ऑस्ट्रिया के अलेक्जेंडर शमिरल पर 16-2 से आसान जीत दर्ज की। तोमर ने रैंकिंग राउंड में 400 6.4 अंक बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया था जबकि शमिरल 407.9



अंकों के साथ पहले स्थान पर रहे थे।

इससे पहले भारतीय निशानेबाज ने क्वालीफाइंग दौर में 588 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया था। इस स्पर्धा में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय अखिल शेरोन ने क्वालिफिकेशन में 587 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया था।

तोमर ने अपनी स्पर्धा के बाद कहा, मैं इस निशानेबाजी रेंज पर इससे पहले दो बार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था इसलिए इस बार मैं पदक जीतने के लिए प्रतिबद्ध था। तोमर ने क्वालीफिकेशन दौर में नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग पोजीशन में प्रत्एक में 20-20 शॉट लगाकर 588 अंकों के साथ अपने साथी शेरोन के साथ रैंकिंग राउंड में जगह बनाई थी।

भारत के इन दोनों खिलाड़ियों ने रैंकिंग राउंड में धीमी शुरुआत की। एक समय तोमर छठे और शेरोन आठवें स्थान पर चल रहे थे। इसके बाद हालांकि उन्होंने अपने खेल में सुधार किया। प्रोन पोजीशन के 10 शॉट के बाद शेरोन दूसरे जबकि तोमर पांचवें स्थान पर थे। लेकिन इसके बाद बदलाव हुआ और शेरोन पहले पांचवें और फिर बाद में सातवें स्थान पर खिसक कर पदक की दौड़ से बाहर हो गए। तोमर ने हालांकि दूसरा स्थान हासिल किया। तोमर और शमिरल के बीच स्वर्ण पदक के मुकाबले में शुरू में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। एक समय स्कोर 4-4 और फिर 6-6 से बराबरी पर था। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद बेहतरीन खेल दिखाया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

इससे पहले महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भारत की रिदम सांगवान ने क्वालीफिकेशन दौर में 589 अंक बनाकर रैंकिंग राउंड में जगह बनाई थी। रैंकिंग राउंड में हालांकि वह चौथे स्थान पर रही। हंगरी की वेरोनिका मेजर ने इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। इस स्पर्धा में भाग ले रही भारत के अन्य खिलाड़ियों में मनु भाकर और ईशा सिंह 571 और 570 के स्कोर के साथ क्रमश: 32वें और 34वें स्थान पर रहीं।



भारत के रामकुमार रामनाथन ने इटली के अपने जोड़ीदार फ्रांसेस्को मेस्त्रेली के साथ मिलकर बुधवार को यहां बेंगलुरू ओपन टेनिस टूर्नामेंट के युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रामकुमार और मेस्त्रेली ने उत्तरी मारियाना द्वीप समूह के कॉलिन सिंक्लेयर और सर्बिया के मिलजन जेक्चि को 6-2, 7-6 (4) से हराया।

# भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने उलटफेर किया, विश्व चैम्पियन कार्लसन को हराया

**भाषा।** चेन्नई

**भारतीय** ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने प्रो शतरंज लीग के मैच में नार्वे के मौजूदा विश्व चैम्पियन मैग्नस कार्लसन को हराकर उलटफेर किया। इस तरह वह कार्लसन पर जीत दर्ज करने वाले चौथे भारतीय बन गए।

यह कार्लसन पर उनकी पहली जीत है। इंडियन योगीज के लिए खेलते हुए गुजराती ने दुनिया के नंबर एक कार्लसन द्वारा की गई गलतियों का पूरा फायदा उठाया। कार्लसन कनाडा चेसब्रास की ओर से प्रो शतरंज लीग में खेल रहे हैं। दुनिया भर की टीमों के लिए इस ऑनलाइन टूर्नामेंट में 16 टीमें रैपिड गेम खेल रही हैं। गुजराती (28 वर्ष) ने काले मोहरों से खेलते हुए जीत हासिल की और अपने प्रतिद्वंद्वी पर तकनीकी रणनीति से जीत हासिल की। गुजराती ने पांच बार के मौजूदा विश्व चैम्पियन कार्लसन पर जीत के बाद कहा, शतरंज के गोट (ग्रेटेस्ट ऑफ आल टाइम-जीओएटी, सर्वकालिक महान खिलाड़ी) को



हराना शानदार अहसास है और मैं इससे बेहतर पल की उम्मीद नहीं कर सकता था। इस तरह कार्लसन को हराने के बाद वह साथी भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रागनानंदा, डी गुकेश और अर्जुन एरिगेसी की जमात में शामिल हो गए। उनसे पहले इन तीनों भारतीयों ने 2022 में विभिन्न प्रतियोगिताओं में नार्वे के सुपरस्टार पर जीत हासिल की थी। प्रो शतरंज लीग के मैच में गुजराती की अगुआई वाली भारतीय टीम में वैशाली, रौनक और अरोनयाक शामिल हैं जिन्होंने फाइनल दौर से पहले कार्लसन, आर्यन तारी, रजवान प्रेयोटू और जेनिफिर यू पर जीत दर्ज की। प्रारूप के अनुसार जो टीम सबसे पहले 8.5 अंक हासिल करती है, वो मैच जीत जाती है। इंडियन योगीज ने चारों बोर्ड में जीत हासिल की।

# अश्विन दूसरे स्थान पर पहुंचे, जडेजा शीर्ष 10 में

**भाषा।** दुबई

**भारत** के रविचंद्रन अश्विन बुधवार को जारी ताजा आईसीसी पुरूष टेस्ट खिलाड़ी रैंकिंग में एक पायदान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गए जबकि रविंद्र जडेजा सात पायदान के लाभ से शीर्ष 10 गेंदबाजों में शामिल हुए।

जडेजा नई दिल्ली में आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 10 विकेट चटकाने के बाद नौवां स्थान हासिल करने में सफल रहे। वह सितंबर 2019 के बाद पहली बार शीर्ष 10 में पहुंचे हैं। चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह शीर्ष 10 में शामिल एक अन्य भारतीय गेंदबाज हैं, वह पांचवें स्थान पर काबिज हैं।

इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन सूची में शीर्ष पर हैं लेकिन आस्ट्रेलियाई कपतान पैट कमिंस दो पायदान के नुकसान से तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। अक्षर पटेल अपनी शानदार बल्लेबाजी की बदौलत आल राउंडर सूची में शीर्ष पांच में शामिल हो गए जिसके शीर्ष पर जडेजा और अश्विन मौजूद हैं।






आस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर बरकरार हैं जिनके बाद स्टीव स्मिथ दूसरे और पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम तीसरे स्थान पर हैं।

भारत के ऋषभ पंत कार दुर्घटना के बाद अनिश्चित समय तक क्रिकेट से बाहर हैं लेकिन वह छठे स्थान पर कायम हैं जबकि कप्तान रोहित शर्मा ने भी अपना सातवां स्थान बरकरार रखा है। इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप (23वें), हैरी ब्रुक (31वें) और बेन डकेट (38वें) तथा न्यूजीलैंड के टॉम ब्लंडेल (11वें) और डेवोन कॉनवे (17वें) ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल कर ली है।

# महिला विश्व चैम्पियनशिप में दिखेंगी सात ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज

**भाषा।** नई दिल्ली

**रियो** ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता एस्टेली मूसेली और तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता नेस्थी पेटेसियो 15 से 26 मार्च तक यहां चलने वाली महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में भाग लेने वाली कई शीर्ष मुक्केबाजों में शामिल होंगी।



इंदिरा गांधी खेल परिसर में होने वाली इस प्रतियोगिता में अभी तक 74 देशों की 350 मुक्केबाजों ने पंजीकरण कराया है जिसमें सात ओलंपिक पदक विजेता शामिल हैं। इन सात ओलंपिक पदक विजेताओं में से तीन तोक्यो ओलंपिक की हैं।

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, भारत और बीएफआई के लिए प्रतिष्ठित आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप की मेजबानी करना सम्मान की बात है। हम तीसरी बार इसकी मेजबानी कर रहे हैं लेकिन इस बार यह टूर्नामेंट बड़ी ऊंचाईयां छुएगा। सिंह ने कहा कि मुक्केबाजों की संख्या को देखते हुए यह पिछले चरण से बड़ा टूर्नामेंट साबित होगा। उन्होंने कहा, पिछली विश्व चैम्पियनशिप में 310 मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया था। इस चरण में हमारे पास अभी ही 350 से ज्यादा मुक्केबाजों के पंजीकरण हो चुके हैं। एक हफ्ते का समय बचा है। मुझे भरोसा है कि कुछ और देश और मुक्केबाज चैम्पियनशिप के इस चरण में हिस्सा लेंगे। पेटेसियो ने तोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीता था और वह फिलीपींस के लिए खेलों में पदक जीतने वाली पहली मुक्केबाज बनी थीं। 2019 विश्व चैम्पियन फेदरवेट (57 किग्रा) वर्ग में हिस्सा लेगी। ब्राजील की बिट्रीज लास्मिन फरेरा (60 किग्रा) और चीन की कियान ली (75 किग्रा) भी तोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीत चुकी हैं।

जापान की सुकिमी नामिकी और कोलंबिया की इंग्रिट लॉरैना वालेंसिया फ्लाईवेट (51 किग्रा) में विश्व चैम्पियनशिप जैसा प्रदर्शन बरकरार रखना चाहेंगी। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता इर्मा टेस्टा भी फेदरवेट (57 किग्रा) की मजबूत पदक दावेदार हैं।

# यूपी वारियर्स ने एलिसा हीली को कप्तान नियुक्त किया

**लखनऊ।** यूपी वारियर्स ने स्टार आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली को अगले महीने मुंबई में होने वाली शुरूआती महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिए अपना कप्तान नियुक्त किया। काप्री ग्लोबल होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड की टीम यूपी वारियर्स ने फ्रेंचाइजी आधारित लीग के लिए संतुलित टीम बनाई है। हीली महिला क्रिकेट का सबसे लोकप्रिय चेहरा हैं और काफी अनुभवी भी हैं। वह आस्ट्रेलिया के लिए 139 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में करीब 2,500 रन बना चुकी हैं जिसमें एक शतक और 14 अर्धशतक शामिल हैं। वह खेल की सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर बल्लेबाजों में भी शामिल हैं, टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में वह 110 खिलाड़ियों को आउट कर चुकी हैं। हीली ने कहा, मैं ऐतिहासिक डब्ल्यूपीएल के शुरूआती चरण में यूपी वारियर्स की कप्तानी की जिम्मेदारी दिए जाने से खुश हूं। हम सभी डब्ल्यूपीएल का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे और यूपी वारियर्स की टीम शानदार है। टूर्नामेंट में खेलने के लिए बेकरार हूं। उन्होंने कहा, हमारी टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। टीम के कोच इंग्लैंड के जॉन लुईस और सहायक कोच अंजू जैन हैं जबकि आस्ट्रेलिया के एशले नौफ्के गेंदबाजी कोच और चार बार की विश्व चैम्पियन लिसा स्थालेकर टीम की मेंटोर हैं। लीग मुंबई में चार से 26 मार्च तक खेली जाएगी जिसमें ब्रैबोर्न स्टेडियम और डीवाई पाटिल स्टेडियम में कुल 22 मैच खेले जाएंगे। यूपी वारियर्स अपना अभियान पांच मार्च को डीवाई पाटिल स्टेडियम में गुजरात जायंट्स के खिलाफ शुरू करेगी।

टीम इस प्रकार है : एलिसा हीली (कप्तान), सोफी एक्लेस्टोन, दीप्ति शर्मा, तहलिया मैकग्रा, शबनीम इस्माइल, अंजली सरवनी, राजेश्वरी गायकवाड़, पार्श्वी चोपड़ा, श्वेता सहरावत, एस यशश्री, किरन नवगिरे, ग्रेस हैरिस, देविका वैद्य, लॉरेन बेल, लक्ष्मी यादव और सिमरन शेख।

## वर्तमान और पूर्व खिलाड़ियों को चिकित्सा बीमा मुहैया कराएगा आईओए

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) देश का नाम रोशन करने वाले मौजूदा और पूर्व खिलाड़ियों को चिकित्सा बीमा मुहैया कराएगा।

आईओए ने मंगलवार को ओलंपिक भवन में हुई अपनी कार्यकारी समिति की बैठक के दौरान संभावित पदक विजेता खिलाड़ियों को भी चिकित्सा बीमा कवर प्रदान करने का भी फैसला किया।आईओए ने बुधवार को जारी बयान में कहा, आईओए कार्यकारी समिति ने फैसला किया है कि आईओए देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को मुफ्त में चिकित्सा बीमा मुहैया कराएगा। बयान में कहा गया है, यह भी फैसला किया गया कि केवल पूर्व खिलाड़ियों को ही नहीं बल्कि वर्तमान में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी और संभावित पदक विजेता खिलाड़ियों को भी यह लाभ दिया जाएगा।

# कबाड़ी का काम करने वाले की बेटी ने बनाई भारतीय तीरंदाजी टीम में जगह

**भाषा।** कोलकाता

**कोविड-19** का कहर जब अपने चरम पर था तब कबाड़ का काम करने वाले राजकुमार जायसवाल का परिवार दिन में केवल एक समय का भोजन कर पा रहा था। उनकी दुकान बंद थी और जल्द ही उनका घर भी पानी में डूब गया क्योंकि चक्रवाती तूफान अम्फान ने बंगाल में तबाही मचा दी थी।

कोरोनावायरस और तूफान की यह दोहरी मार हालांकि उनकी बेटी अदिति के दृढ़ संकल्प को नहीं डिगा पाई जिन्होंने हाल में विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के लिए भारतीय तीरंदाजी टीम में जगह बनाई। इस बीच उन्हें राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता राहुल बनर्जी का साथ भी मिला जो कि अब पूर्णकालिक कोच हैं।

बागुईआटी में कबाड़ी का काम करने वाले की बेटी अदिति मेधावी छात्रा रही है और उन्होंने आईएससी परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक हासिल किए जिससे उन्हें सेंट जेवियर कॉलेज में अर्थशास्त्र ऑनर्स में प्रवेश मिल गया।

राजकुमार और उनकी पत्नी उमा चाहते थे कि अदिति भी अपने बड़े भाई आदर्श की तरह पढ़ाई पर ध्यान दें। उनके बड़े भाई वेल्लोर में इंजीनियरिंग कर रहे हैं।

तब बनर्जी ने उन्हें समझाया कि अदिति इससे भी बड़ी उपलब्धि हासिल करने के लिए पैदा हुई है।

सोनीपत में तीरंदाजी ट्रायल्स में भाग लेने के बाद वापस लौटी अदिति ने पीटीआई भाषा से कहा, एक समय था जबकि लॉकडाउन के दौरान मेरे पिताजी की दुकान लगभग दो साल तक बंद रही और हम किसी तरह से एक वक्त का भोजन ही जुटा पा रहे थे।

उन्होंने कहा, अम्फान के कारण हमारे घर में बाढ़ आ गई और हमें कई दिनों तक बिना बिजली के रहना पड़ा। किसी तरह से हम संघर्ष के इन दिनों से बाहर निकले और अब लगता है कि अच्छे दिन वापस आ गए हैं।



अदिति ने कहा, मेरे माता-पिता को अब विश्वास हो गया है कि तीरंदाजी में भी भविष्य है। उम्मीद है कि मैं अपने खेल में सुधार जारी रखूंगी। प्रत्एक खिलाड़ी का सपना होता है कि वह ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करे और पदक जीते लेकिन इसके लिए अभी मुझे लंबा रास्ता तय करना है।

यह पहला अवसर है जबकि इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने भारत की पहली पसंद की टीम में जगह बनाई। इससे पहले पिछले साल जम्मू में सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण और रजत पदक जीतने के कारण उन्हें कोलंबिया के मेडलिन में विश्वकप के चौथे चरण के लिए दूसरी पसंद की भारतीय टीम में चुना गया था।

मेडलिन में वह पहले दौर में ही बाहर हो गई। वहां व्यक्तिगत वर्ग में दीप्ति कुमारी से हार गई थी जबकि टीम स्पर्धा में उन्हें दूसरे दौर में कोरिया से हार का सामना करना पड़ा था।

अदिति को 2018-19 से कोचिंग देने वाले बनर्जी ने कहा, उसके माता-पिता का उस पर काफी दबाव था कि कब वह पदक जीतेगी ताकि उसे नौकरी आसानी से मिल जाए। मैं उनसे कहता रहा सब्र कीजिए आप रातों-रात विश्व चैंपियन नहीं बन सकते हैं।

अदिति की सबसे बड़ी परीक्षा दो चरण के ट्रायल्स थे जिनमें वह शीर्ष चार खिलाड़ियों में जगह बना कर भारतीय टीम में अपना स्थान पक्का करने में सफल रही।